punjabkesari.com
fb.me/pkdonline

# पंजाब केसरी

YOUTH INDIA YOUTH PAPER

शनिवार, 14 नवम्बर, 2015 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 29 कार्तिक 2072 **** -LD

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 33 / अंक : 316
मूल्य ` 4.50
16 नेपाली रुपए/ हवाई जहाज से ` 10.00
पृष्ठ संख्या 12+4=16
Ph. : 011-30712200, 45212200

दिल्ली, जालन्धर, अम्बाला, जयपुर और अजमेर से एक साथ प्रकाशित


# लंदन में मोदी का जलवा

**बराबरी की आवाज**

- **वेम्बले स्टेडियम में सैलाब के बीच पीएम ने कहा हमें दुनिया की मेहरबानी नहीं बराबरी चाहिए**

**भाषा, वार्ता**/लंदन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंदन के वेम्बले स्टेडियम में एक महानायक की तरह छा गए। हर तरफ तिरंगी शान और राष्ट्रगान के समापन होने के बाद नरेंद्र मोदी ने ज्यों ही भैयादूज की बधाई और बिग थैंक्यू वेम्बले कहा तो माहौल गर्मा उठा। हर तरफ मोदी-मोदी के नारे गूंजते रहे। श्री मोदी ने कहा कि वह एक ऐतिहासिक मौके पर आज भले ही लंदन में हैं परंतु उन्हें लग रहा है कि वह भारत में ही हैं।

पीएम ने कहा कि भारत को दुनिया की मेहरबानी नहीं बराबरी चाहिए क्योंकि पूरी दुनिया को भारत ने अपनी ताकत से एहसास करा दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के अनेक देश हमारे से मिलकर आगे बढ़ना चाहते हैं और ये भविष्य के शुभ संकेत हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने जो रफ्तार और दिशा पकड़ी है दुनिया के लोग भी बहुत जल्दी इस फल को देखेंगे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने गले लगाकर उनका स्वागत किया और 60 हजार भारतीयों के सैलाब के बीच उनकी मुक्त कंठ से सराहना की।



**पूरे लंदन में इंडिया की ही धूम : लंदन स्थित वेम्बले स्टेडियम में 60 हजार भारतीयों के सैलाब को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।** (छाया : प्रे.ट्र.)

श्री मोदी ने कहा कि 12 साल के बाद वह एक पीएम के रूप में यहां आए हैं जबकि इससे पहले वह सीएम के रूप में आए थे। ब्रिटेन के साथ मिलकर सचमुच रिश्तों की मजबूती की बात पता चलती है। उन्होंने कहा कि भारतीयों में सपने पूरा करने की क्षमता है। वह यह बात अपने अनुभव के दम पर कह रहे हैं। उन्होंने लोगों से पूछा क्या दीवाली ठीक से मनाई तो लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। मोदी ने कहा कि जिस देश की संसद में महात्मा गांधी की प्रतिमा हो उस पर नाज किया जा सकता है। उन्होंने ब्रिटेन-संबंधों की मजबूती पर बल दिया और यही कहा कि दुनिया में बदलाव की हवा बह रही है और यह बदलाव ही भारत की सफलता की निशानी है। उन्होंने कहा कि भारतीयों ने गरीबी को कुछ ज्यादा ही पालकर ही रखा है और उसे पुचकारते भी ज्यादा हैं लेकिन विदेशों में रहने वाले भारतीयों ने अपनी परम्पराओं से पूरी दुनिया को अवगत कराया है।

उन्होंने कहा कि भारत सामर्थ्यवान है। भारत जवानी से लबालब भरा देश है। वह देश अब पीछे नहीं रह सकता। अब भारत विकास की यात्रा में रुक नहीं सकता। दो दिन से यूके दौर पर रहे पीएम मोदी ने कहा कि पीएम कैमरून ने जिस गर्मजोशी से स्वागत किया, उसका आभार व्यक्त करता हूं। यह सम्मान भारत के लोगों का है, भारत की लोकतांत्रिक परम्पराओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि पीएम कैमरून भारतीयों की काफी तारीफ करते ▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक दिन ब्रिटेन का पीएम हो सकता है भारतीय : कैमरून

**भाषा, वार्ता**/लंदन



ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने यहां वेम्बले स्टेडियम में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 60 हजार भारतीयों के बीच बड़ी आत्मीयता के साथ इंट्रोड्यूज किया और कहा कि भारत और ब्रिटेन संबंधों की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन को सही मायनों में भारतीय चला रहे हैं। मेरे अपने कैबिनेट में कई भारतीय हैं। अपने औपचारिक संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय लोगों से ब्रिटेन ने बहुत कुछ सीखा है। जिस तरह से भारतीय ब्रिटेन में छा रहे हैं एक दिन ऐसा भी आ सकता है जब ब्रिटेन का प्रधानमंत्री कोई भारतीय हो सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में नमस्ते कहा और यह भी कहा अच्छे दिन आएंगे। कैमरून ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के रिश्ते सचमुच याद करने योग्य हैं। इससे पूर्व कैमरून ने मंच पर मोदी के साथ गले मिलकर उनका स्वागत किया और सूर्य नारायण स्वामी स्कूल के बच्चों से भावविभोर होकर बातचीत भी की।

श्री कैमरून ने कहा कि यहां भारतीय मूल के लोग बहुत ज्यादा हैं। पंजाब और गुजरात से आए लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। और हमारी संसद तक भारतीयों की धूम है। हमारे भारत के साथ मजबूत सम्बन्ध रहे हैं और आगे भी मजबूत रहेंगे। कैमरून ने कहा कि भारतीय समुदाय की अनेक बातें हमने सीखी हैं। उन्होंने कहा कि एक चाय वाला लोकतंत्र को नहीं चला सकता, नरेन्द्र मोदी ने सबको गलत साबित कर दिया।


# हिन्द के जवाहर

125 वर्ष



## नेहरु स्मरणोत्सव

*यदि कुछ लोग मुझे याद करते हैं, मुझे याद करने के बारे में सोचते हैं, तो मैं चाहूँगा कि वे मेरे बारे मे कहें की इस व्यक्ति ने अपने दिल और मन से भारत के लोगों को चाहा, और उन्होंने भी उसे अपना भरपूर प्यार और स्नेह दिया।*


*पंडित जवाहरलाल नेहरु*


भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

www.celebratingnehru.org

GRC/AICC/11/2015

# सिन्हा ने की अडवानी-जोशी से मुलाकात



**नई दिल्ली,** (भाषा): बिहार चुनाव में हार को लेकर भाजपा के भीतर चल रही खींचतान के बीच उन दिग्गज नेताओं ने आज आपस में चर्चा की, जिन्होंने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ विरोध का बिगुल फूंका है। यशवंत सिन्हा ने लालकृष्ण अडवानी और मुरली मनोहर जोशी से अलग अलग मुलाकात की, जबकि शांता कुमार ने उन तक पहुंचने के पार्टी के प्रयासों का स्वागत करते हुए कहा कि 'बातचीत जारी रहनी चाहिए।' पूर्व केंद्रीय मंत्री सिन्हा ने दोनों दिग्गज नेताओं के साथ अपनी मुलाकात का ब्यौरा देने से इंकार किया। उन्होंने कहा, ''मेरे पास इसके सिवाय कहने के लिए कुछ नहीं है कि मैंने जोशीजी और अडवानी से मुलाकात की है।'' कुमार ने कहा कि वह दिग्गज नेताओं तक पहुंचने के पार्टी के प्रयासों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, ''पार्टी की प्रतिक्रिया अच्छी, सकारात्मक है। अरुण जेतली ने अडवानी और जोशी जी से मुलाकात की है। बातचीत शुरू हुई है और इसे जारी रहना चाहिए। मैं संतुष्ट हूं।'' पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एम वेंकैया नायडू और नितिन गडकरी ने आज कहा कि पार्टी इन दिग्गज नेताओं की सुनेगी। पता चला है कि गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इन दिग्गजों के साथ बातचीत की जरूरत पर जोर दिया है। अडवानी, जोशी, कुमार और सिन्हा ने बिहार चुनाव में हार को लेकर नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी पर निशाना साधते हुए एक सख्त बयान जारी किया था। उधर, बिहार में चुनावी पराजय के बाद भाजपा में असंतोष आज भी नहीं थमा। पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने पार्टी की रणनीति में खामी होने की बात कही जबकि असंतुष्ट सांसद आर के सिंह ने पार्टी के दिग्गज नेताओं की जवाबदेही तय करने की मांग का समर्थन किया।

## ईडी ने ललित मोदी के प्रत्यर्पण की मांग की

**नई दिल्ली,** (भाषा): पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी के खिलाफ इंटरपोल की ओर से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने में हो रही देरी के बीच प्रवर्तन निदेशालय ने सरकार से कहा है कि उनके और दूसरों के खिलाफ दर्ज धनशोधन के मामले में ब्रिटेन के साथ प्रत्यर्पण की प्रक्रिया आरंभ की जाए। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने इस संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास आधिकारिक आग्रह किया है तथा इसके साथ मुंबई की एक अदालत द्वारा ललित मोदी के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट की प्रति भी भेजी है।



उन्होंने कहा, ''ईडी ने अदालती वारंट के आधार पर ललित मोदी के खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है। एजेंसी की ओर से इस बात का संकेत दिया गया है कि वे जिस व्यक्ति की तलाश में हैं वो ब्रिटेन में है।'' ललित मोदी कुछ भी गलत करने से इंकार करते रहे हैं।

**विधायकों की बैठक**




पटना के मौर्या होटल में विधायक दल की बैठक करते राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं दूसरी तरफ बैठे नवनिर्वाचित विधायक तेज प्रताप यादव, तेजस्वी एवं अन्य। (छाया : राकेश)

# राजद विधायक दल का नेता चुनने के लिए लालू अधिकृत

**पटना,** (वार्ता): राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नवनिर्वाचित विधायकों की हुई बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को विधायक दल का नेता चुनने के लिए अधिकृत कर दिया गया।

16वीं बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित राजद विधायकों की यहां हुई पहली बैठक में प्रस्ताव पारित कर श्री यादव को विधायक दल का नेता चुनने के लिए अधिकृत कर दिया गया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी उपस्थित थीं। बैठक के बाद श्री यादव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नवनिर्वाचित विधायकों ने पार्टी विधायक दल का नेता चुनने के लिए उन्हें अधिकृत कर दिया है। उन्होंने बताया कि कल अपराह्न एक बजे श्रीमती राबड़ी देवी के आवास पर राजद विधानमंडल दल की फिर बैठक होगी और इसके बाद वहीं से सभी विधायक मार्च करते हुए महागठबंधन की विधायक दल की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जायेंगे।

**फैसला**

**आज फिर होगी राजद विधानमंडल दल की बैठक**

लालू प्रसाद यादव ने बताया कि बैठक में एक अन्य प्रस्ताव पारित कर श्री नीतीश कुमार को महागठबंधन का नेता चुनने के लिए अनुशंसा की गई है। गौरतलब है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में राजद के कुल 80 विधायक चुनकर आये हैं। राजद इस बार विधानसभा में सबसे बड़ा दल है।


**दिल्ली जल बोर्ड**

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**कार्यालय कार्यपालक अभियंता (एसडीडब्ल्यू)-VIII,**
**सैक्टर, 16-डी पप्पनकलां, नई दिल्ली-110075**
**प्रैस एनआईटी सं. 11/ईई(एसडीडब्ल्यू) VIII(2015-16)**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | ई-प्रोक्योरमैंट सोल्यूशन में निविदा खुलने की तिथि | ई-प्रोक्योरमैंट सोल्यूशन के तहत निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 60 एमजीडी स्थापित क्षमता एसपीएस सं.-3 सैक्टर-24 द्वारका में ओ तथा एम स्टाफ का परिनियोजन | रु. 12,87,324/- | 26,000/- | 500/- | 2015_ दि.ज.बो._ 93070_1. दिनांक 11.11.2015 | 19.11.2015 को 3.00 बजे सायं |
| 2 | 100 एमजीडी स्थापित क्षमता एसपीएस सं.-4 सैक्टर-16 द्वारका में ओ तथा एम स्टाफ का परिनियोजन | रु. 12,87,324/- | 26,000/- | 500/- | 2015_ दि.ज.बो._ 93070_2. दिनांक 11.11.2015 | 19.11.2015 को 3.00 बजे सायं |

इससे संबंधित अन्य विवरण (http:// govt procurement. delhi.gov.in) पर देखे जा सकते हैं।

-हस्ता./-
कार्यपालक अभियंता
(एसडीडब्ल्यू)-VIII

पीआरओ (जल) द्वारा जारी
विज्ञापन सं. जेएसवी 2015-16/462



**टीपीसी/डीपी/एलपी केसो के लिए निविदा सूचना**
**केन्द्रीय आयुध डिपो : दिल्ली छावनी-10**

एमटी पुर्जों के ई-प्रोक्योरमैंट के लिए निविदाएं आमंत्रित हैं। बोली जमा करने की सभी मदों एवं प्रक्रिया का विवरण (आन लाईन एवं निविदा बक्से में कुछ दस्तावेज) **www.eprocure.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदा फार्मों की डाउन लोडिंग तथा मदों की सूची देखने के लिए एनआईसी वेबसाईट **www.eprocure.gov.in** पर लाग आन करने का आग्रह है। निविदा डब्ल्यूईएफ **09 नवम्बर से 21 नवम्बर 2015** तक अपलोड किया जाएगा। सूचीबद्ध मदों के लिए निविदाएं **12:30 बजे** डब्ल्यूईएफ **26 नवम्बर, 2015** से **12 दिसम्बर, 2015** क्रमशः को आयोजित की जाएगी।
खुली निविदा में भाग लेने वाली फर्मों से आग्रह है कि कुल राशि बेसिक राशि+वैट (जैसा लागू हो) + ईडी एवं सीएसटी यदि लागू हो, का उद्धहरण करें।

-हस्ता./-
लेफ्टिनेंट कर्नल
ओएफएफजी कर्नल, (प्रोवन एवं प्रोक)
कमांडेंट के लिए

davp 10202/11/0183/1516



**रेल विद्युतीकरण, अम्बाला छावनी**

**निविदा सूचना सं.:** आरई/यूएमबी/ईएल/विज्ञा./120 **दिनांकः** 31.10.2015

**निविदा सूचना**

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, रेल विद्युतीकरण, अम्बाला छावनी नीचे दिऐ गए कार्य के लिए निर्धारित प्रारूप पर मुहरबन्द लिफाफे में खुली निविदा आमंत्रित करते है जिसे नीचे दिए गये खुलने की तिथि को 15.00 बजे तक प्राप्त तथा उसी दिन 15.30 बजे खोला जाएगा तथा यदि निविदा खुलने वाले दिन को अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.11.2015 से किसी भी कार्य दिवस में समय 10.00 बजे से 17.00 बजे तक तथा निविदा खुलने के दिन 11.30 बजे तक उप मुख्य विद्युत अभियंता, रेल विद्युतीकरण, अम्बाला छावनी एवं मण्डल विद्युत अभियंता, रेल विद्युतीकरण, जीन्द के कार्यालय में नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगाने पर ₹ 500/- अतिरिक्त देय होगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या एवं कार्य का विवरण | अनुमानित लागत ₹ | बयाना राशि ₹ | निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा खुलने की तिथि व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **निविदा संख्याः** आरई/जिन्द/ईएल/जीआर.160/एन्टीथेफ्ट/1000 | 1849920/- | 36999/- | 2000/- | 24 माह | 14.12.2015 को डीईई/रे.वि./ जीन्द के कार्यालय में |
| | उत्तर रेलवे के रोहतक - बठिन्डा - लहरामुहब्बत खण्ड पर 2.2 केवी एन्टी-थेफ्ट चार्जिंग हेतु 6/5 के0वी0ए0 डीजल जेनरेटर सेट रखरखाव ईंधन एवं संचालन सहित 24 माह हेतु किराये पर लेना, रोहतक - बठिन्डा - लहरामुहब्बत खण्ड में विभिन्न लोकेशन पर 5 के0वी0ए0 220/2200 वी0 ट्रान्सफारमर का (सस्थांपन सहित) रख रखाव। | | | | | |

निविदा प्रपत्र दिनांक 09.11.2015 से हमारी वेबसाइट **www.core.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है। यदि निविदा दस्तावेज डाउनलोड किये जाते है तो निविदा प्रपत्र जमा करते समय डिमाण्ड ड्राफ्ट/धनराशि रसीद के साथ ही देना होगा अन्यथा निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।
डिवीजनल कैशियर/रे.वि./अम्बाला छावनी के नाम जमा किये गये नकद या डिमाण्ड ड्राफ्ट या नकद के रूप में वरिष्ठ ए.एफ.ए./रे.वि./अम्बाला छावनी के पक्ष में बयाना राशि के साथ प्राप्त निविदा को उपरोक्त निर्दिष्ट निविदा के खुलने की तिथि एवं स्थान पर 15.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी। यदि इस तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी।
बयाना राशि के तौर पर बैंक गारंटी तथा एफडीआर के तौर पर बयाना राशि स्वीकार नहीं की जायेगी। अन्य यूनिटों की स्टैंडिग बयाना राशि स्वीकार नहीं होगी। बिना बयाना राशि के निविदा को तत्काल अस्वीकार कर दिया जायेगा।
**नोटः निविदाकार को निविदा के साथ न्यूनतम पात्रता मानदंकों/प्रमाणपत्रों के समर्थन में सभी दस्तावेज जमा करना होगा। निविदा खुलने के बाद न्यूनतम पात्रता मानदंडों/प्रमाणपत्रों के समर्थन में किसी दस्तावेज को स्वीकार या विचार नहीं किया जायेगा।**

कृते मुख्य परियोजना प्रबंधक, रेल विद्युतीकरण, अम्बाला छावनी
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से

''ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ''


## स्वर्ण मंदिर में रौनक लौटी

**अमृतसर,** (वार्ता): पंजाब में सरबत खालसा के दिन से दीपावली तक तनावपूर्ण स्थिति के बाद अब स्वर्ण मंदिर में रौनक लौट आयी है और संत समाज के संतों सहित बड़ी संख्या में हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेका तथा राज्य के अमन-चैन और खुशहाली की कामना की। उधर, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की आज यहां आपात बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जत्थेदार अवतार सिंह मक्कड़ के स्थान पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विर्क ने की। बैठक में पिछले तीन दिन के दौरान राज्य की स्थिति को तनावपूर्ण बनाने की निंदा की गयी। उन्होंने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की घटनायें निंदनीय हैं लेकिन ऐसे हालात में स्थिति को गंभीर बनाने के बजाय हालात को सामान्य बनाने के प्रति सभी को सहयोग देना चाहिये था। समूचे सिख भाईचारे को पंजाब की खुशहाली के लिये ऐसी घटनाओं को तूल देने के बजाय लोगों को समाने के लिये आगे आना चाहिए।

# सैनिकों ने एक साथ मनाई दीपावली



जैसलमेर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की ओर से दीपावली के अवसर पर पाकिस्तान रेंजर्स को मिठाई भेंट की गई।

बीकानेर, (राजीव जोशी/ जेठमल छाजेड़): भारत एवं रूस, अपने रिश्तों में इस महीने एक कदम आगे बढ़ाते हुए 14 दिवसीय संयुक्त युद्धाभ्यास इन्द्रा-2015 कर रहे हैं। जिसमें दोनों देशों के 250-250 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। दोनों देशों के सैनिकों ने एक साथ दीपावली बनाई। यह युद्धाभ्यास 20 नवम्बर तक को होगा। संयुक्त युद्धाभ्यासों की यह श्रृंखला 2003 में शुरू हुई थी, जो दोनों देशों के वार्षिक द्विपक्षीय कार्यों में विशिष्ट स्थान रखती है। कई दशकों से रूस भारत का मुख्य प्रतिरक्षा सहयोगी रहा है। इससे पहले भी दोनों देशों की सेनाओं के तीनों अंगों के बीच अनेक संयुक्त युद्धाभ्यास हो चुके हैं। दोनों देशों के सैनिकों ने प्रकाश का पर्व दीपावली भी एक साथ मनाई। इन्टर ऑपरेबिलिटी के विकास के दृष्टिकोण से दोनों देशों के सैनिकों को पिछले सप्ताह एक साथ अभ्यास में शामिल किया गया। भाषा, विषिष्ट प्रशिक्षण वातावरण की बाधाओं को दरकिनार करते हुए दोनों देशों की सेनाओं ने जिस व्यावसायिक समझ का परिचय दिया है, वह प्रशंसनीय है।


**भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2015**

**यातायात प्रबंध**

**(14 से 27 नवम्बर, 2015) प्रगति मैदान, नई दिल्ली**




**व्यापार मेले में कैसे जाएं**

लोगों से अपील है कि वे प्रगति मैदान तक पहुंचने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। दिल्ली मेट्रो से आने वाले लोग **प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन** पर उतरें और पैदल आएं। आप **मण्डी हाउस मेट्रो स्टेशन** पर भी उतर सकते हैं और पैदल या इंडिया गेट से आने वाली शटल बस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। दिल्ली या एनसीआर से डीटीसी बस से आने वाले लोग मथुरा रोड और भैरों मार्ग के तय बस स्टॉपों पर उतर सकते हैं।

**पार्किंग**

निजी वाहनों के लिए पार्किंग निम्न स्थानों पर उपलब्ध है :
+ **भैरों मार्ग**
+ **दिल्ली चिड़ियाघर**
+ **सी-हैक्सागन रेडियल (पार्क और राइड सुविधा उपलब्ध)**
+ **राजपथ पर वाटर चैनलों के पीछे (पार्क और राइड सुविधा उपलब्ध)**

''पार्क और राइड सुविधा'' निम्न दो स्थानों पर उपलब्ध है :
1. सी-हैक्सागन रेडियल रोड्स पर इंडिया गेट के चारों ओर, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग रेडियल, शाहजहां रोड रेडियल, कस्तूरबा गांधी मार्ग रेडियल और तिलक मार्ग रेडियल पर।
2. राजपथ के साथ दोनों तरफ सी-हैक्सागन और मानसिंह रोड के बीच वाटर चैनलों के पीछे पार्किंग के निकट।

+ शटल सेवाओं के मार्ग मानचित्र पर दर्शाए गए हैं
+ निजी वाहनों से आ रहे लोग कृपया कार पूलिंग करें

**प्री-पेड टीएसआर सुविधा**

दर्शकों के लिए प्री-पेड टीएसआर सुविधा मथुरा रोड पर गेट नं. 9 और भैरों मार्ग पर गेट नं. 2 से उपलब्ध होगी।

**सड़क पार करने के लिए पैदल यात्रियों को मथुरा रोड पर स्थित फुट ओवर ब्रिजों और भैरों मार्ग पर अंडर पास का इस्तेमाल करना चाहिए।**

**व्यापार मेले के लिए टिकट :**
व्यापार मेले के लिए टिकटें दिल्ली/एनसीआर के कुछ मेट्रो स्टेशनों या भैरों मार्ग पर स्थित गेट नं. 1 और 2 से खरीदी जा सकती हैं।

**प्रतिबंध और मार्ग परिवर्तन**

i) मथुरा रोड और भैरों मार्ग पर कहीं भी वाहन पार्क या खड़ा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शेर शाह रोड, पुराना किला रोड, भगवान दास रोड और तिलक मार्ग पर भी आगंतुकों के लिए कोई पार्किंग नहीं होगी।
ii) सड़कों पर खड़े पाए गए वाहन को उठाकर ले जाया जाएगा और अनुचित पार्किंग और कानूनी निर्देश की अवज्ञा के लिए **600 रुपए के जुर्माने के साथ (टोइंग प्रभार के अलावा)** अभियोजित किया जाएगा।
iii) सुब्रमण्य भारती मार्ग के साथ टी-पॉइंट और 'डब्ल्यू' पॉइंट के बीच सभी कटों पर मथुरा रोड पर यू टर्न निषिद्ध रहेगा। मथुरा रोड से पुराना किला रोड और भगवान दास रोड पर दाएं मोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

+ जेबकतरों और छेड़खानी करने वालों से सावधान रहें + संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तुओं के बारे में अपने नजदीकी पुलिसकर्मी को सूचित करें + पूर्ण क्षेत्र सीसीटीवी निगरानी में रहेगा + पुलिस की सहायता के लिए नंबर 100 डायल करें

DP/8677/15

**दिल्ली पुलिस**
शांति सेवा न्याय
24 घंटे ट्रैफिक हेल्पलाइन : 1095, 25844444


## 9 बंगलादेशी घुसपैठिए पकड़े

**जैसलमेर,** (विमल भाटिया): गंगानगर से लगती अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकट सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भारत से पाकिस्तान सीमा में जाने का प्रयास कर रहे 9 बांग्लादेशी घुसपैठियों में से 5 को मौके पर ही पकड़ लिया। चार घुसपैठिए भागने में सफल रहे। फरार बांग्लादेशियों को पुलिस व सीआईडी ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दबोच लिया। पकड़े गए घुसपैठियों से भारी मात्रा में पाकिस्तानी और भारतीय मुद्रा के साथ 500 डॉलर, यूरो, 4 मोबाइल और अन्य सामान बरामद किए है। इस पूरे ऑपरेशन की सबसे खास बात यह रही कि पिछले कई सालों में पहली बार एक बांग्लादेशी दलाल को भी पकड़ा है। सीमा सुरक्षा बल राजस्थान फ्रंटियर के डीआईजी रवि गांधी ने बताया कि बांग्लादेश से बिलाल नाम का एक दलाल और 8 अन्य बांग्लादेशी घुसपैठियों को प्रदेश की सीमा से पाकिस्तान में घुसाने के लिए 7 नवम्बर को दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र से देश की सीमा में घुसा। पश्चिमी बंगाल से लगती भारतीय सीमा में घुसने के बाद मालदा आ गए तथा वहां से 9 नवम्बर को दिल्ली पहुंच गए तथा 10 नवम्बर को अजमेर होते हुए जयपुर पहुंचे। वहां से टेऊन के जरिए 11 नवम्बर को गंगानगर क्षेत्र में पहुंच गए। उन्होंने बताया कि दीपावली की देर रात घुसपैठिए गंगानगर के माटिली थाना क्षेत्र से लगती अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकट आ गए तथा वहां पर सीमा की तरफ जाने का प्रयास करने लगे।

## केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट बन्द

**हरिद्वार,** (वार्ता): उत्तराखण्ड के चारों धामों में से दो धामों बाबा केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट आज बंद कर दिये गये। इससे पहले कल गंगोत्री धाम के कपाट भी वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच बन्द कर दिये गये थे। वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच बाबा केदारनाथ की डोली आज रवाना की गयी। दो साल पहले केदारनाथ में आयी भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद से वहां पर अवस्थापना का काम जारी है। उस त्रासदी के दूसरे साल यात्रा का आयोजन नहीं किया गया था। धाम में लोगों की श्रद्धा इतनी अधिक है कि यात्रा के दौरान की तमाम दुश्वारियों के बावजूद वहां पर श्रद्धालुओं का आना जारी है।

आयकर विभाग
आपको आमंत्रित करता है

पधारें
TAX PAYERS' LOUNGE
Service with Smile

35वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2015 में,
प्रगति मैदान, हाल 12,
14 - 27 नवंबर, 2015

उपलब्ध सेवाएं

- पैन के लिए आवेदन करें
- पैन के डाटा में सुधार के लिए आवेदन करें
- 26AS और ई-फाइलिंग के लिए अपना पंजीकरण करायें
- अपना टैक्स क्रेडिट स्टेटमेंट देखें (26AS)
- टैक्स रिटर्न प्रीपेयर्स, सीपीसी (टीडीएस), आयकर सेवा केन्द्र से कर संबंधी सहायता प्राप्त करें
- करदाता शिक्षा सामग्री
- कर अनुपालना के लिए कोई भी अन्य सहायता

(पहचान और पते का प्रमाण जैसे कि ड्राइविंग लाइसेंस अथवा पासपोर्ट अथवा मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड अपेक्षित है)
(26AS और ई-फाइलिंग पंजीकरण के लिए पैन कार्ड अपेक्षित है)

विशेष आकर्षण

KidsZone

डिजिटल वॉल, क्विज़ और गेम के लिए क्योस्क, चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक और कार्टून चित्रकला

davp 15401/13/0063/1516

आयकर विभाग
www.incometaxindia.gov.in



भारत के स्वाधीनता संग्राम के दिग्गज नेता, प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरू जी को उनकी



125वीं जयन्ती

के पावन अवसर पर समस्त हिमाचलवासियों का शत् शत् नमन।

"शान्ति, अनुशासन एवं सांस्कृतिक विविधता का निर्वहन हमारे राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है और यही हम भारतवासियों की पहचान भी है।"
पंडित जवाहर लाल नेहरू

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश



सत्यमेव जयते

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
14 नवम्बर, 2015 को

बाल दिवस

मना रहा है।

श्रीमती मेनका संजय गांधी
महिला एवं बाल विकास मंत्री
की उपस्थिति में
श्री प्रणब मुखर्जी
भारत के राष्ट्रपति

उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2015
राष्ट्रीय बाल कल्याण पुरस्कार, 2014
राजीव गांधी मानव सेवा पुरस्कार, 2015
प्रदान करेंगे।



श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



श्री प्रणब मुखर्जी
भारत के राष्ट्रपति



davp 46101/13/0020/1516

स्थानः दरबार हॉल, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

एक नए समाज की ओर
Towards a new dawn

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
www.wcd.nic.in

# महानगर

# ईस्ट ऑफ कैलाश में बुजुर्ग दंपति की दम घोंटकर हत्या

● लूटपाट की आशंका, घरेलू नौकरों से पुलिस कर रही है पूछताछ ● ग्राउंड फ्लोर पर रहते थे दंपति, दो फ्लोरों पर रहते हैं बेटे

**वारदात**

**पुलिस प्रॉपर्टी विवाद के भी नजरिए से मामले की जांच कर रही है**

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो): ईस्ट ऑफ कैलाश जैसे पॉश व सुरक्षित इलाके में गुरुवार रात बदमाशों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग दंपति की हत्या कर दी। बदमाशों ने दोनों का दम घोंट कर हत्या कर दी। आशंका जताई जा रही है कि लूटपाट के मकसद से हत्या की गई है। हालांकि सूत्रों की माने तो पुलिस प्रॉपर्टी विवाद के भी नजरिए से मामले की जांच कर रही है। सूचना के बाद मौके पर ज्वाइंट सीपी, डीसीपी,तीनों इलाके के एसीपी और एसएचओ समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस घरेलु नौकरों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

साउथ रेंज के ज्वाइंट सीपी आर एस कृष्णइया ने मीडिया को बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि बदमाश घर में जबरदस्ती घूसें हैं और विरोध करने पर हत्या कर दी। जांच में घर का समान बिखरा हुआ है, लूट के इरादे से हमलावर घर मे घुसे हों अभी पूरी घटना की जांच की जा रही है।

मृतक बुजुर्ग दंपति की पहचान मनोहर लाल मदान (84) व उनकी पत्नी विमला मदान (80) के रूप में हुई है। परिवार ईस्ट ऑफ कैलाश के मुख्य सड़क कैप्टन गौड़ मार्ग के किनारे स्थित मकान नंबर 186 में रहते थे। वह अपने छोटे बेटे संजय मदान के साथ रहते थे। मनोहर लाल पीएनबी के मैनेजर पद से सेवानिवृत थे, उनकी छोटा बेटा टीसीएस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और घटना के समय वह अपनी 18 साल की बेटी के साथ पहली मंजिल पर था। दीपावली के उपलक्ष्य में उनका सबसे बड़ा बेटा अश्विनी मदान, जो कि कॉर्पोरेशन बैंक में एजीएम है अपनी पत्नी वंदना के साथ मुंबई से यहां आया था।

घटना के समय अश्विनी की पत्नी रोहिणी स्थित अपने मायके गई थी वहीं अश्विनी दूसरी मंजिल पर अकेला था। उनका एक अन्य बेटा है जो कि अमेरिका में रहता है।


**रात दो बजे बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम :** पुलिस अधिकारी के मुताबिक घटना रात के करीब दो बजे की है। करीब दो से तीन की संख्या में आए लुटेरों ने पहले ड्राईंग रूम में खुलने वाले मुख्य दरवाजा जो कि स्लाइडिंग है के निचले भाग में किसी सरिया या अन्य माध्यम से दरार बना उससे घर के अंदर प्रवेश कर गए। दोनों के द्वारा विरोध करने पर लुटेरों ने दोनों के पांव बांधकर तकिया से मुंह दबा कर हत्या कर दी। उसके बाद उन्होंने पूरे घर की तलाशी ली। उसके बाद घर से जो भी मिला उसे साथ ले गए।

**बेटे के कमरे में भी घुसने की थी कोशिश :** पुलिस अधिकारियों की माने तो बुजुर्ग दंपति की हत्या के बाद वह लोग लूटपाट के लिए उनके छोटे बेटे संजय के कमरे में भी घूसने की कोशिश की।

बदमाशों ने पहले घर के अंदर से बने सीढ़ी से छत पर गए स्टोर रूम की जांच की और पहली मंजिल के घर में घुसने का प्रयास करने लगे। तभी आवाज सुनकर संजय की नींद खुल गई। शक होने पर जब वह अपने माता-पिता के कमरे में गए तो देखा कि दोनों मृत पड़े है। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।







## बंग्लादेशी गिरोह पर है पुलिस की नजर

पुलिस अधिकारियों की माने तो जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया है। उससे लगता है कि वारदात को बंग्लादेशी गिरोह के बदमाशों ने अंजाम दिया होगा। लुटेरे घर के स्लाइड होकर खुलने वाले मुख्य दरवाजे के नीचे के हिस्से में किसी माध्यम से गैप बनाकर घुसे थे। लुटेरों ने इस पूरी घटना को इस खामोशी से अंजाम दिया कि पहले व दूसरे तल्ले पर रहने वाले बुजुर्ग दंपति के बेटों को पता तक नहीं चला। पहले तल्ले पर रहने वाले छोटे बेटे को इसकी जानकारी तब लगी जब लुटेरे घटना को अंजाम देने के बाद लूट की नियत से पहले तल्ले पर जाने का प्रयास कर रहे थे। आवाज सुनकर कमरे से बाहर निकले छोटे बेटे ने उन लोगों को देखकर शोर मचाना आरंभ किया तो वे फरार हो गए। संजय और अश्विनी ने जब नीचे आकर देखा तो पाया कि बेड पर उनके माता-पिता का शव पड़ा है। उनके दोनों पांव बंधे थे और मुंह में कपड़ा ठूंस कर व चेहरे तकिया डालकर बरी बेरहमी से दम घोटा गया है। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। साथ ही अलमारी में रखा जेवरात के दो डब्बे खाली पड़े हैं। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस की दी, मौके पर पहुंची पुलिस व क्राइम की टीम घटना की जांच में जुट गई है।

## घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है पुलिस

लुटेरों की पहचान करने के लिए पुलिस आस पड़ोस के घरों में लगे सीसीसी टीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। ताकि घटना के समय आस पास में आने-जाने वाले लोगों की पहचान कर मामले का खुलासा किया जा सके।

## बुजुर्ग दंपति को नशीला पदार्थ पिला कर की 40 लाख की चोरी



**नई दिल्ली,**(ब्यूरो): ग्रेटर कैलाश जैसे इलाके में घरेलु नौकर ने अपने ही मालिक को दीवाली के मौके पर 40 लाख रुपए चोरी कर लिया। नौकर ने छोटी दीवाली की रात बुजुर्ग दंपति को नशीला भोजन खिलाकर बेहोश कर दिया। उसके बाद घर में रखे नगदी लेकर फरार हो गया है। मामले का पता तब चला जब लंदन में रहने वाली उनकी बेटी ने फोन किया। लेकिन कई बार फोन करने पर भी उन्होंने नहीं उठाया। तब उसने अपने पड़ोसी को फोन किया। पड़ोसी जब उन्हें देखने गए तो दोनों बेहोश पड़े है। तब पुलिस को सूचना दी गई। दंपति को मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दंपति की बेटी लंदन में रहती है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी नौकर की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक पीड़ित बुजुर्ग दंपति की पहचान एम एल छाबड़ा (81) और उनकी पत्नी राजकुमारी छाबड़ा (75) के रूप में हुई है। वह लोग ग्रेटर कैलाश स्थित अपने घर में अकेले रहते हैं। इनकी एक ही बेटी है जो कि लंदन में रहती है। छोटी दिवाली की रात जब उसने लंदन से अपने माता पिता को फोन किया तो कई बार रिंग होने पर भी बुजुर्ग दंपति द्वारा फोन नहीं उठाने पर उनकी बेटी को कुछ शक हुआ। इसके बाद उसने जब पड़ोसियों को कॉल कर हाल चाल लेने के लिए भेजा। घर में पहुंचे पड़ोसियों ने पाया कि दोनों बुजुर्ग अपने कमरे में बेहोश पड़े हैं। दंपति के घर फर्स्ट फ्लोर पर दो किराएदार भी रहते हैं, पर उन्हें भी इस घटना का पता नहीं चला। पुलिस ने बताया कि घटना के के तीन दिन पहले ही दंपति ने नए घरेलू सहायक को काम पर रखा था।

**कार्रवाई**

**पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी नौकर की तलाश कर रही है**

## लाहौरी गेट डकैती में ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो):पिछले साल दिसम्बर महीने में लाहौरी गेट इलाके में एक करोड़ 15 लाख रुपये की डकैती की वारदात में शामिल मिलाक राज नामक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को वेस्ट जिला स्पेशल स्टाफ ने पकड़ा है। आरोपी पर पचास हजार रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था। आरोपी को कांस्टेबल राशिद खान की एक सूचना पर एसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में सब इंस्पेक्टर संदीप डबास की टीम ने मादीपुर मैट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया।

## सांसद के पीए ने दंपति समेत चार को किया घायल

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो): दीवाली की रात नार्थ एवेन्यू इलाके में पत्नी को पीट रहे सांसद के पीए को जब पड़ोसियों ने रोकने की कोशिश की तो उसने दंपति समेत समेत चार लोगों पर चाकूओं से हमला कर घायल कर दिया। घायलों में दंपति के अलावा भाई बहन भी है। इस बाबत नार्थ एवेन्यू थाना पुलिस ने आईपीसी की धारा 324 के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं पीड़ित परिवार ने पुलिस पर आरोपी को बचाने का आरोप लगाया है। पीड़ित की पहचान राकेश उर्फ रोहित(26)के रूप में हुई है।

## खड़े ट्रक में कार ने मारी टक्कर, एक मरा

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो): खजुरी खास इलाके में गुरुवार रात एक बेकाबू कार ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने परिवार के मुखिया को मृत घोषित कर बाकि की हालत गंभीर बताई। हादसे के बाद कार करीब बीस फुट गहरे गड्ढे में कार गिर गई। पब्लिक की सहायता से पुलिस ने आरोपी कार चालक मुकीम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान प्रेमपाल(42)के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान महिला गुड्डी(38)उनका बेटा दीपक और पुष्पेन्द्र के रूप में हुई है।

## विष्णु गार्डन गुरुद्वारा साहिब में कार्यक्रम

**नई दिल्ली**, (मैट्रो): गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा विष्णु गार्डन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के वाइस चेयरमैन स. पी.एस. बावा ने विश्वकर्मा दिवस पर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी शिल्पकला कौशल में सर्वोच्च एवं सृष्टि रचियता थे। इसके अलावा स. बावा ने गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलने का सिख संगतों से आह्वान किया। कार्यक्रम गुरुद्वारा साहिब के प्रधान ने इन्हें सिरोपा देकर सम्मानित किया गया।

## पति ने पत्नी पर चाकू से किए कई वार

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो):रंजीत नगर इलाके में गुरुवार देर शाम एक पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किये । महिला को गंभीर हालत में लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल पत्नी का नाम भारती है। पुलिस ने पत्नी के बयान पर आरोपी पति गौरव जैन को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों का विवाह जनवरी 2009 में हुआ था। शादी के बाद से ही विवाद चल रहा था।

## घर और दुकान में चोरी

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो): वेस्ट पटेल नगर इलाके एक दैनिक अखबार की महिला पत्रकार के घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोर करीब दो लाख रुपये के गहने और रुपये लेकर फरार हुए। वेस्ट पटेल नगर इलाके में स्थित पहली मंजिल पर निकिता कालरा पति राकेश के साथ रहती हैं। नबी करीम इलाके के कारोबारी हरीश चौरसिया की दुकान में दो लाख 11 हजार रुपये चोरी हो गए। हरीश रेल टिकट बनाने का काम करते हैं।

## भैया दूज सौत्साह संपन्न

**नई दिल्ली, ( दिनेश शर्मा ):** यम द्वितीया को आज भैयादूज का पर्व सौत्साह मनाया गया। भाई के सौभाग्य की कामना को लेकर संपन्न भैया दूज पर बहनों ने भाइयों को तिलक किया। भाइयों ने बहनों के घर जाकर भोजन किया। मां यमुना के भक्त रमेश बजाज के अनुसार बड़ी संख्या में भाई बहनों ने यमुना नदी में स्नान किया, यम, यमदूतों व यमुना जी का पूजन भी किया गया। विद्वानों का कहना है कि इस दिन भाई-बहन अगर मिलकर यमुना जी में स्नान करें तो यमराज उन्हें कष्ट नहीं देते।

## शौच करने से मना किया तो परिवार पर जानलेवा हमला

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो): ज्योति नगर इलाके में एक परिवार पर अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला किया और फरार होने से पहले परिवार को जान से मारने की धमकी दे गए। परिवार का आरोप है कि पुलिस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही। 24 घंटे बाद भी कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। सिर्फ थाने से एक सिपाही ने आकर उनके बयान दर्ज किये हैं पीड़ित भारत भूषण कौशिक(50)परिवार के साथ अशोक नगर इलाके में रहते हैं। उनकी घर के पीछे ही मोबाइल फोन की दुकान है। दीपावली की रात को दो-तीन युवक घर के बाहर शौच कर रहे थे। भारत ने उनको मना किया तो गाली-गलौज करने लगे।

बाद में बदमाश घर में घुसे और परिवार के सभी छह सदस्यों पर जानलेवा हमला किया। पब्लिक जब तक बचाने के लिये आती। बदमाश फरार हो गए।

**परिवार का आरोप**

**पुलिस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है**




## डॉन के माथे पर 27 साल बाद लगा भैया दूज का टीका

**नई दिल्ली,** (ब्यूरो) अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के माथे पर 27 साल बाद भैय्या दूज का टीका लगा है। डॉन को यह सौभाग्य उसी देश के कानून और सीबीआई के जरिए मिला, जिनसे वह बीते ढाई दशक से भाग रहा था। डॉन की दोनों बहनों की अर्जी पर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के इस त्योहार पर सीबीआई का दिल पसीज गया। शाम पांच बजे के आस-पास सीबीआई हेडक्वार्टर पहुंची डॉन की दोनों बहनों को छोटा राजन से मिलने की अनुमति दे दी। दोनों बहनें पहले तो छोटा राजन के गले लगकर खूब रोई फिर उन्होंने उसे भैय्या दूज का टीका किया। करीब 10 मिनट की मुलाकात और हाल चाल पूछने के बाद दोनों बहनें वापस लौट गई।


ज्ञात हो कि अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की दो बहनें सुनीता चौहान और मालिनी सकपाल ने अधिवक्ता राजीव जय के माध्यम से सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दायर की थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि 27 साल बाद उनका भाई भारत लौटा है। इस दौरान वे अपने भाई से मिल तक नहीं सकी। अब जब उनका भाई भारत आ गया है तो वह 27 साल बाद हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उसे टीका करना चाहती हैं।

लेकिन सीबीआई उनके भाई से मिलने नहीं दे रही। लिहाजा सीबीआई को निर्देश दिया जाए कि वह भाई दूज के त्योहार के मौके पर उन्हें अपने भाई से मिलकर उसे टीका करने दे। ज्ञात हो कि सीबीआई कोर्ट ने उन्हें इस संबंध में अनुमति देने से इंकार कर दिया था और उन्हें निर्देश दिया था कि वे अपनी अपील सीबीआई जांच अधिकारी के समक्ष करें। साथ ही अदालत ने सीबीआई को उक्त दोनों महिलाओं की अपील पर विचार करने को भी कहा था।

**अदालत का निर्देश**

**महिलाओं की अपील पर किया जाए विचार**

**# सेल्फी विद डॉटर**



दीपक बेटी दिव्या के साथ



मीना बेटी मनीषा के साथ

**पंजाब केसरी**

बेटियां समाज का आईना होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेटियों को आगे बढ़ाने की सार्थक पहल में पंजाब केसरी भी आगे आया है। ऐसे में आप अपनी बेटी के साथ खींची हुई एक बेहतरीन सेल्फी हमें ईमेल से भेजें।

Email- mailpunjabkesari@gmail.com



आईएनए स्थित दिल्ली आर्ट में वुमेन ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करती मेनका गांधी साथ में कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह । फोटो : श्रेय गुप्ता

## दादा की गोली से पोते की मौत

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो): बिंदापुर इलाके में गुरुवार रात एक आरोपी दादा की पिस्टल से पौते की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जबकि आरोपी दादा राजकुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल पिस्टल जब्त कर ली है।

मृतक बच्चो की पहचान शिवम(5)के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ बिंदापुर मटियाला रोड स्थित संजय इन्क्लेव में रहता था।

## ट्रांसपोर्टरों ने मुख्यमंत्री-परिवहन मंत्री का स्वागत किया

**नई दिल्ली,** (मैट्रो): फैडरेशन आफ संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर द्वारा हर साल की तरह इस साल भी विश्वकर्मा दिवस संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में धूमधाम से मनाया। जहां हजारों की तादाद में उपस्थित ट्रांसपोर्टर मोटर मैकेनिक, हैल्पर, ड्राइवर, कंडक्टर, दुकानदार आदि पंजाबी गायक शिप्रा गोयल, जस्सी गिल और बब्बल राय द्वारा पेश गीतों पर जमकर नाचे और झूमे। कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, परिवहन मंत्री गोपाल राय, विधायक अजेश यादव आदि का स्वागत फैडरेशन ऑफ संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर के अध्यक्ष व आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के चेयरमैन कुलतरन सिंह अटवाल सहित सभी फैडरेशन के पदाधिकारियों ने किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। हजारों की तादाद में मौजूद जनसमूह को देखकर मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी।

## बिना ट्रीट किए यमुना में नहीं गिरेगा गंदा पानी : केजरीवाल



फोटो : सुभाष चोपड़ा

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो): दिल्ली में यमुना को स्वच्छ रखने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। आने वाले दिनों में नालों व सीवेज का गंदा बानी बिना ट्रीट किए यमुना में नहीं गिरने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गंगा आरती की तर्ज पर दिल्ली में हुई यमुना की पहली आरती में उक्त बातें कही।

यमुना लंबे समय से हमारी स्मृति से जुड़ी हुई है लेकिन दिन ब दिन यह मरती जा रही है। इसे स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए 100 फीसदी गंदे पानी को संग्रह कर उसे सुनियोजित तरीके से ट्रीट कर यमुना में छोड़ा जाएगा। इसके लिए नई कार्यात्मक सीवेज उपचार संयंत्र का प्रयोग किया जाएगा। यमुना को साफ व स्वच्छ करने के लिए आम लोगों को भी जोड़ने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा जब ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आए।

**प्रयास**

**यमुना को स्वच्छ करने को लेकर सरकार गंभीर**

## जैतपुर के जंगलों में मिली सिर कटी लाश

**नई दिल्ली,**(ब्यूरो):जैतपुर के एनटीपीसी के जंगलों में एक शख्स का सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स के ट्रामा सेंटर में सुरक्षित रखवा दिया है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। जांच में यह भी पता चला है कि उसका निजी पार्ट भी धारदार हथियार से काटा गया है। पुलिस शव की पहचान के लिए 72 घंटे तक मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह करीब दस बजे की है। जब किसी ने पुलिस को सूचना दी कि एनटीपीसी के जंगलों में सिर कटी लाश पड़ी है।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान है।




ashwinikumar001@gmail.com fb.me/editorashwinikumar

# उल्फा का अंतिम अध्याय

उल्फा के नम्बर-2 माने गए आतंकी सरगना अनूप चेतिया का बंगलादेश द्वारा भारत प्रत्यर्पण दोनों देशों के प्रगाढ़ होते संबंधों का ही परिणाम है। अनूप चेतिया की गिरफ्तारी के बाद असम के सबसे बड़े उग्रवादी संगठन उल्फा का अंतिम अध्याय लिखा गया। अनूप चेतिया उल्फा के संस्थापक सदस्य और महासचिव है। वह ढाका की जेल में 18 वर्षों से बंद था। उस पर नरसंहारों, अपहरण, निजी हत्याओं और अन्य कई तरह के आरोप हैं। सन् 1979 में असम में अवैध विदेशियों के विरुद्ध जो आंदोलन शुरू हुआ था उसमें एक तो उग्र संगठन उल्फा (यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम) का जन्म हुआ तथा एक सम्पूर्ण परिवर्तनवादी क्षेत्रीय दल असम गण परिषद के उदय की भूमिका तैयार हुई। इस ऐतिहासिक आंदोलन में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग 1979 से 1985 तक चलती रही। मुख्य मांग यह थी कि मतदाता सूचियों में से विदेशियों के नाम काटे जाएं और उन्हें भारत से निकाल बाहर किया जाए। विडम्बना यह रही कि यद्यपि असम गण परिषद ने सन् 1985 के बाद दस वर्ष तक सत्ता सम्भाली लेकिन उन्होंने जनता से किए गए उस वायदे को भुला दिया जिसके बल पर वे सत्ता में आए थे। यह भी दु:खद मजाक ही रहा कि जिन उल्फा नेताओं ने अवैध बंगलादेशियों को बाहर करने की मांग को लेकर आंदोलन चलाया था, उन्होंने ही बंगलादेश में जाकर शरण ले ली। फिर वे पाक खुफिया एजैंसी आईएसआई और अन्य आतंकी संगठनों के हाथों की कठपुतली बन गए। उल्फा नेताओं ने बंगलादेश में अपने घर बना लिए और लम्बे-चौड़े कारोबार स्थापित कर लिए तथा असम में जबरन वसूले गए धन से जायदादें खड़ी कर लीं। बेगम खालिदा जिया के शासन में उल्फा नेताओं को काफी आजादी थी। कुछ उल्फा नेताओं ने म्यांमार, भूटान के दक्षिणी इलाकों को भी अपनी सुरक्षित पनाहगार बनाया।

> अनूप चेतिया के प्रत्यर्पण से पूर्वोत्तर के उग्रवादी संगठनों को स्पष्ट संदेश मिला है कि अब वह बंगलादेश और म्यांमार जैसे देशों में प्रशिक्षण और शरण नहीं ले सकेंगे। कितना बेहतर होता कि उल्फा नेता राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल होकर समस्या के समाधान के लिए बातचीत की राह अपनाते। अब तो उल्फा संगठन खत्म ही हो चुका है। परेश बरुआ जैसे लोग भी एक न एक दिन भारत के हत्थे चढ़ेंगे ही।

अनूप चेतिया को 1997 में बंगलादेश में गिरफ्तार किया गया था। वहां की दो अदालतों ने उसे घुसपैठ, फर्जी पासपोर्ट और अवैध रूप से विदेशी मुद्रा रखने के मामलों में दोषी करार देते हुए 7 साल की सजा सुनाई थी। हालांकि सजा की अवधि पूरी होने के बावजूद उसे रिहा नहीं किया गया। वर्ष 2003-2004 में ही उसे भारत को सौंपने की बात परवान चढ़ गई थी, लेकिन उसके बाद इस पर एक तरह से गतिरोध की स्थिति पैदा हो गई और दोनों देशों में संबंध इस कदर कड़वाहट भरे हो गए थे कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने ढाका में आयोजित होने वाले दक्षेस शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया था। बेगम खालिदा जिया के कार्यकाल में बंगलादेश भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों का केन्द्र बन गया था। बंगबंधु मुजीबुर्रहमान की बेटी शेख हसीना के सत्ता में आने के बाद हालात बदले। बंगलादेश ने उल्फा की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरक्षा के मोर्चे पर भारत-बंगलादेश में वार्ता हुई। दोनों पक्ष इस पर सहमत हुए कि अशांति फैलाने वाले उग्रवादी गुटों का सफाया हो।

तब बंगलादेश में उल्फा नेताओं की धरपकड़ शुरू हुई। उसने अनेक नेताओं को गिरफ्तार कर भारत के हवाले किया जिनमें उल्फा के मुखिया अरविन्द राजखोवा, उल्फा के स्वयंभू विदेश सचिव शशधर चौधरी और वित्त सचिव चित्रबन हजारिका शामिल हैं। राजखोवा को हमेशा से ही उल्फा का उदारवादी चेहरा माना गया जबकि उल्फा कमांडर परेश बरुआ ने हमेशा उग्र रुख अपनाया। परेश बरुआ हथियारों की तस्करी में लग गया और उसने अपनी पहुंच चीन, म्यांमार तक भी बना ली। उल्फा नेताओं ने उग्रवाद को उद्योग बना डाला। हालात कुछ इस तरह के बन गए थे कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी, अधिकारी, व्यापारी और अन्य देशों के नागरिकों से कर वसूली की जाने लगी थी। राजनीतिज्ञ भी चुनाव जीतने के लिए उग्रवादी संगठनों को मोटी रकमें देने लगे थे। उग्रवादी संगठन जो मोटी रकम वसूलते उससे हथियार खरीदते और ज्यादातर रकम इनके नेताओं को चली जाती। ये नेता अपने परिवार के साथ विलासिता का जीवन बिताने लगे। अनूप चेतिया के बारे में कहा जाता है कि पाक के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने 2002 की बंगलादेश यात्रा के दौरान उसके साथ बैठक की थी। असम में उल्फा बम धमाकों, तेल पाइप लाइनों को उड़ाने और अन्य हिंसक वारदातों के अलावा हत्याओं में लिप्त रहा। धीरे-धीरे वह अंत की ओर बढ़ने लगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछले दिनों हुई बंगलादेश यात्रा के दौरान दोनों देशों ने आतंकवाद से मिलकर लड़ने का समझौता किया था, उसके बाद अनूप चेतिया का प्रत्यर्पण संभव हुआ, नहीं तो खालिदा जिया के समय में यही कहा जा रहा था कि अनूप चेतिया बंगलादेश में है ही नहीं। अनूप चेतिया के प्रत्यर्पण से पूर्वोत्तर के उग्रवादी संगठनों को स्पष्ट संदेश मिला है कि अब वह बंगलादेश और म्यांमार जैसे देशों में प्रशिक्षण और शरण नहीं ले सकेंगे। कितना बेहतर होता कि उल्फा नेता राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल होकर समस्या के समाधान के लिए बातचीत की राह अपनाते। अब तो उल्फा संगठन खत्म ही हो चुका है। परेश बरुआ जैसे लोग भी एक न एक दिन भारत के हत्थे चढ़ेंगे ही। दिल्ली-ढाका के मधुर संबंधों के चलते ही इस उग्रवादी संगठन का अंत हुआ है।

## आज की बात 6 LINES



बिल से निकले झूमकर लौटाने सौगात!
धन्यवाद श्रीमान जी दिखा रहे औकात!!
दिखा रहे औकात उजालों से डरते हैं!
तिमिर दूत अब बात सहिष्णुता की करते हैं!!
हैं बौद्धिक व्याभिचार करें ये काले दिन से!
सेक्यूलर श्रीमान झूमकर निकले बिल से!!

-गजेन्द्र सोलंकी

## संस्कार




साहब के बेटे और कुत्ते में विवाद हो गया। साहब का बेटा कहे जा रहा था-''यहां बंगले में रहकर तुझे चोंचले सूझते हैं और कहीं होते तो एक-एक टुकड़ा पाने के लिए घर-घर झांकना पड़ता। यहां बैठे-बिठाए बढ़िया माल खा रहे हो। ज्यादा ही हुआ तो दिन में एकाध बार आने-जाने वालों पर गुर्रा लेते हो।''

कुत्ता हंसा-''तुम बेकार में क्रोध करते हो। अगर तुम भिखारी के घर पैदा हुए होते तो मुझसे और भी ईर्ष्या करते। जूठे पत्तल चाटने का मौका तक न मिल पाता। तुम यहीं रहो, खुश रहो, यही मेरी इच्छा है।''

''मैं तुम्हारी इच्छा से यहां रह रहा हूं? हरामी कहीं के।'' साहब का बेटा भभक उठा।

कुत्ता फिर हंसा-''अपने-अपने संस्कार की बात है। मेरी देखभाल साहब और मेमसाहब दोनों करते हैं। मुझे कार में घुमाने ले जाते हैं। तुम्हारी देखभाल घर के नौकर-चाकर करते हैं। उन्हीं के साथ तुम बोलते-बतियाते हो। उनकी संगति का प्रभाव तुम्हारे ऊपर जरूर पड़ेगा। जैसी संगति में रहोगे, वैसे संस्कार बनेंगे।'' साहब के बेटे का मुंह लटक गया। कुत्ता इस स्थिति को देखकर अफसर की तरह ठठाकर हंस पड़ा।

# राहुल ने मीडिया से बांटी जीत की खुशी



ताक-झांक
आरती.आर. जैरथ

**बिहार** चुनावों में कांग्रेस पार्टी की अप्रत्याशित जीत से प्रफुल्लित राहुल गांधी ने व्यापक मीडिया सम्पर्क शुरू कर दिया है। चुनाव परिणाम वाले दिन ही संवाददाता सम्मेलन कर उन्होंने इसकी शुरूआत की। शायद वह पहले राजनेता थे जिन्होंने उस दिन संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



अगले दिन उन्होंने स्थानीय अखबारों से मीडिया के एक चुनिंदा समूह को अनौपचारिक बातचीत के लिए आमंत्रित किया। वार्ता के दौरान राहुल आत्मविश्वास से लबरेज नज़र आ रहे थे क्योंकि उन्होंने डेढ़ घंटे तक सवालों के जवाब दिए। वास्तव में सत्र महज एक घंटे का था, लेकिन जब पार्टी के मीडिया सैल के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कार्यक्रम को समाप्त करने की कोशिश की, राहुल ने खुद हस्तक्षेप करते हुए सत्र को और 30 मिनटों के लिए बढ़ाया।

स्पष्ट तौर पर राहुल बिहार चुनाव में मिली शानदार जीत की खुशी मीडिया के साथ सांझा करने को लेकर आतुर थे, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि संवाद 'आफ द रिकार्ड' ही रहे। बैठक के दौरान राहुल फिलहाल अपनी 'एकला चलो' रणनीति को छोड़कर भाजपा को परास्त करने के लिए गठबंधन राजनीति में हाथ आजमाने को तैयार दिखे। बिहार की सफलता को दोहराने के लिए कांग्रेस उन राज्यों में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन कर सकती है जहां वह कमजोर है।

**सोनिया-राहुल से मिले प्रशांत किशोर:** माना जाता है कि बिहार में 'मैन आफ द मैच' प्रशांत किशोर जिन्होंने भाजपा पर महागठबंधन की शानदार जीत की पटकथा लिखने में मदद की, इस हफ्ते दिल्ली में सोनिया और राहुल गांधी से मिले।



वह उनसे अलग-अलग मिले। बैठकों में क्या बातचीत हुई इसकी अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है, लेकिन कांग्रेस हलकों में अटकलें हैं कि राहुल अगले वर्ष असम में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रशांत किशोर के साथ चुनावी तैयारी करने के लिए आतुर हैं। अगले वर्ष जिन राज्यों में चुनाव होना है उनमें असम एकमात्र ऐसा राज्य है जहां कांग्रेस और भाजपा में सीधी टक्कर है और दोनों ही दलों के लिए असम का विधानसभा चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। इस राज्य में भाजपा का पलड़ा फिलहाल भारी है। अभी हाल ही में बागी नेता हिमंत विश्व शर्मा और उनके वफादार कई कांग्रेस विधायक भाजपा का दामन थाम चुके हैं। इसके अतिरिक्त कांग्रेस सत्ता विरोधी लहर का भी सामना कर रही है क्योंकि कांग्रेसी मुख्यमंत्री तरुण गोगोई अपना तीसरा कार्यकाल पूरा कर रहे हैं।

**टूडे चाणक्य की 'फजीहत':** बिहार चुनावों पर चुनावी विश्लेषकों और टीवी चैनलों का आकलन इतना गलत साबित हुआ कि भाजपा के साथ इन विश्लेषकों और चैनलों की भी बड़ी फजीहत हुई। एक पोलिंग एजैंसी टूडेज चाणक्य की सटीक चुनावी आकलन को लेकर सारी प्रतिष्ठा एक ही झटके में मिट्टी में मिल गई। चाणक्य ने इस बार के अपने आकलन में भाजपा की बड़ी जीत की भविष्यवाणी की थी। यह वही एजैंसी है जिसने 2009, 2014 लोकसभा चुनावों और 2013 के साथ 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में सटीक भविष्यवाणी कर राजनीतिक हलकों को आश्चर्यचकित कर दिया था। बिहार चुनाव में अपनी बड़ी गलती के बाद एजैंसी अब अपनी गलती का कारण बताने के लिए बहानेबाजी में लगी है। इसने गलती मानते हुए सारा ठीकरा कम्प्यूटर की तकनीकी गलती पर फोड़ते हुए कहा कि ऐसा 'आंकड़ों की मिक्सिंग' की वजह से हुआ। एक प्रतिष्ठित एजैंसी के द्वारा इस तरह की बहानेबाजी हास्यास्पद है।

एकमात्र चुनावी सर्वेक्षक जिसने 'बिहार के मूड' को सही-सही पकड़ा वह एक्सिस माई इंडिया था। एजैंसी ने अपने एग्जिट पोल में महागठबंधन के लिए 176-182 सीटों का अनुमान लगाया। मजेदार बात यह है कि जिस टैलीविजन चैनल के लिए एक्सिस ने सर्वेक्षण किया उसकी हिम्मत नहीं हुई कि वह इस सर्वेक्षण को दिखाता।

सोशल मीडिया के इस दौर में कुछ भी छिपा नहीं रहता। एक्सिस ने चुनावी सर्वेक्षण को इंटरनेट पर डाल दिया। सर्वेक्षण ट्विटर और अन्य प्लेटफार्मों पर वायरल हो गया और चुनावी नतीजों वाले दिन नीतीश और लालू के साथ एक्सिस बड़ा खिलाड़ी साबित हुआ।

**जीत के बाद लालू की 'पूछ' बढ़ी:** बिहार चुनावों में शानदार प्रदर्शन के बाद मीडिया में लालू यादव की मांग इतनी अधिक बढ़ गई है कि उनका इंटरव्यू लेने के लिए पत्रकारों में लड़ाई जैसी छिड़ी हुई है। टीवी एंकरों और संवाददाताओं की बहस इतनी तीखी हो गई कि लालू को कहना पड़ा कि आप फिलहाल यहां से चले जाएं और पटना के एक प्रमुख फाइव-स्टार होटल में जुटें। उन्होंने वादा किया कि वह प्रत्येक चैनल को इंटरव्यू देंगे।

होटल में भी जब लालू एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल के एंकर को पहला इंटरव्यू देने के लिए बढ़े तो गर्मागर्म बहस की स्थिति उत्पन्न हो गई। मीडिया के अन्य लोगों ने विरोध करते हुए लालू से पूछा कि आप एक ऐसे पत्रकार को इंटरव्यू कैसे दे सकते हैं जो पूरे चुनाव अभियान के दौरान अमित शाह के पक्ष में काम कर रहा था। मामला इतना अधिक बढ़ गया कि लालू को नाराज होकर वापस जाना पड़ा।



# इंसानियत का आधार देता एक विश्वविद्यालय



फिरोज बख्त अहमद

**आजकल** विश्व में इतना हाहाकार मचा हुआ है कि मन की शांति किसी के पास भी नहीं है और लोग अमन-चैन के लिए न जाने कहां-कहां भाग रहे हैं। इसी प्रकार से सत्य की खोज भी खूब चल रही है और उसे भी मनुष्य न जाने कहां-कहां खोजता फिर रहा है और उसके हाथ में कुछ नहीं आ रहा है। मनुष्य चाहे घर पर हो, दफ्तर में हो, किसी सार्वजनिक स्थल एवं सभा में हो, सबके साथ होते हुए भी स्वयं को अकेला ही पाता है। जब धर्म का सहारा लेता है तो वहां भी कुछ हाथ नहीं आता क्योंकि वह धर्म को सही रूप से परिभाषित करके उस पर चलना नहीं जानता।

अब मन में प्रश्न आता है कि सुख-शांति के लिए मुनष्य क्या करे और कहां जाए। यही कारण है कि मुनष्य धर्म गुरुओं से अपना नाता जोड़ना शुरू कर लेता है। वह समझता है कि धर्म गुरु ही उसे मुक्ति के मार्ग पर डालेंगे। इसके बाद उसे पता चलता है कि कुछ धर्म गुरु धर्म की आड़ में पाखण्ड कर रहे हैं। इससे उस बेचारे की आस्था छिन्न-भिन्न हो जाती है। वैसे समय-समय पर किसी न किसी धर्म गुरु का कच्चा चिट्ठा खुलता रहता है। यहां हम किसी धर्म गुरु का नाम नहीं लेना चाहेंगे क्योंकि भले ही, धर्म गुरु कितने ही आडम्बरी हों, सत्य से कितने ही दूर हों, हमारे विशाल भारत देश में, उनके भी चाहने वाले होते हैं। अत: हमारा अभिप्राय यहां उनकी भी बुराई करना नहीं है। हम तो यहां इस बात की खोज में हैं कि मुनष्य को मन की शांति और आत्मा के लिए रूहानियत का सिरा कहां से मिलेगा।

लेखक जब इन बातों पर विचार कर रहा था तो उसका ध्यान एक ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की डा. प्रमिला श्रीवास्तव का लेख उनके द्वारा प्रकाशित पत्रिका ''न्यू डेलही टाइम्स'' के एक लेख पर गया जहां उन्होंने ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संबंध में एक लेख में कुछ इस प्रकार से अपने भाव व्यक्त किए थे कि जिससे लेखक के मन में जिज्ञासा जागी कि वह इस विश्वविद्यालय के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी प्राप्त करे।

डा. प्रमिला श्रीवास्तव ने लेखक को बताया कि ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आज के दौर में कोई धर्म न होते हुए भी या किसी धर्म की वकालत न करते हुए स्वयं में सबसे बड़ा धर्म है-इंसानियत का धर्म। वास्तव में यह शांतिमय जीवन व्यतीत करने की एक पद्धति है, यह एक जीवन शैली है। आज हम देख रहे हैं कि घर-घर में असंतोष है। भाई-भाई में झगड़ा है, बाप-बेटे एक-दूसरे को नहीं समझते, पति-पत्नी में भी टकराव की स्थिति रहती है और इन सब बातों का प्रभाव दैनिक जीवन पर तो पड़ता ही है, इससे व्यावसायिक जीवन भी आहत होता है। उन्होंने कहा कि इसके संस्थापक लेखराज खूबचंद कृपलानी (15 दिसम्बर 1876-19 जनवरी 1969) थे जो हैदराबाद-सिंध के थे और जिन्हें प्यार से दादा लेखराज बुलाते थे। वे बड़ी खूबियों के मालिक थे और उनकी दहलीज से कोई भी खाली हाथ न जाता। बौद्ध धर्म के कर्णधार महात्मा बुद्ध के रास्ते पर चलते हुए उन्होंने आज करोड़ों लोगों के लिए इंसानियत के दरवाजे खोल दिए हैं।

जहां तक ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का संबंध है, इसके सदस्यों को न तो किसी मंदिर-मस्जिद में जाना होता है और न ही कोई ग्रंथ पढ़ना होता है क्योंकि इन सब को अपने धर्म पर चलने की छूट होती है और वैसे भी इस विश्वविद्यालय में आपसी भाईचारे, सहिष्णुता और सद्भावना आदि ही धर्म बन जाते हैं। जब लोग इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साथ चलते हैं तो एक आदर्श जीवन की विचित्र अनुभूति होती है।

आजकल इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय का कार्यभार दो दादियों ने संभाल रखा है-दादी जानकी जो 100 वर्ष की हैं और दादी हृदय मोहिनी 'गुलजार' जो लगभग 95 वर्ष की हैं। दोनों दादियां राजयोगिनी हैं। ऐसे तो ये दादियां माउंट आबू में निवास करती हैं मगर अपने विश्वविद्यालय के लिए संपूर्ण विश्व में भ्रमण करती हैं। बहुत से लोग सोचते हैं कि आखिर ये दादियां इतनी दीर्घ आयु कैसे हुईं तो इसका एक सीधा से उत्तर यह है कि दोनों दादियां राजयोग करती हैं। राजयोग के कारण इनका स्वास्थ्य बढ़िया है। यहां तक कि न आंखों पर ऐनक है, न ही दांत नकली हैं। राजयोग में मनुष्य पूर्ण रूप से स्वयं को गूढ़ चिंतन के हवाले कर देता है।

मन की शांति, राजयोग, समभाव एवं सद्भाव का जीता-जागता उदाहरण हमें ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के लगभग 8500 उन केंद्रों पर दिखाई देता है जो पूर्ण भारत में फैले हुए हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 150 देशों में ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के केंद्र हैं जिनमें प्रवासी भारतवासियों के अतिरिक्त विदेशी भी बराबर से सम्मिलित हैं। इनका गुड़गांव, दिल्ली के निकट एक बहुत बड़ा रिहैबिलिटेशन सैंटर भी है जिसमें सैंकड़ों ब्रह्मा कुमारी भाई एवं बहनें निवास करते हैं। यहां पर दूर-दूर से लोग परिवार सहित आते हैं, निवास करते हैं, विश्वविख्यात हस्तियों के प्रवचन सुनते हैं और इंसानियत की दौलत से मालामाल होकर वापिस घर जाते हैं।

संयोग से लेखक पिछले दिनों संसद की एनेक्सी में ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ के 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में शामिल हुआ जिसमें उसे दादी जानकी, दादी हृदय मोहिनी, ब्रह्मा कुमारी जयंती और ब्रह्मा कुमारी आशा को सुनने का अवसर मिला। रही बात दादियों को तो जिस प्रकार की शिक्षा और उस शिक्षा से टपकता प्रेम भाव सुनने एवं सीखने को मिलता है, वह तो बेमिसाल है। ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में दादियों का प्यार कूट-कूट कर भरा हुआ है। आप देखिए कि शब्द दादी ही कितना स्नेहपूर्ण है।


इस अवसर पर दादी हृदय मोहिनी ने एक बड़ी महत्वपूर्ण सीख हम सब को दी। उन्होंने कहा कि हमारे अंदर 'मैं' का अतिप्रचलन हो गया है। मैं यूं हूं, मैं ऐसे हूं, मैं वैसे हूं आदि उपाधियों से हम सब अपने को नवाजते हैं। यह सब फिजूल है क्योंकि इस संसार में कोई बड़ा नहीं है, यदि कोई बड़ा है तो वह भगवान है जिसके नूर से हम सब नवाजे जाते हैं, यदि हममें से कोई अपने को बड़ा समझे, इसके होते दूसरे के साथ बुरा सुलूक करे, सामने वाले को हीन एवं तुच्छ समझे तो उससे छोटा कोई व्यक्ति नहीं।

इसी प्रकार से ब्रह्मा कुमारी आशा ने कहा कि हम सब लोगों को एक-दूसरे के साथ बड़े प्यार और नरमी से पेश आना चाहिए। सामने वाले के साथ हमें बराबरी का बर्ताव करना चाहिए। अत्यंत महत्वपूर्ण यह है कि हमें किसी के दिल को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए, किसी का दिल नहीं दुखाना चाहिए। वास्तव में हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के अनुसार सबसे बड़ा गुनाह किसी का दिल दुखाना है। इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय में बकौल ब्रह्मा कुमार बृज मोहन, इंसानियत की शिक्षा ही यहीं से दी जाती है।

ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इस बात में विश्वास रखता है कि इस विश्व को चलाने वाला खुदा एक नूर (रोशनी) की शक्ल में है। इस नूर की गर्मी से ही सारा संसार चलता है। अफसोस की बात है कि हम लोग पूर्ण रूप से इस नूर का अपने अंदर समावेश नहीं कर पा रहे हैं जिसके कारण हमें इतनी सारी समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है।

लेखक जब जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के अंदर ब्रह्मा कुमारी शिवानी, ब्रह्मा कुमारी आशा, ब्रह्मा कुमारी जयंती और ब्रह्मा कुमारी उर्मिल के प्रवचनों से सीख लेने का यत्न कर रहा था तो उसे प्रतीत हुआ कि जिस प्रकार से यह बहनें अपने सत्य वचनों को अदा करती हैं, उनके प्रत्येक शब्द में न केवल मिठास बल्कि चांद की सी ठण्डक सुनने वाले को महसूस होती है।

**(लेखक मौलाना आजाद के पौत्र हैं)**





# श्रीनगर में नमाज के बाद सुरक्षाकर्मियों पर पथराव

**श्रीनगर,** (भाषा): श्रीनगर में जामिया मस्जिद और शहर के भीतरी हिस्से के आसपास के इलाकों में पुलिस को उस समय आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े जब प्रदर्शनकारी जुमे की नमाज के बाद सड़कों पर उतर आए और सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। अधिकारियों ने बताया कि झड़प उस समय शुरू हुई जब युवाओं के समूह नौहट्टा में जामिया मस्जिद के बाहर मुख्य सड़क पर एकत्र हुए और भाजपा के एक झंडे में आग लगा दी। युवकों में से कुछ ने नकाब पहन रखे थे। उनके हाथों में पाकिस्तानी झंडे और आपत्तिजनक पोस्टर थे। अधिकारियों ने बताया कि इंजीनियरिंग छात्र गौहर अहमद डार की शनिवार को प्रदर्शन के दौरान हुई मौत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए युवकों ने पुलिस और अर्धसैनिक बलों पर पथराव किया। उन्होंने बताया कि इसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस के गोले दागे और दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई। इस



घटना में कोई घायल नहीं हुआ। बाद में यह झड़प आसपास के इलाकों गोजवारा, नक्शबंद साहिब और सराफ कदल में फैल गयी। शहर के जैनाकोटे इलाके के निवासी डार को पिछले शनिवार को उसके घर के बाहर प्रदर्शन के दौरान आंसू गैस का गोला लग गया था जिससे उसकी मौत हो गयी। उसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहर में एक रैली को संबोधित किया था और राज्य के विकास के लिए 80,000 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की थी। कट्टरपंथी हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष सैयद अली शाह गिलानी ने डार की मौत के विरोध में जुमे की नमाज के बाद शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था।

# विधवा कर सकती है ''रखरखाव'' संपत्ति पर पूर्ण अधिकार का दावा



**नई दिल्ली,** (भाषा): उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि किसी हिन्दू विधवा का जीवन निर्वहन का अधिकार ''सिर्फ औपचारिकता'' नहीं बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक अधिकार है जिसे खुद को सहारा देने के लिए उसे दी गयी संपत्ति में ''पूर्ण अधिकार'' का दावा कर न्यायिक रूप से लागू किया जा सकता है। इस संबंध में न्यायमूर्ति एम.वाई. इकबाल की अध्यक्षता वाली पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक फैसले को बरकरार रखा। इस फैसले में उच्च न्यायालय ने एक विधवा के पक्ष में फैसला दिया था। उस महिला ने अपने पति से वसीयत में मिली संपत्ति एक रिश्तेदार को दे दी थी। न्यायालय ने कहा कि यह महिला का ''पूर्ण अधिकार'' है और वह संपत्ति वसीयत करने के लिए स्वतंत्र है। पीठ ने कहा कि हिन्दू कानून के तहत यह पूरी तरह से स्थापित है कि पति पर अपनी पत्नी के जीवन निर्वहन का भार उठाने का निजी दायित्व होता है और अगर उसके पास संपत्ति है तो उसकी पत्नी को अपने जीवन निर्वाह के लिए ऐसी संपत्ति में अधिकार का हक है। पीठ ने कहा कि यह भी समान रूप से स्थापित है कि जीवन निर्वाह के संबंध में हिन्दू विधवा का दावा सिर्फ औपचारिकता नहीं है बल्कि यह मूल्यवान, आध्यात्मिक और नैतिक अधिकार है।

पीठ में न्यायमूर्ति सी नगप्पन भी शामिल थे। विभिन्न न्यायिक फैसलों का जिक्र करते हुए पीठ ने कहा कि हालांकि किसी विधवा का जीवन निर्वाह का अधिकार उसके पति की संपत्ति पर कोई भार नहीं पैदा होता लेकिन वह निश्चित रूप से जीवन निर्वाह के लिए आदेश की खातिर अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है।




Letter to the Editor

## पंजाब में उपद्रव विदेशी साजिश

पंजाब में गुरुग्रंथ साहिब का अपमान करने के बाद जो हिंसा भड़की है तथा रोष उत्पन्न हुआ है वह स्वाभाविक है क्योंकि गुरु ग्रंथ साहिब सिखों का ही नहीं समस्त भारत का पवित्र ग्रंथ है जिसके अपमान से हर सच्चा भारतीय दुखी है। कोई भी भारतीय गुरु ग्रंथ साहिब का अपमान सहन नहीं कर सकता। जिसने किया है व सच्चा भारतीय नहीं वह जयचंद है जो विदेशियों के इशारे पर नाचता है। विदेशों में बैठे देश-द्रोही ये सब काम करवा रहे हैं। सरकार व कानून को ऐसे नीच आदमी को कठोरतम दंड देना चाहिये, जो सामाजिक समरसता को बिगाड़ने का काम करता है।

**- लक्ष्मणदास शर्मा, मंडलाना, नारनौल**

## सफाई के लिए कानून बने?

असहनीय गर्व का विषय हर देशवासी के लिए है कि स्वतंत्र राष्ट्र के इतिहास में नरेन्द्र मोदी ही ऐसे प्रथम प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पिछले वर्ष 2 अक्तूबर 2015 को स्वयं झाडू लगाते हुए सफाई जैसे 'दैवीय गुण' के प्रति लोगों को इसका महत्व बताया था लेकिन दुर्भाग्यवश, यह एक 'सपने' जैसा ही है? समस्या पश्चिमी उत्तर प्रदेश स्थित मेरठ शहर में हापुड़ मार्ग पर रामनगर कालोनी की ही नहीं पूरे उत्तर भारत में प्रत्येक रेलवे-बस स्टेशनों, सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, मुख्य सड़कों, गलियों, कालोनियों, शिक्षण संस्थानों में लोगों का हर कहीं खुलेआम मल-मूत्र त्यागना, घरों का कूड़ा-कचरा फैंकना भी है, वह भी बिना किसी रोकटोक के? क्या माननीय मोदी जी अब सफाई से संबंधित नया कानून कड़ाई से तत्काल लागू करवाएंगे?

**-श्रीमती करुणा गौड़, रामनगर, मेरठ (उ.प्र.)**

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83 / रजि. नं. DL(N)/0169/2015-17

पंजाब केसरी

दिल्ली कार्यालय:
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200, (011-30712303 Magazine).
मॉडम : 011-30712255, 30712386, 27192678, 011-45212255,45212386
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384., 011-45212383, 84
Email: editorial@punjabkesari.com

जयपुर कार्यालय :
फोन आफिस: 0141-2707530, 2705446, 9928022701 से 9928022704 (4 लाइन्स)
फैक्स : 0141-2707835
माडम : 0141-2707773, 2712373

स्वत्वाधिकारी हिन्द समाचार लिमिटेड पक्का बाग, जालन्धर के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक विजय कुमार द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली, गोल्डरेज प्रिंटर, प्लाट नं. 5-सी, झालाना डूंगरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, जयपुर से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

# ट्रेड फेयर : दिल्ली में सज गया दुनिया का मेला

**नई दिल्ली, (ब्यूरो) :** प्रगति मैदान में हमेशा की तरह इस साल भी दुनिया का मेला सज कर तैयार है। शनिवार से 35वें व्यापार मेले की शुरूआत हो रही है। मेक इन इंडिया थीम पर मेले को सजाया गया है। हर हॉल के बाहर और अंदर मेक इन इंडिया थीम को प्रदर्शित किया गया है।

आज से अगले दो सप्ताह तक अपने घर से निकलने से पहले पूरा प्लान कर लें, क्योंकि दिल्ली की सड़कों पर वाहन चालकों को भारी जाम का सामना करना पड़ेगा। मेले में व्यापारी और खरीदारों के अलावा लाखों की तादाद में मेला घूमने वाले भी पहुंचेंगे। जिसमें दिल्ली के अलावा एनसीआर व अन्य राज्यों के युवा व लोग शामिल होंगे। इस मेले में पार्टनर देश के तौर पर अफगानिस्तान, फोकस कन्ट्री के तौर पर बांग्लादेश तो वहीं गोवा और झारखंड पार्टनर राज्य के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं। वहीं फोकस राज्य मध्य प्रदेश को बनाया गया है। पांच हजार से ज्यादा व्यापारी इस मेले में अपना सामान बेचने प्रगति मैदान पहुंचे हैं।

**बिजनेस डे में स्कूली बच्चों को मिलेगी एंट्री:** स्कूली बच्चों को बिजनेस दिनों में भी एंट्री मिलेगी। उन्हें इस दौरान 30 से 50 रुपये के रेट पर टिकट मिलेंगे। अक्सर भीड़ की वजह से स्टूडेंट्स ट्रेड फेयर को अच्छी तरह से देख नहीं पाते थे।



## हरियाणा पवेलियन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

**व्यापार** मेले में हरियाणा का पवेलियन मेक इन इंडिया, मेक इन हरियाणा थीम में अपनी आवाज बुलंद करता हुआ नजर आएगा। हरियाणा के पवेलियन को भव्यता का रूप देने के लिए देशी के साथ आधुनिकता का भी प्रयोग किया गया है। पवेलियन के मुख्यद्वार के पास ही माउस पर बैठी दो लड़कियां ई-गवर्नेंस के साथ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दे रही हैं।

इस पवेलियन में सरकारी सेवाओं में हो रहे डिजिटलाइजेशन को बखूबी दर्शाया गया है। हरियाणा में लगे विभिन्न उद्योगों, कृषि में योगदान व खेलकूदों को दिए जा रहे प्रोत्साहन को भी यहां दिखाने का प्रयास किया गया है।


**टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती**

150 आईएनएफ बीएन (टीए) पंजाब 105, आईएनएफ बीएन (टीए) राज आरआईएफ, दिल्ली कैंट के स्थान पर सैनिकों जनरल डयूटी-32 तथा ट्रेड्समैन (रसोइया समुदाय-01) की भर्ती करेगा। राज्यवार भर्ती शेड्यूल निम्न अनुसार है:
(ए) 19 नव. 2015-पंजाब एवं चंडीगढ़
(बी) 20 नव. 2015-हरियाणा तथा दिल्ली
(सी) 21 नव. 2015-हिमाचल तथा जम्मू एवं कश्मीर

1806/DC dt. 13.11.15


## इन मेट्रो स्टेशनों से खरीदें मेले के टिकट

दिलशाद गार्डन, शाहदरा, इंद्रलोक, रिठाला, जहांगीरपुरी, कश्मीरी गेट, न्यू दिल्ली, राजीव चौक, केंद्रीय सचिवालय, साकेत, हुडा सिटी, नोएडा सिटी सेंटर, बॉटेनिकल गार्डन, प्रगति मैदान, बाराखंबा, करोल बाग, कीर्ति नगर-3, उत्तम नगर ईस्ट, द्वारका मोड़, द्वारका सेक्टर-21, वैशाली, आनंद विहार, मुंडका, पीरागढ़ी, आईटीओ, मंडी हाउस, लालजपत नगर, गोविंदपुरी, धौला कुआं आदि।

### टिकट की कीमत

| दिन | वयस्क | बच्चे |
|---|---|---|
| बिजनेस क्लास | 400 | - |
| वीकेंड व छुट्टी | 80 | 50 |
| सोमवार से शुक्रवार | 50 | 30 |

## स्वीटी की आवाज करेगी आपका स्वागत



सहयोगी उद्घोषकों के साथ स्वीटी।

**नई दिल्ली, (निहाल सिंह) :** इस बार व्यापार मेले में स्वीटी की मीठी आवाज आपका स्वागत करेगी। स्वीटी ही आपको मेले की जानकारी देंगी। अगर मेला देखते हुए कोई आपका अपना बिछड़ जाए तो स्वीटी की आवाज सुनकर आप उन्हें मेले में ढूंढ सकते हैं।

दरअसल यह स्वीटी कोई और नहीं आपको मेले की जानकारी देने वाली उद्घोषिका हैं। स्वीटी पॉल पहली बार मेले में बतौर उद्घोषक का काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वे बहुत ही आसान शब्दों में लोगों को मेले की जानकारी देंगी। जिसमें स्वच्छता, प्राथमिक उपचार और मेले से संबंधित जानकारियों की उद्घोषणाएं करेंगी। स्वीटी के साथ भावना और सरल राज सहयोगी के तौर पर काम करेंगे। स्वीटी से पहले संध्या राय यह काम मुख्यतौर पर करती थीं, लेकिन उनके सेवानिवृत होने के बाद अब स्वीटी को आईटीपीओ ने यह जिम्मेदारी दी है। बता दें कि ट्रेड फेयर के केन्द्रीय सहायता केन्द्र पर खोये-पाए सामान, बच्चों, दोस्तों के बिछड़ने की उद्घोषणाएं की जाती हैं और बाकायदा इसके लिए शुल्क भी देना पड़ता है।

**चीन को टक्कर देंगे तिब्बती :** व्यापार मेले में चीन को टक्कर देने के लिए तिब्बती व्यापारियों ने भी इस बार कमर कस ली है। तिब्बत पहली बार बतौर देश के रूप में व्यापार मेले में हिस्सा लेने जा रहा है। हालांकि मेले के नियमों के मुताबिक व्यापार मेले में विदेशी कारोबारी अपने देश के प्रतिनिधित्व करते हैं। विदेशी शहर या राज्य के नाम पर अलग से कारोबारी प्रतिनिधियों को शिरकत करने की अनुमति आईटीपीओ नहीं देता है।

**सोशल मीडिया के जरिए 20 लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य :** मेले में स्वास्थ्य मंत्रालय के कॉर्डिनेशन डायरेक्टर राजीव कुमार ने असंक्रामक रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से 20 लाख लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा शनिवार को ट्वीटर, फेसबुक एकाउंट और पेरीस्कोप का उद्घाटन करेंगे।

## पहली बार मेले में कैंसर की मुफ्त जांच

**नई दिल्ली, (सुरेन्द्र पंडित):** अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में दर्शक मुफ्त कैंसर की जांच भी करा सकेंगे। यहां पर दर्शक मुंह का कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और सरवाइकल कैंसर जैसी बीमारियों की जांच करा सकते हैं। इसके अलावा मधुमेह जैसी बिमारियों की जांच भी यहां हो सकेगी। दवाइयां तो नहीं मिलेंगी, लेकिन अगर यहां मौजूद डाक्टर को यह लगता है कि इन्हें अस्पताल भेजने की जरूरत है तो आप को चुनिंदा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाएगा। वहां आपको वीआईपी ट्रीटमेंट मिलेगा। मेले में इसके लिए 7 विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इसमें एम्स, सफदरजंग, मौलाना आजाद मेडिकल कालेज, राम मनोहर लोहिया, एलएनजेपी और एनडीएमसी के अस्पतालों के 100 डाक्टरों की टीम होगी। जिन लोगों को रेफर किया जाएगा, उन्हें इन्हीं अस्पतालों में ही इलाज के लिए स्पेशल अटेंशन मिलेगा। यह यहां की यूएसपी होगी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी तैयारी की है। मंत्रालय के कॉर्डिनेशन डायरेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि देश में हर साल असंक्रमक रोगों से हजारों लोग मर जाते हैं।

## आज का दिन

**ग्रहयोग 14 नवम्बर, 2015 शनिवार तद्नुसार 29 कार्तिक सम्वत् 2072 विक्रमी**

**राष्ट्रीय :** 23 कार्तिक
**ग्रह चाल :** चन्द्रमा धनु राशि में शाम 6.45 पर प्रवेश करेगा।
**दिशाशूल :** पूर्व ईशान, उत्तर में।
**सम्वत् :** 1937 शाकः,
**सूर्य उदय :** प्रातः 6:58 पर
**स्थिति :** कार्तिक शुक्ल पक्ष तृतीय,
**सूर्य अस्त :** 5:26 शाम को।
**राहुकाल :** प्रातः 9 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक।

**विशेषः आज बाल दिवस, नेहरू जयंती है।**
**मार्केट : कोयला, लाल मिर्च, पटसन, सूत, छोटी इलायची, घी में तेजी रहेगी।**

पं. हरिओम भारद्वाज ज्योतिषी, 228, लाजपत नगर, जालन्धर, मो. 09463283800

## राशिफल

**मेष ARIES** — विरोधी शान्त होंगे, नया काम बनेगा, यात्रा शुभकारी रहेगी, बिगड़े सम्बंध ठीक होंगे।

**वृष TAURUS** — आशा में निराशा होगी, व्यय की अधिकता बढ़ेगी, सरकारी चिंता बढ़ेगी, नया लेन-देन न करें।

**मिथुन GEMINI** — मित्र वर्ग से सहयोग मिलेगा, नया काम बनेगा, सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी यात्रा शुभकारी रहेगी।

**कर्क CANCER** — आय में कमी रहेगी, स्वभाव में तेजी रहेगी, बनते काम बिगड़ेंगे, गुप्त शत्रु बढ़ेंगे।

**सिंह LEO** — मित्र वर्ग से सहयोग होगा, मान-सम्मान बढ़ेगा, कारोबार में भाग्य साथ देगा, नया लाभ मिलेगा।

**कन्या VIRGO** — धन प्राप्ति होगी, जमीन-जायदाद के काम बनेगे, स्वजन मिलाप होगा, रुका धन मिलेगा।

**तुला LIBRA** — मान-सम्मान बढ़ेगा, यात्रा शुभकारी रहेगी, कारोबार में लाभ होगा नया काम बनेगा।

**वृश्चिक SCORPIO** — धन प्राप्ति होगी, सामाजिक कार्य होंगे, वाक्पटुता से कार्य होंगे, यात्रा शुभकारी रहेगी।

**धनु SAGITTARIUS** — रुका काम बनेगा, कारोबार में सुधार होगा, बन्धु सहयोग मिलेगा, शुभ कार्यों पर खर्च होगा।

**मकर CAPRICORN** — आय में कमी रहेगी, दौड़धूप व चिंता बढ़ेगी, आशा में निराशा होगी, नया लेन-देन ध्यान से करें।

**कुंभ AQUARIUS** — मित्र वर्ग से सहयोग मिलेगा, सरकारी काम बनेंगे, नवीन योजनाएं बनेंगी।

**मीन PISCES** — आय में वृद्धि होगी, मनोकामना पूर्ण होगी, रुका धन मिलेगा, घर में शुभ कार्य होंगे।

### कल क्या होगा

नई दिल्ली, 15 नवम्बर (एनएनएस): रविवार कार्तिक सुदी चतुर्थी को बारीक धान, चावल, मूंग, मोठ, गेहूं, ढेंचा, ग्वार, बाजरा, जौ, जई, शक्कर, राजमा शर्मिली, देशी घी, देशी चना, काबली चना, मटर, मसूर, राजमा चित्रा, तेल सोया, जीरा, असगंध, धनिया, लौंग, हल्दी, अजवायन, जायफल, जावित्री, काजू, बादाम में लाभ तथा देशी घी, दूध पावडर, मक्की, ज्वार, वनस्पति घी, उड़द, तुअर, लोबिया, गुड़, चीनी, सरसों, मूंगफली, चावल तेल, आंवला, चिरौंजी, कलौंजी, बेलगिरी, हरड़, सौंफ, मेथी, किशमिश, पिस्ता में हानि हो सकती है। **यात्रा विचार-** पूरब दिशा की ओर यात्रा 2.36 बजेअपराह्न से पहले यात्रा लाभप्रद होगा।


**उत्तर रेलवे**

**ग्लोबल टेंडर नोटिस सं0: 69/2015-2016**

**भंडार की आपूर्ति हेतु आमंत्रित निविदा**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से भंडार नियंत्रक उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा सम्भरणकर्ताओं से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि ₹. | निविदा पत्र कीमत ₹. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 6107151195 | 1. प्रईमरी सिप्रिंग फार जेनेरैटर कार (इंनर) 2. प्रईमरी सिप्रिंग फार जेनेरैटर कार (आऊटर) | 142 नग 55 नग | 30000/- या यूएस$ 500.00 | 500/- या यूएस$ 15.00 | 14.12.15 |

**निविदा शर्तें:** निविदायें ireps की साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक विक्रेताओं को ई-टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिये भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से कलास-III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त करना होगा। हस्तलिखित निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। **फैक्स नं0 011-23384008 ईमेल:** cos@nr.railnet.gov.in

3163/15

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन**
**राजभाषा तथा संगठन पद्धति निदेशालय**
**मूल रूप से हिन्दी में लिखित/अनुदित पुस्तकों को पुरस्कृत करने के लिए राजभाषा पुस्तक पुरस्कार योजना वर्ष 2014-15**

रक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा सम्बद्ध विषयों पर हिन्दी में पुस्तक लेखन को बढ़ावा देने के लिए मूल रूप से हिन्दी में लिखित/अनुदित पुस्तकें निम्नलिखित पुरस्कारों के लिए आमंत्रित हैं।

**रक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा सम्बद्ध विषय**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | 50,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | 40,000/- |
| तृतीय पुरस्कार | 30,000/- |
| सांत्वना पुरस्कार (दो) | 20,000/- |

इस योजना से संबंधित विवरण तथा निर्धारित आवेदन-पत्र डाक द्वारा सभी कार्य दिवसों में निदेशक, राजभाषा तथा संगठन पद्धति निदेशालय, रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ भवन, राजाजी मार्ग, नई दिल्ली-110011 से प्राप्त किए जा सकते हैं।

योजना के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2015 है।

davp 10301/11/0671/1516



**उ. प्र. राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, ओबरा ताप विद्युत गृह, ओबरा (सोनभद्र)**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा संख्याः 21/ अधी0अभि0 (सिविल)/ ओ0सी0सी0 एम0डी0-I/ 2015-16**

ओबरा तापीय परियोजना स्थित आफिसर्स क्लब के विशेष अनुरक्षण के कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा उ0प्र0 सरकार के ई-निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.10.2015 (14:00 बजे) को प्रकाशित हो चुकी है। कार्य की अनुमानित लागत लगभग रु012.91 लाख होगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 03.12.2015 (18:00 बजे) तक होगी। तकनीकी निविदा (भाग-प्रथम) दिनांक 07.12.2015 (16:00) बजे खोली जाएगी। धरोहर धनराशि व निविदा का मूल्य क्रमशः रु026,000.00 व रु0 1,140 होगा। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टिकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल में उपलब्ध निविदा प्रपत्र के अनुसार होगी। अधीक्षण अभियन्ता-सिविल को बिना कोई कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। कृपया नोट करें कि यह एक आनलाइन निविदा है तथा केवल वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर ही आन लाइन प्रत्युत्तर स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबंधित सूचना यदि कोई होगी, केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी तथा को स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए। **अधीक्षण अभियन्ता-सिविल।**

**ई-निविदा**

कार्य का विवरण- कोल हैन्डलींग एरिया में कन्वेयर के-10 से टावर न0 -01 तक के फायर हाईडेन्ट लाइन के 150 एमएम डाया पाइप लाइन के बदलने का कार्य।, निविदा संख्या- 04एफ/एस .ई. :सी .एफ .सी./ एफ इ एम एण्ड एस डी/20 15-16, अनुमानित मूल्य-रु0 4,48,000.00 (रु0 चार लाख अड़तालीस हजार लगभग), वेबसाइट http:/ etender.up. nic.in पर ई-बिड भरने की अंतिम तिथि-17.11.2015 (16:00 बजे तक), ई-बिड की प्रति कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि-21.11.2015(16:00 बजे तक)। ई-बिड खोलने की तिथि एवं समय-26.11.2015(16:00 बजे तक या बाद में), सम्पर्क करने का पता: अधीक्षण अभियन्ता, सामान्य सुविधा मण्डल, ओबरा ताप विद्युत गृह, ओबरा-सोनभद्र (उ0प्र0)पिन-231219। ई-मेल का पता: kalidasmishraparichha @gmail.com। निविदा शुल्क (नान रिफनडेबिल)रु0 570.00 (वैट सहित), धरोहर धनराशि: रु0 9,000.00 (नौ हजार मात्र)।

टिप्पणी:- निविदा विशिष्टिकरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदायें आन लाइन ही स्वीकार की जायेंगी। अधीक्षण अभियन्ता, सामान्य सुविधा मण्डल, ओबरा ताप विद्युत गृह, ओबरा-सोनभद्र (उ0प्र0) पिन-231219।

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई-निविदा संख्या:टी- 02/ ओ0 एण्ड एम0सी0-III/ ई0एम0डी0 -I/ बीटीपीएस/ 2015-16**

ओबरा तापीय परियोजना में 200 मे0वा0 इकाई सं0 11 के 15 एम0वी0ए0, 15.75/6.9 के0वी0 यू0ए0टी0 11ए एवं 11बी के ओ0एल0टी0सी0 के साथ कम्पलीट ओवर हालिंग के कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा उ0प्र0 सरकार के ई-निविदा पोर्टल http://etender.up.nic. in पर दिनांक 31.10.2015 (14:00) बजे को प्रकाशित हो चुकी है। तकनीकी निविदा (भाग-प्रथम) दिनांक 24.11.2015 (16:00) बजे खोली जाएगी। कार्य की अनुमानित लागत लगभग रु0 8.26 लाख मात्र होगी। धरोहर धनराशि व निविदा का मूल्य क्रमशः रु0 16,500.00 व रु0 570 होगा। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टिकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल में उपलब्ध निविदा प्रपत्र के अनुसार होगी। कृपया नोट करें कि यह एक आनलाइन निविदा है तथा केवल वेबसाइट http://etender.up. nic.in पर ही आन लाइन प्रत्युत्तर स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबंधित सूचना यदि कोई होगी, केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी तथा स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए। ई-निविदा भरने की अन्तिम तिथि दि0 21.11.2015 को 18:00 बजे तक है। अधीक्षण अभियन्ता, ओ0एण्डएम0सी0-III।

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई-निविदा संख्या:टी- 03/ ओ0 एण्ड एम0सी0-III/ ई0एम0डी0 -I/ बीटीपीएस/ 2015-16**

ओबरा तापीय परियोजना में 200 मे0वा0 इकाई सं0 11 के 240 एम0वी0ए0, 15.75/420 के0वी0 जनरेटर ट्रान्सफारमर के कम्पलीट ओवर हालिंग के कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा उ0प्र0 सरकार के ई-निविदा पोर्टल http://etender. up.nic. in पर दिनांक 04.11.2015 (09:00) बजे को प्रकाशित हो चुकी है। तकनीकी निविदा (भाग-प्रथम) दिनांक 28.11.2015 (16:00) बजे खोली जाएगी। कार्य की अनुमानित लागत लगभग रु0 20.63 लाख मात्र होगी। धरोहर धनराशि व निविदा का मूल्य क्रमशः रु0 41,500.00 व रु0 570 होगा। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टिकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल में उपलब्ध निविदा प्रपत्र के अनुसार होगी। कृपया नोट करें कि यह एक आनलाइन निविदा है तथा केवल वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर ही आन लाइन प्रत्युत्तर स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबंधित सूचना यदि कोई होगी, केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी तथा स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए। ई-निविदा भरने की अन्तिम तिथि दि0 26.11.2015 को 18:00 बजे तक है। अधीक्षण अभियन्ता, ओ0एण्डएम0सी0-III।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

संख्या- 333/ज0 स0 का0 / निविदा दिनांक: 06/11/2015



**नई दिल्ली नगर पालिका परिषद**
**ईई(सीपी) डिवीजन, सिविल इंजीनियरिंग विभाग**
**कमरा नं. 1611, 16वां फ्लोर पालिका केन्द्र, नई दिल्ली-110001**

**शुद्धि पत्र**

**निविदा आईडी : 2015_एनडीएमसी_92789_1.**

विषय :- कनाट प्लेस का पुनः विकास
एसएचः- कनाट प्लेस में स्टेनलेस स्टील कूड़ादान की उपलब्धता व फिक्सिंग।

ई-प्रोक्योरमैंट सोल्यूशन द्वारा निविदा लेने की अंतिम तिथि 18.11.2015 से बदलकर 24.11.2015 कर दी गई है और निविदा जमा 3.30 बजे तक और बोली खुलने का समय 4 बजे/कार्य समाप्ति की अवधि 45 दिन की जगह 60 दिन पढ़ें।

**अधिक विवरण https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देख सकते हैं।**

**कार्यपालक अभियंता (सीपी) परियोजना**
**ईई(सीपी) सिविल पालिका केन्द्र, एनडीएमसी**
**नई दिल्ली-110001**

343/1081/डी/dt. 13/11/2015



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता, चतुर्थ उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए मुहर बन्द निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नामः** सहायक मण्डल अभियंता, रोहतक के अधीन स्टॉफ क्वार्टर और सरकारी भवनों की मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु जोन कार्य, जिनकी समापन अवधि 30.06.2016 तक है। **2. समापन अवधिः** 12 माह (30.06.2016 तक); **3. अनुमानित लागतः** ₹ 180.00 लाख। **4. धरोहर राशिः** ₹ 2,40,000/-. **5. निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 5000/- (डाक द्वारा ₹ 5500/-); **6. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की तारीख, समय तथा स्थानः** तारीख 11.11.15 से 14.12.15 तक 15:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस को मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली तथा वेबसाईट www.nr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड भी कर सकते हैं। **7. निविदा जमा करने का स्थानः** निविदा कक्ष, मण्डल रेल प्रबंधक, कार्यालय, नई दिल्ली; **8. निविदा जमा करने व खुलने का समयः** दिनांक 15.12.15 को 15:00 बजे तक व खुलने का समय 15:05 बजे। **सूचनाः** इस कार्य के लिए समान प्रकार के कार्य हैं:- कोई भी सिविल कार्य ट्रैक कार्य को छोड़कर। **पत्र संख्याः 128डबल्यू/260/ निविदा सूचना/29/15-16/डबल्यू-4 दिनांकः 10.11.2015.**

3185/15

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**दिल्ली क्षेत्र से पूर्व दिशा में जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ (दिनांक 14.11.2015 से 17.11.2015)**

**वर्तमान त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों की बढ़ी हुई संख्या के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिल्ली क्षेत्र से पूर्व दिशा में स्थित राज्यों की ओर दिनांक 14.11.2015 से 17.11.2015 तक निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

| विशेष गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 14.11.2015 को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04452 | आनन्द विहार (ट) | 10:45 | भागलपुर | 12:00 | अनारक्षित | कानपुर, इलाहाबाद, मुगलसराय, पटना, मोकामा, क्यूल एवं जमालपुर स्टेशन |
| 04454 | आनन्द विहार (ट) | 11:45 | गया | 04:00 | अनारक्षित | कानपुर, इलाहाबाद एवं मुगलसराय स्टेशन |
| 04456 | दिल्ली जं. | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | अनारक्षित | मुरादाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन |
| 04458 | नई दिल्ली | 10:30 | कटिहार | 15:00 | अनारक्षित | मुरादाबाद, लखनऊ, वाराणसी, मुगलसराय, पटना, मोकामा, बरौनी, बेगूसराय एवं खगड़िया स्टेशन |
| 09619 | अजमेर/दिल्ली जं. | 00:35 | पटना | 20:50 | अनारक्षित | मदार, कासगंज, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर,जयपुर, दौसा, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, दिल्ली जं., मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी, मुगलसराय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 04462 | नई दिल्ली | 22:40 | पटना | 15:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, कानपुर, इलाहाबाद, मुगलसराय |
| 04464 | नई दिल्ली | 23:45 | दरभंगा | 04:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद चन्दौसी, लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, मुज्जफरपुर, समस्तीपुर |
| 04406 | नई दिल्ली | 19:25 | लखनऊ | 04:40 | 2 टियर वाता., शयानयान, सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद एवं बरेली स्टेशन |
| 04414 | नई दिल्ली | 21:40 | लखनऊ | 06:30 | एक्जीक्यूटिव कुर्सीयान, वाता. कुर्सीयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन |
| **दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 15.11.2015 को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04452 | आनन्द विहार (ट) | 10:45 | भागलपुर | 12:00 | अनारक्षित | कानपुर, इलाहाबाद, मुगलसराय, पटना, मोकामा, क्यूल एवं जमालपुर स्टेशन |
| 04454 | आनन्द विहार (ट) | 11:45 | गया | 04:00 | अनारक्षित | कानपुर, इलाहाबाद एवं मुगलसराय स्टेशन |
| 04456 | दिल्ली जं. | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | अनारक्षित | मुरादाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन |
| 04458 | नई दिल्ली | 10:30 | कटिहार | 15:00 | अनारक्षित | मुरादाबाद, लखनऊ, वाराणसी, मुगलसराय, पटना, मोकामा, बरौनी, बेगूसराय एवं खगड़िया स्टेशन |
| 04438 | आनन्द विहार (ट) | 13:45 | पटना | 10:00 | सामान्य | आनन्द विहार (ट) – पटना जं. |
| 02266 | आनन्द विहार (ट) | 18:45 | सियालदह | 16:40 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | कानपुर, इलाहाबाद, मुगलसराय, गया एवं धनबाद स्टेशन |
| 04436 | आनन्द विहार (ट) | 22:30 | इलाहाबाद | 08:40 | 3 टियर वाता. शयनयान | गाजियाबाद, अलीगढ़ एवं कानपुर स्टेशन |
| 04460 | नई दिल्ली | 09:45 | लखनऊ | 18:00 | एक्जीक्यूटिव कुर्सीयान, कुर्सीयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली |
| 05058 | नई दिल्ली | 07:50 | गोरखपुर | 23:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, लखनऊ, गोंडा, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| **दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 16.11.2015 को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 05102 | दिल्ली जं. | 13:55 | छपरा | 10:55 | अनारक्षित | मुरादाबाद, लखनऊ, शाहगंज, खोरसाणा रोड, आजमगढ़, मुहम्दाबाद, मऊ एवं बलिया स्टेशन |
| 04452 | आनन्द विहार (ट) | 10:45 | भागलपुर | 12:00 | अनारक्षित | कानपुर, इलाहाबाद, मुगलसराय, पटना, मोकामा, क्यूल एवं जमालपुर स्टेशन |
| 04440 | आनन्द विहार (ट) | 13:45 | पटना | 10:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान | कानपुर सेन्ट्रल, इलाहाबाद, मुगलसराय, बक्सर एवं आरा स्टेश |
| 04414 | नई दिल्ली | 21:40 | लखनऊ | 06:30 | एक्जीक्यूटिव कुर्सीयान, वाता. कुर्सीयान | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन |
| 05060 | नई दिल्ली | 07:50 | गोरखपुर | 23:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, लखनऊ, गोंडा, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| **दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 17.11.2015 को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04408 | दिल्ली जं. | 11:15 | दरभंगा | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन |
| 04416 | नई दिल्ली | 19:25 | बरौनी जं. | 18:50 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशन |
| 05028 | आनन्द विहार (ट) | 14:00 | गोरखपुर | 05:10 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान | मुरादाबाद, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, खलिलाबाद स्टेशन |
| 04436 | आनन्द विहार (ट) | 22:30 | इलाहाबाद | 08:40 | 3 टियर वाता., शयनयान | गाजियाबाद, अलीगढ़ एवं कानपुर स्टेशन |

इन त्यौहारों के दौरान उत्तर रेलवे, अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से 95 जोड़ी विशेष रेलगाड़ियों सहित (कुल 190 रेलगाड़ियाँ) चला रही है। इसमें 52 गंतव्यों के लिए 10 जोड़ी सुविधा एक्सप्रेस तथा अनारक्षित सहित 85 जोड़ी एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ियाँ हैं जो 2005 फेरे लगायेंगी। उपरोक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के अलावा उत्तर रेलवे द्वारा अनेक नियमित रेलगाड़ियों में यात्री वहन क्षमता का भी विस्तार किया जा रहा है। यात्री वहन क्षमता की वृद्धि के लिये 190 रेलगाड़ियों में 167 अतिरिक्त डिब्बे जोड़े जा रहे हैं, जो इस अवधि के दौरान कुल 7190 फेरे लगायेंगे। यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली जंक्शन व नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों से और भी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियां अल्प सूचना पर चलाई जायेंगी।

3175/15

नोटः अधिक जानकारी हेतु कृपया रेलवे पूछताछ नं. 139 से सम्पर्क करें या भारतीय रेल की वेबसाइट www.indianrailways.gov.in पर सम्पर्क करें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

जन सम्पर्क - उत्तर रेलवे

सुरक्षा हेल्पलाइन नं. 182 एवं रेल यात्री शिकायत हेल्पलाइन नं. 138

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अनजान यात्री से खाने पीने की वस्तुओं को न कहें

उनके बुने जाल में न फँसें



आपसे दोस्ती केवल एक बहाना है, असली मकसद आपका सामान उड़ाना है।

रेलयात्रा के दौरान अपरिचित व्यक्तियों से खाने-पीने की वस्तुएं न लें, जिसमें नशीला पदार्थ/ज़हर हो सकता है, इसके खाने-पीने से आपकी जान को खतरा हो सकता है एवं आपको बेहोश करके आपका बहुमूल्य सामान लेकर भाग सकता है।

खाने-पीने की वस्तुएं हमेशा रेलवे के अधिकृत विक्रेता से ही लें।

ज़हरखुरानी गिरोह से हमेशा सावधान रहें और सुरक्षित यात्रा का आनंद उठाएं।

रेलयात्री शिकायत हेल्पलाइन नं : 138

उत्तर रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नं : 182

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुरक्षा - हमारा ध्येय

हमसे www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जनसंपर्क – उत्तर रेलवे


# ‘स्पिन’ हमले की ‘विराट’ योजना

## डेल स्टेन दूसरे टैस्ट से बाहर



**बेंगलुरु,** (भाषा): मोहाली की स्पिन की अनुकूल पिच पर दक्षिण अफ्रीका को तीन दिन के भीतर ध्वस्त करने के बाद भारत कल से यहां दोनों टीमों के बीच शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टैस्ट में एक बार फिर अपनी स्पिन तिकड़ी की बदौलत एबी डिविलियर्स के 100वें टैस्ट के जश्न के रंग में भंग डालने के इरादे से उतरेगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका को डेल स्टेन की चोट की वजह से बाहर हो जाने से बड़ा झटका लगा है। पहले टैस्ट में 108 रन की जीत के बाद विराट कोहली की अगुआई वाली टीम के एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका पर चौतरफा हमला बोलने की उम्मीद है। इस बीच विरोधी टीम अपने अहम खिलाड़ियों की चोटों की समस्या से जूझ रही है और उस पर स्पिन की अनुकूल पिचों पर बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव भी है। समकालीन क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से एक डिविलियर्स की भी यह परीक्षा होगी जो उस मैदान पर अपना 100 वां टैस्ट खेल रहे हैं जहां दर्शक वर्षों से ‘एबीडी, एबीडी’ के नारे लगाकर उनका हौसला बढ़ाते आए हैं। अमित मिश्रा ने मोहाली में दोनों पारियों में डिविलियर्स को पैवेलियन भेजा था लेकिन वह अब भी भारत की एक और जीत की राह में सबसे बड़ा खतरा हैं क्योंकि वर्नन फिलेंडर टखना मुड़ने के कारण सीरीज से बाहर हो चुके हैं जबकि डेल स्टेन के खेलने पर भी संदेह के बादल छाए हुए हैं। रवि चंद्रन अश्विन (8 विकेट), रविंद्र जडेजा (8 विकेट) और अमित मिश्रा (3 विकेट) की स्पिन तिकड़ी अच्छी फार्म में है और इसमें कोई संदेह नहीं कि मेजबान टीम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की स्पिन परीक्षा लेने के इरादे से उतरेगा।

# पैनल के समक्ष उपस्थित हुए डीडीसीए सदस्य

**नई दिल्ली,** (भाषा) : दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष स्नेह प्रकाश बंसल जहां भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथे और आखिरी टैस्ट मैच की मेजबानी के लिये आश्वस्त हैं वहीं दूसरी तरफ डीडीसीए के 13 सदस्य आज तीन सदस्यीय जांच समिति के समक्ष उपस्थित हुए जो उसकी विभिन्न कमियों पर गौर कर रही है जिसमें राज्य क्रिकेट संस्था में विभिन्न स्तरों पर खिलाड़ियों के चयन में पक्षपात की शिकायतें भी शामिल हैं। बीसीसीआई ने चौथे टैस्ट के लिये पुणे को ‘बैकअप’ स्थल के रूप में चुनकर डीडीसीए पर दबाव बना दिया है और राज्य सरकार ने भी राज्य क्रिकेट संस्था से मनोरंजन कर 241 45 करोड़ रुपयों का भुगतान करने के निर्देश दिये हैं लेकिन बंसल ने कहा कि मैच होगा।

बंसल ने कहा, ‘‘हम फिरोजशाह कोटला पर मैच के आयोजन को लेकर काफी सकारात्मक हैं। हमें सरकार का भी समर्थन हासिल है और हमें बीसीसीआई की 17 नवंबर की समयसीमा तक सभी स्वीकृति लेने का भरोसा है।’’ उन्होंने कहा, ‘‘देखिये ये सब कुछ पिछले पांच साल से हो रहा है। हम चीजों को सही करने के अपने लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं और हम सकारात्मक हैं कि समय से चीजें सुलझा ली जाएंगी।’’


नीम कोटेड यूरिया से हो मेहनत सफल

मिले बेहतर पानी, ज़मीन और फसल

यूरिया हमारे देश में सबसे ज्यादा उपयोग होने वाली खाद है।

भारत सरकार ने देश में 100% नीम कोटेड यूरिया बनाना जरुरी कर दिया है।




नीम कोटेड यूरिया क्या है?

नीम कोटेड यूरिया के प्रत्येक दाने के ऊपर नीम तेल की एक परत होती है जो कि यूरिया की मिट्टी में घुलनशीलता धीमी कर देता है जिससे यूरिया में उपलब्ध नाइट्रोजन फसल को ज्यादा मात्रा में मिल पाता है।

नीम कोटेड यूरिया के उपयोग के लाभः

• फसलों की पैदावार में वृद्धि • मिट्टी की उर्वरता में सुधार • सीमित जल संसाधनों का सदुपयोग • किसानों के खर्च में कमी • पारिवारिक पोषण सुरक्षा • नाइट्रेट का रिसाव कम होने की वजह से भू–जल की गुणवत्ता में सुधार • यूरिया की मात्रा में कमी, विदेशी मुद्रा की बचत

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग


कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

भारत सरकार

davp65101/13/0011/1516

अधिक जानकारी के लिए किसान कॉल सेंटर टोल फ्री नं. 1800–180–1551 पर कॉल करें | वेबसाइटः http://mkisan.gov.in, http://farmer.gov.in


गॉड ब्लैस यू



नई दिल्ली में अपने धर्म गुरु से आशीर्वाद लेते क्रिकेटर युवराज सिंह और हेजेल कीच। (छाया : प्रैट्र)

# वार्नर के दोहरे शतक से कंगारू मजबूत

**दूसरा टैस्ट**

**उस्मान ख्वाजा ने भी बनाया लगातार दूसरा शतक : दो विकेट पर बनाए 416 रन**

**पर्थ,** (वार्ता): जबरदस्त फार्म में चल रहे ओपनर डेविड वार्नर (नाबाद 244) के दोहरे शतक और उनकी उस्मान ख्वाजा (121) के साथ दूसरे विकेट के लिए 302 रन की बड़ी साझेदारी के दम पर आस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड की जोरदार धुनाई करते हुए दूसरे क्रिकेट टैस्ट के पहले ही दिन शुक्रवार को दो विकेट पर 416 रन का विशाल स्कोर बना दिया। वार्नर ने सीरीज में लगातार तीसरा शतक ठोका। इस धुरधंर ओपनर ने ब्रिसबेन में 163 और 116 रन की पारियां खेली थीं और अब उन्होंने अपने करियर का पहला दोहरा शतक जमा दिया है। वार्नर का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ स्कोर 180 रन था। वार्नर ने 272 गेंदों पर नाबाद 244 रन की तूफानी पारी में 22 चौके और दो छक्के लगाए। ओवरआल वार्नर का यह 15वां शतक है और इसके साथ ही उन्होंने टैस्ट क्रिकेट में 4000 रन भी पूरे कर लिए। आस्ट्रेलियाई ओपनर इस तरह पर्थ के मैदान पर सर्वाधिक निजी स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। पर्थ में सर्वाधिक 380 स्कोर आस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन के नाम है।

# हिमालयन ट्रैक रन सम्पन्न




**नई दिल्ली,** (एजेंसियां): 25वीं अंतर्राष्ट्रीय हिमालयन रन एंड ट्रैक स्पर्धा दार्जिलिंग परिक्षेत्र में माउंट एवरेस्ट व कंचनजंघा के साये में आयोजित की गई। रेस डायरेक्टर सी.एस. पाण्डेय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस बार रेस में जर्मनी, यूके, स्पेन, साउथ अफ्रीका, अर्जेंटीना, कनाडा, जापान, आस्ट्रेलिया, अमरीका, हांगकांग, चिली, वेनेजुएला, भारत, रिको आदि 14 देशों के धावकों ने भाग लिया। श्री नरेन्द्र लामा, अस्सिटेंट डायरेक्टर, स्थानीय सरकार ने धावकों को शुभकामनाएं देते हुए हरी झंडी दिखाकर स्पर्धा को शुरू किया एवं रेस निर्देशक की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह उनके इस साहसपूर्ण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों से बेहद प्रभावित हैं। पांच दिनों की 160 किलोमीटर की यह हिमालयन रेस पांच चरणों में पूरी हुई।

पुरुष वर्ग में तेनजिन एंजेल (आस्ट्रेलिया) ने 19 घंटे 45 मिनट का समय लेकर प्रथम स्थान पाया। यूके के साइमन पुटक ने 22 घंटे 28 मिनट दूसरे स्थान पर और अमरीका के जेफ्री लेवी ने 24 घंटे 11 मिनट का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के वर्ग में केली एमर्सन (आस्ट्रेलिया) 19 घंटे 45 मिनट प्रथम, लिंडा विल्सन (कनाडा) 22 घंटे 16 मिनट द्वितीय और हैडेमरिए स्टेक (जर्मनी) 23 घंटे 37 मिनट तृतीय स्थान पर रही। सबसे बुजुर्ग धावक 75 वर्षीय रेक्स व्हिट्ल रहे और सबसे कम उम्र के धावक 18 वर्षीय मक्ग्रेगोर रहे।

## पृष्ठ एक के शेष

### लंदन में मोदी

ऐसा लगता है कि वे भारतीय समुदाय के साथ पूरी तरह से घुलमिल गए हैं। इसके लिए मैं उनका अभिनंदन करता हूं। भारत के प्रति भी उनके मन में आदर और लगाव है।

ब्रिटिश पार्लियामेंट के सामने महात्मा गांधी की मूर्ति यही बताती है कि यहां पर भी आजादी की लड़ाई लड़ी गई। यहां से श्याम जी कृष्णवर्मा भी एक थे, विद्वान थे। यहां रहकर उन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी। उनकी 1930 में मृत्यु हो गई। इसके लिए उनकी बार से सदस्यता रद्द कर दी गई थी।

अब फिर उनकी इस सदस्यता को जारी किया गया है। 1930 से 2003 तक उनकी अस्थी लेने कोई नहीं आया। 2003 में मैं आया और गुजरात के कच्छ के मांडवी में ले गया जो उनका जन्मस्थान है। अब यह सदस्यता पत्र भी वहीं रखा जाएगा। पीएम कैमरून ने घड़ी की सुई को उल्टा घुमाया है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के लिए अजूबा है। हर देश किसी न किसी समस्या से जूझ रहा है। लेकिन भारत इतना मिलजुलकर कैसे रहता है। लोगों को आश्चर्य लगता है जहां 100 से ज्यादा भाषाएं, 1500 से ज्यादा बोलियां हों, तमाम विविधता हों ये विविधता हमारी आन-बान-शान भी है, ये शक्ति भी है।

पंजाब के सिख भाइयों की कितनी वीर गाथाएं हैं। सिख समुदाय ने मां भारती की रक्षा भी की और आजाद हिन्दुस्तान में भारत मां के बेटों का पेट भरने का पूरा इंतजाम किया। जो सिख समुदाय की मांग है, उस पर काम हो रहा है। भारत की धरती पर कबीर और रहीम की बातें प्रेरणा देती रही हैं। सूफी परम्परा अगर बलवान हुई होती तो आतंकवाद नहीं होता। इस्लाम में जिसने सूफी परम्परा को समझा होता वह हाथ में हथियार नहीं लेता। भारत में तमाम संप्रदाय के लोग हैं।

भारत विविधताओं से पुलकित हुआ है। आप भारत के एम्बेसेडर हैं। भारतीय समुदाय का व्यक्ति जहां गया, वहां सबके साथ रहने का संस्कार लेकर गया। अपनी परम्पराओं को बचाते हुए घुलमिलकर रहा।

विश्वभर में फैले हुए भारतीय समाज ने ऐसा परिचय कराया है, कि भारत की पहचान बनी। आपने भारत की अच्छी पहचान बनाई। आज विश्व में भारत की अपनी एक गरिमा, गौरव है जिसका अनुभव आप भी करते होंगे। पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी नजरों से देखती है।

दुनिया का नजरिया बदला है। यह सफलता भारत की निशानी के रूप में है। विश्व आज भारत को एक शक्ति के रूप में पहचान रहा है। भारत में संभावनाएं देख रहा है। हम भी भारत के स्थान के लिए बराबरी के स्थान का प्रयास कर रहे हैं। हम दुनिया से मेहरबानी नहीं चाहतेए अगर हम चाहते हैं, तो वह है बराबरी।

मैं 18 महीनों के अनुभव से कह सकता हूं कि आज भारत के साथ जो भी बात करता हैए वह बराबरी से बात करता है। तमाम देश भारत से जुड़ना चाहता है। तो वह भिन्न-भिन्न फार्मूले के साथ, और कदम से कदम जोड़ कर बढ़ना चाहता है। यह अच्छे संकेत हैं। विश्व दो प्रमुख समस्याओं से जूझ रहा है। एक आतंकवाद, दूसरा ग्लोबल वॉर्मिंग। सारी मानवजाति को बचाने की जिम्मेदारी हर देश की है और हर नागरिक की है। भारत इसके लिए सही रास्ता दिखा सकता है। महात्मा गांधी का जीवन और उपदेश, अहिंसा का शस्त्र। आज का विश्व गांधी को समझने का प्रयास करे तो दोनों से मुक्ति मिल सकती है। गांधी दिग्दृष्टा थे। ऐसे संकट की घड़ी में मानवता के कल्याण के लिए भारत अपनी भूमिका निभा रहा है। देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेज गति से चल रहा है।

भारत ने जो गति पकड़ी है, जो दिशा पकड़ी है, इससे बहुत जल्द हम उसके फल भी देखने शुरू करेंगे। आजादी के 70 साल के बाद, आज भी हिन्दुस्थान में 18000 गांव ऐसे हैं जहां बिजली का खंभा भी नहीं पहुंचा है। वहां पर बिजली पहुंचाई जाएगी। आने वाले 1000 दिनों में यह काम पूरा किया जाएगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लंदन स्थित वेम्ब्ले स्टेडियम के मंच पर सूर्य नारायण स्वामी स्कूल के बच्चों से मिलवाते हुए ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड कैमरून। (छाया : प्रैट्र.)

# भारत व्यापार के लिए सबसे अनुकूल जगह : नरेन्द्र मोदी



लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कैमरून को 'उपहार' देते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। (छाया : प्रैट्र)

**लंदन,** (आईएएनएस): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के कारपोरेट जगत को भारत में कारोबार के लिए पारदर्शी, उम्मीद के मुताबिक और एक आसान नीतिगत माहौल का आश्वासन देते हुए कहा कि मौजूदा समय में भारत के साथ काम करना समझदारी की बात है। भारत की उभरती आर्थिक क्षमताओं की पुष्टि विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व आर्थिक मंच जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों ने भी की है।

ब्रिटेन के तीन दिवसीय दौरे पर गुरुवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री ने 15वें सेंचुरी गिल्डहाल में भारत-ब्रिटेन व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए वैश्विक निवेशकों की भारत में कराधान से संबंधित चिंताओं को भी दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वे इससे संबंधित सभी मुद्दों का समाधान करने में व्यक्तिगत तौर पर रुचि लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल मई में सत्ता संभालने के बाद अपनी सरकार द्वारा इस संबंध में उठाए गए कुछ ठोस कदमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''ऐसे कई नियमन और कराधान से संबंधित मुद्दे थे, जिनका विदेशी निवेशकों की सोच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। हमने इन चिंताओं को दूर करने के लिए बेहद निर्णायक कदम उठाए हैं।''

उन्होंने कहा, ''हम अपनी कर व्यवस्था को पारदर्शी और उम्मीद के मुताबिक बनाना चाहते हैं। हम यह भी चाहते हैं कि सच्चे निवेशकों और ईमानदार करदाताओं को कराधान से संबंधित मामलों पर त्वरित और निष्पक्ष फैसले मिले।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार की इसी सोच के कारण वैश्विक परामर्शदाता कंपनी अन्सर्ट एंड यंग ने भारत को निवेश की दृष्टि से पहले नंबर पर रखा है, जबकि फ्रास्ट एंड सुलिवन सहित अन्य कंपनियों ने विकास और नवाचार के संबंध में देश को शीर्ष पर रखा है। प्रधानमंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के संबंध में आंकड़े भी पेश किए। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंदी के अनुमान के बावजूद विश्व बैंक ने हाल ही में भारत की विकास दर इस साल 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत को एक 'उज्जवल भविष्य' की तरह देखता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''सुधार के इस दौर को देखते हुए मैं कह सकता हूं कि भारत विदेशी निवेश के लिए सबसे खुले देशों में से एक है।'' प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में अपने 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्किल इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी परियोजनाओं पर प्रकाश भी डाला। उन्होंने कहा कि भारत के साथ व्यापार को आसान व सरल बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की भी हरसंभव कोशिश की जा रही है। ब्रिटिश कारपोरेट जगत से भारत में निवेश की अपील करते हुए मोदी ने कहा, ''आप में से कई लोग भारत से हैं, कई पहले से भारत में हैं, लेकिन वहां नहीं हैं, उन्हें मैं कहना चाहूंगा कि इस समय भारत में व्यापार करना समझदारी की बात है। हम भारत में निवेश को आसान बनाने जा रहे हैं।'' भारत, ब्रिटेन समझौतों के बाद व्यापार बढ़ाने को प्रतिबद्ध: भारत और ब्रिटेन ने 9.2 अरब पाउंड (14 अरब डालर) के समझौतों के बाद एक-दूसरे के साथ व्यापार सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। भारत और ब्रिटेन के बीच ये समझौते भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री डेविड कैमरून के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के बाद गुरुवार को हुए। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद जारी साझा बयान में कहा गया है, ''प्रधानमंत्री मोदी और कैमरन ने दोनों देशों के अभिन्न एवं मधुर कारोबारी संबंधों का उल्लेख किया और दोनों देशों के बीच 9.2 अरब पाउंड के समझौतों का स्वागत किया।'' बयान के मुताबिक, ''पिछले 15 साल में भारत में ब्रिटेन का कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश 8.56 प्रतिशत रहा है। ब्रिटेन में भारतीय कंपनियों के 1,10,000 लोगों को रोजगार दे रखा है।''

बयान के मुताबिक कैमरून ने बीमा क्षेत्र में अधिक एफडीआई के लिए भारतीय बाजार में निवेश के लिए अधिक ढील दिए जाने का उल्लेख किया। भारत की विशाल आबादी को बीमा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार ने बीमा एवं पेंशन क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर दी है।

**सरल बनाई गई नीतियां**

**प्रधानमंत्री ने भारत-ब्रिटेन व्यापार सम्मेलन में निवेशकों की चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया**

**उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद**

निविदा सूचना सं0: CEN 01 GWL0915
दिनांक : 06.11.2015

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित प्रारूप पर मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण:** ग्वालियर (एन जी) - भिण्ड-इटावा खण्ड में 1:2 स्लोप मेनटेनिंग हेतु अर्थवर्क तथा सेस रिपेयरिंग का कार्य। **कार्य की लागत (अनुमानित):** ₹ 03.55 करोड़, **बयाना राशि का विवरण:** ₹ 327500/-, **निविदा प्रपत्र की मूल्य:** ₹ 10000/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 10 माह। निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मँगाने पर ₹ 500/- अतिरिक्त देय होगा। **निविदा खुलने की तिथि:** 18.12.2015, **निविदा प्रपत्र की बिक्री:** निविदा प्रपत्र दिनांक 03.12.2015 से 18.12.2015 को 11.00 बजे तक मुख्य इंजीनियर (निर्माण)/मध्य, 'एच' ब्लाक, भागीरथी बिल्डिंग, सूबेदारगंज, उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) एवं उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)/उत्तर मध्य रेलवे, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 4, (प्रथम तल) ग्वालियर (मध्य प्रदेश) के कार्यालयों में बिक्री हेतु उपलब्ध रहेगा। **निविदा प्रपत्र डालने व खुलने का समय तथा स्थान:** निविदा प्रपत्र दिनांक 18.12.2015 को 15.00 बजे तक डाला जा सकता है एवं उसी दिन शाम 15.30 बजे खोली जायेगी। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट **www.ncr.indianrailways.gov.in** या **www.tenders.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा सूचना का विवरण मुख्य इंजीनियर (निर्माण)/मध्य, 'एच' ब्लाक, भागीरथी बिल्डिंग, सूबेदारगंज, उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) एवं उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)/उत्तर मध्य रेलवे, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 4, (प्रथम तल) ग्वालियर (मध्य प्रदेश) के कार्यालयों के सूचनापट पर देखा जा सकता है। **940/15 (A)**

**प्रसार भारती**
**(भारत का लोक सेवा प्रसारक)**
**दूरदर्शन महानिदेशालय**
**दूरदर्शन भवन, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली-110001**

**दूरदर्शन चैनलों के सेटेलाईट पैरामीटरों का परिवर्तन**

"सभी एमएसओ, केबल ऑपरेटर्स और डीटीएच सेवा प्रदाताओं को सूचित किया जाता है कि डीडी नेशनल, डीडी न्यूज़, डीडी भारती, डीडी इंडिया, डीडी किसान, डीडी उर्दू तथा राज्य सभा टीवी चैनलों, जिनका वर्तमान प्रसारण फ्रिक्वेंसी 3725 मेगाहट्ज पर इनसैट-4बी (93.5°E) है, के प्रसारण फ्रिक्वेंसी को 17.11.2015 से नये सेटैलाइट जीसैट-10 (83°E) में हस्तांतरित कर दिया जायेगा। इस तिथि से इन चैनलों को प्राप्त करने के लिए कृपया अपने डिश को 83°E पर जीसैट-10, डाउनलोड फ्रिक्वेंसी-3885 मेगाहट्ज, पोलराइजेशन-वर्टिकल, एफईसी-¾ एवं सिम्बल रेट-27.5 एमएसपीएस की ओर पुनःनिर्धारित करें।
हालांकि, डीडी स्पोर्ट्स सहित डीडी नेशनल, डीडी न्यूज़, डीडी भारती, डीडी उर्दू चैनल इनसैट-4बी (93.5°E) (डाउनलोड फ्रिक्वेंसी 3925 मेहाहट्ज) पर नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगे।"

**गुमशुदा लड़कों की तलाश**



विक्की

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दो लड़के जिनके नाम **1. विक्की** और **2. बबलू उर्फ गोलू** दोनों पुत्र श्री सुखदेव निवासी ए-6, हरस्वरूप कॉलोनी, फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली **1. विक्की : उम्र** : 8 साल, **कद** : 3'5", **रंग** : सांवला, **शरीर** : मजबूत, **चेहरा** : गोल, जिसने सफेद रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की पैंट पहने हुए है **2. बबलू उर्फ गोलू : उम्र** : 6 साल, **कद** : 3'5", **रंग** : साफ, **शरीर** : पतला, **चेहरा** : गोल, जिसने काले रंग की हाफ पैंट और नीले रंग की हाफ टी-शर्ट पहने हुए है, दिनांक 20.07.2015 से लापता हैं। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 642/15 दिनांक 06.09.2015 थाना फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इन गुमशुदा लड़कों के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639,
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष : थाना फतेहपुरी बेरी, नई दिल्ली, दूरभाष सं. 011-26159611, 26159511

DP/3126/SD/15

# भुला दी गई मौलाना आजाद की जयंती

**नई दिल्ली,** (आईएएनएस): जयंती समारोहों के मौजूदा दौर में धर्मनिरपेक्षतावादी नेता और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की 127वीं जयंती लगभग भुला दी गई। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के कुछ अधिकारियों के अलावा मौलाना आजाद के जामा मस्जिद स्थित स्मारक पर कोई नहीं पहुंचा। आधुनिक भारत के संस्थापकों में से एक मौलाना आजाद को अधिकतर नेताओं ने याद नहीं किया। अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने के बाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे मौलान आजाद। उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। आईसीसीआर मौलाना आजाद की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाती है। ऐतिहासिक जामा मस्जिद के पास स्थित मौलाना आजाद के स्मारक पर आईसीसीआर ने समारोह का आयोजन किया। समारोह में आईसीसीआर के महानिदेशक सी. राजशेखर ने कहा कि विभाजन के बाद मौलाना आजाद ने मुसलमानों के सामने कुरान की यह बात रखी थी : ''डरो मत और शोक मत मनाओ।

# पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं खुर्शीद

**नवाज शरीफ की तारीफ**

**आतंक विरोधी कार्रवाई के लिए दी पाकिस्तानी सेना को थपकी**

**नई दिल्ली,** (एजैंसी): कांग्रेसी नेता देश में सत्ता परिवर्तन और नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार करने के इस कदर विरोधी हैं कि देश के कट्टर विरोधी पाकिस्तान जाने पर उसी देश की भाषा बोलने से बाज नहीं आ सकते। यह बात कभी देश के विदेश मंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद पर सही बैठती है। जिन्होंने इस्लामाबाद में दिए अपने एक बयान में भारत-पाक रिश्तों पर भाजपा के रवैये को गलत ठहराया।

खुर्शीद ने कहा कि पाकिस्तान के अमन के पैगाम का भाजपा की अगुआई वाली सरकार ने सही जवाब नहीं दिया और साथ ही आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पाकिस्तानी सेना की तारीफ की। खुर्शीद यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की यह दूर की सोच थी कि वे मई 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान से दिल्ली आए। नवाज का यह बेबाक फैसला उनकी हिम्मत को दिखाता है। मोदी सरकार को यह समझना था। खुर्शीद ने कहा-कांग्रेस जब सरकार में थी तब भी भाजपा इस बात के लिए दबाव बनाती थी कि पाकिस्तान के साथ रिश्ते सामान्य न रहें। भाजपा ने पाकिस्तान को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। उलजलूल बयान देने के लिए कुख्यात रहे खुर्शीद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अब भी स्टेटसमैन बनने के गुर सीख ही रहे हैं। मोदी सरकार को इस बात का साफ तौर पर अंदाजा नहीं है कि उसे पाकिस्तान या बाकी किसी देश के साथ कैसे रिश्ते रखने हैं। एक कामयाब और स्थिर पाकिस्तान ही भारत के लिए बेहतर है। गौरतलब है कि इस्लामाबाद का जिन्ना इंस्टीट्यूट हर साल अलग-अलग विषयों पर स्पीच कराता है। इस बार बतौर स्पीकर खुर्शीद को न्यौता दिया गया था।

# नरेन्द्र मोदी ने दिए कैमरून को उपहार

**लंदन,** (वार्ता): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री डेविड कैमरन को लकड़ी, संगमरमर और चांदी से बनी दस्तकारी वाले दो पुस्तक अवलंब (बुक एंड) भेंट किए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इन दोनों पुस्तक अवलंबों के बीच चांदी की एक घंटी लगी है, जो आंतरिक मेधा तथा शुभ संकेत का प्रतीक है। इस पर श्रीमद् भागवत गीता का श्लोक अंकित है, जिसका अंग्रेजी अनुवाद भी अंदर की ओर लिखा हुआ है। यह श्रीमद् भागवत गीता के अध्याय 13 के श्लोक 15-16 से संबंधित है। दोनों घंटियों पर एक-एक श्लोक खुदे हुए हैं। प्रधानमंत्री कैमरन की रुचि को देखते हुए श्री मोदी ने उन्हें प्रथम विश्व युद्ध पर लिखी राबर्ट ग्रेव की पुस्तक 'गुड बाय टू आल दैट' तथा डेविड ओमिसी की पुस्तक 'इंडियन वाइसेस आफ दी ग्रेट वार' भी भेंट की।

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 15/56 — दिनांक : 10.11.2015

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भण्डार नियंत्रक, उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद (आई.एस.ओ. 9001:2000 प्रमाणित इकाई) द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं | निविदा संख्या | माल का विवरण | मात्रा | निविदा फार्म की लागत ₹ | बयाना राशि ₹ | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 50151469 | टेलीफोन मैगनेटो डेस्क टाइप विथ 5 वॉट जेनेरेटर 1000 ओएचएमएस | 6413 नग | ₹ 1500/- | ₹ 299400/- | 07.12.2015 |
| 2. | 50155275 | रिले एसी इम्यून प्लग इन टाइप स्टाइल क्यूएनएनए 1 | 1000 नग | ₹ 1500/- | ₹ 79600/- | 07.12.2015 |
| 3. | 60155052 | सी-एआरएम इमेज इन्टेन्सीफायर | 01 नग | ₹ 500/- | ₹ 29600/- | 08.12.2015 |
| 4. | 60155074 | एम्बूलेटरी वेन्टीलेटर | 01 नग | ₹ 500/- | ₹ 9000/- | 09.12.2015 |
| 5. | 60155073 | वेन्टीलेटर फार नेयोनेटस् एण्ड एडल्ट इन ओटी | 01 नग | ₹ 500/- | ₹ 18000/- | 09.12.2015 |
| 6. | 50155236 | रिले प्लग इन टाइप स्टाइल क्यूएल 1 | 700 नग | ₹ 500/- | ₹ 58800/- | 10.12.2015 |
| 7. | 50155315 | रिले एसी इम्यून प्लग इन टाइप स्टाइल क्यूएसपीए 1 | 500 नग | ₹ 500/- | ₹ 43900/- | 10.12.2015 |
| 8. | 70145103-ब | ऑटोमैटिक कार्बाइड टाइप्ड सर्कुलर सॉ | 01 नग | ₹ 500/- | ₹ 18100/- | 09.12.2015 |
| 9. | 70133012-ब | वैल्डिंग इलेक्ट्रोड्स क्लास एम 5 साइज 4x350 एमएम लांग | 21974 मीटर | ₹ 500/- | ₹ 15300/- | 11.12.2015 |
| 10 | 30151506 | फुट स्टेप फॉर बॉक्सएन वैगन | 9879 नग | ₹ 500/- | ₹ 39300/- | 11.12.2015 |
| 11 | 30151778 | सब रिपेयर किट 'बी' फॉर आइआरएसए-600 | 2075 सेट | ₹ 1500/- | ₹ 80300/- | 11.12.2015 |

**नोट : 1.** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूर्ण विवरण IREPS वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III Digital हस्ताक्षर 2. प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। **5.** निविदा प्रपत्र एवं ड्राइंग की कीमत के लिए विनिधान जेड-650 एवं बयाना राशि ई.एम.डी. के लिए जमा विविध भंडार 00844517 उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **http://www.ncr.indianrailways.gov.in** और **www.tenders.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **950/15 (A)**

निविदा सूचना संख्याः 5420152016 — दिनांक : 06.11.2015

**निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदा निर्धारित प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्यों का विवरण | अनुमानित मूल्य (₹) | बयाने की रकम (₹) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | कार्य समापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 130 | फतेहपुर- सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे/फतेहपुर के अधीन फतेहपुर गुड शेड के टर्मिनल की सुविधाओं के विस्तार का कार्य। | ₹ 12067300/- | ₹ 210340/- | ₹ 5350/-(5000+ 7% व्यापार कर | 10 माह |
| 2 | 131 | सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन/उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद के अधीन भरवारी एवं खागा में 50,000 गैलन के आर0 सी0 सी0 ओवर हैड टैन्क के प्रतिस्थापन एवं सम्बन्धित कार्य हेतु। | ₹ 6927648/- | ₹ 138560/- | ₹ 5350/-(5000+ 7% व्यापार कर | 10 माह |
| 3 | 132 | सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन/इलाहाबाद के अधीन भरवारी स्टेशन पर ट्यूबवेल के साथ पम्प हाऊस का कार्य। | ₹ 1520700/- | ₹ 30420/- | ₹ 2140/-(2000+ 7% व्यापार कर | 06 माह |
| 4 | 133 | सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन/इलाहाबाद के अधीन सडक की सतह एवं चारदिवारी के सुधार के माध्यम से समपार के मानकीकरण का कार्य। | ₹ 3086210/- | ₹ 61730/- | ₹ 3210/-(3000+ 7% व्यापार कर | 06 माह |
| 5 | 134 | सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन/इलाहाबाद के अधीन इलाहाबाद में प्लेटफार्म न0 3 तथा 4 की लम्बाई में वाशेबल एप्रन के विस्तार का कार्य साथ में सी0 सी0 साइडिंग और लूज वर्क साइडिंग की एप्रान सुविधा का कार्य हेतु। | ₹ 4523300/- | ₹ 90470/- | ₹ 3210/-(3000+ 7% व्यापार कर | 12 माह |
| 6 | 135 | सहायक मण्डल इंजीनियर/लाईन/उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद के अधीन वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/रेलपथ/इलाहाबाद के सेक्शन में रेल/स्लीपर का सैकेण्ड्री रिनिवल तथा टर्न आउट, अदर दैन मैन लाइन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग का कार्य। | ₹ 7943800/- | ₹ 158880/- | ₹ 5350/-(5000+ 7% व्यापार कर | 10 माह |

**निविदा खुलने की तिथि:** 16.12.2015, **निविदा प्रपत्र की बिक्रीः निविदा प्रपत्र की बिक्री:** निविदा प्रपत्र दिनांक 01.12.2015 से 15.12.2015 तक 11.00 बजे प्रातः से 17.00 बजे सायं के मध्य तथा दिनांक 16.12.2015 को 10.00 से 11.00 बजे तक मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, नवाब युसुफ रोड, इलाहाबाद-211001 (उ.प्र.) के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त किये जा सकते हैं। **निविदा प्रपत्र डालने व खुलने का समय तथा स्थान:** निविदा प्रपत्र दिनांक 16.12.2015 को 13.30 बजे तक निम्न लिखित में से किसी एक स्थान पर डालना है **1.** मण्डल रेल प्रबंधक इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे/इलाहाबाद के कार्यालय में। **2.** सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/उत्तर मध्य रेलवे/कानपुर के कार्यालय में **3.** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/आई आर पी यम यू शिवाजी ब्रिज/ शंकर मार्केट के पीछे कनाट प्लेस नई दिल्ली के कार्यालय में । इसके अतिरिक्त निविदा संख्या 130 निम्नांकित स्थानों पर भी डाला जा सकता है :- **4.** मण्डल रेल प्रबंधक इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे/झांसी के कार्यालय में। **5.** मण्डल रेल प्रबंधक इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे/आगरा के कार्यालय में। तथा निविदायें पूर्व निर्धारित तिथि को 14.00 बजे खोला जाएगा। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट **www.ncr. indianrailways.gov.in** या **www. tenders.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा सूचना का विवरण उपरोक्त कार्यालय के सूचनापट पर उपलब्ध रहेगा जहां निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है। **949/15 (A)**

निविदा सूचना संख्याः 2015/18/अ — दिनांक : 06.11.2015

**निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदा निर्धारित प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (₹) | धरोहर की राशि (₹ में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह): ठेकेदार को साइट लेआउट प्लान तथा अभिकल्पन का हस्तांतरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह): कार्य का क्रियान्वयन | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2015/18/अ/01 | आगरा कैन्ट - अधिकारियों के लिए मौजूदा ट्रांजिट आवास भवन के प्रथम तल पर, ट्रांजिट आवास का प्रावधान। | ₹ 17.76 लाख | ₹ 35520/- | 01 माह | 06 माह | ₹ 2000 |
| 2 | 2015/18/अ/02 | ईदगाह-बाँदीकुई खण्ड के भरतपुर (छोड़कर) से हेलक स्टेशनों के बीच किमी.54/5 से 57/0 में ब्रिज अप्रोच पर हाई बैंक के प्रोटेक्शन हेतु सेस का चौड़ीकरण एवं टो-वाल का निर्माण कार्य। | ₹ 153.80 लाख | ₹ 226900/- | 01 माह | 08 माह | ₹ 5000 |
| 3 | 2015/18/अ/03 | आगरा कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 2 पर 3000 से 5000 लीटर प्रति घन्टा की क्षमता के दो आर.ओ. प्लांट के स्थापन के द्वारा आर.ओ. पानी की आपूर्ति का कार्य। | ₹ 12.52 लाख | ₹ 25040/- | निल | 24 माह | ₹ 2000 |
| 4 | 2015/18/अ/04 | आगरा डिवीजन में 25 नग खराब हैण्ड पम्प के प्रतिस्थापन का कार्य (ईदगाह-बायाना खण्ड में 09 नग, ईदगाह-बाँदीकुई खण्ड में 08 नग एवं मथुरा-अलवर खण्ड में 08 नग) | ₹ 13.71 लाख | ₹ 27420/- | 01 माह | 05 माह | ₹ 2000 |
| 5 | 2015/18/अ/05 | आगरा फोर्ट स्टेशन के द्वितीय द्वार के मुखौटा एवं प्लेटफार्म नं. 6 पर भारी मरम्मत का कार्य। | ₹ 97.27 लाख | ₹ 194540/- | 01 माह | 06 माह | ₹ 5000 |
| 6 | 2015/18/अ/06 | करनपुरा स्टेशन एवं कॉलोनी में पीने योग्य पानी की आपूर्ति। | ₹ 2.08 लाख | ₹ 4160/- | निल | 24 माह | ₹ 1000 |
| 7 | 2015/18/अ/07 | आगरा कैण्ट मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण एवं बंगले तथा अधिकारियों की कॉलोनी में लॉन, बाड एंव पेड़ों के अनुरक्षण का कार्य। | ₹ 24.92 लाख | ₹ 49840/- | निल | 24 माह | ₹ 3000 |

सामान्य प्रकृति का कार्य टेण्डर क्रमांक 2 एवं 5 के लिए "कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य"। **निविदा खुलने की तिथि:** 18.12.2015, **निविदा प्रपत्र की बिक्री:** निविदा प्रपत्र **मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे आगरा** के कार्यालय से निविदा खुलने के 15 दिन पूर्व से प्राप्त किये जा सकेंगे। **निविदा प्रपत्र डालने व खुलने का समय तथा स्थान:** निविदा प्रपत्र दिनांक 18.12.2015 को समय 15.15 बजे तक **मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे आगरा** के कार्यालय में डाला जा सकता है एवं उसी दिन समय 15.30 बजे खोला जायेगा। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट **www.ncr.indianrailways.gov.in** या **www.tenders.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा सूचना का विवरण उपरोक्त कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

**निविदा प्रपत्र में संशोधन: (A)** निविदा जमा करने की तिथि से पूर्व किसी भी समय इंजीनियर किसी भी कारण से जो उसके स्वयं की पहल या संबंधित निविदादाताओं के द्वारा मांगे गये स्पष्टीकरण या सूचना के परिप्रेक्ष्य मे हों निविदा प्रपत्र मे संशोधन कर सकता है। **(B)** कथित संशोधन एक शुद्धिपत्र के रूप मे समस्त संबंधित निविदाकारों को जो निविदा प्रपत्र प्राप्त कर चुके है, अन्तिम तिथि या उससे पूर्व भेजा जायेगा। यह संप्रेषण लिखित या टैलीफैक्स के द्वारा होगा तथा उन पर लागू होगा। संबंधित निविदाकार इसकी ध्यानपूर्वक रसीद टैलीफैक्स द्वारा इंजीनियर को देंगे। **(C)** निविदादाता(ओं) जो कि रेलवे की बेबसाइट से डाउन लोड किया गया निविदा प्रपत्र उपयोग कर रहे है को चाहिये कि वे निविदा सूचना /निविदा प्रपत्र से सम्बन्धित समस्त कोरिजेन्ड/एडन्डम (यदि है तो) को रेलवे की वेबसाइट पर देखते रहे, जिसके लिये वे पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। **942/15 (A)**

निविदा सूचना संख्या : आ.छा./एम/06 — दिनांक : 09.11.2015

**निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक (यात्रिक), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित संविदाकारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रारूप में मुहरबन्द लिफाफे में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण :-

| क्र. सं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की अनुमानित लागत (₹) | धरोहर राशि (₹) | निविदा प्रपत्र की कीमत (₹) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आ.छा./एम/29 टी.आर.सी/आ.फो.डिपो/15 | तीन वर्ष हेतु आगरा फोर्ट कोचिंग डिपो के अन्तर्गत टर्न राउंड, प्लेटफार्म रिर्टन एवं सैकेन्ड्री ट्रेनों के कोचों की साफ सफाई एवं जल भरने का कार्य साथ ही आगरा फोर्ट स्टेशन पर शिफ्टों के दौरान कोचों में आक्समिक जल भरने का कार्य। | ₹ 15561844/- | ₹ 227820/- | ₹ 5000 | 03 वर्ष |
| 02 | आ.छा./एम/29 एम.सी.सी/आ.फो.पी.एम.सी.सी./15 (दो पैकेट टेण्डर) | तीन वर्ष हेतु आगरा फोर्ट कोचिंग डिपो के अन्तर्गत प्राइमरी ट्रेनों के कोचों की साफ सफाई एवं जल भरने का कार्य साथ ही आगरा फोर्ट कोचिंग डिपो परिसर की साफ सफाई का कार्य। | ₹ 15534521/- | ₹ 227680/- | ₹ 5000 | 03 वर्ष |

निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मँगाने पर ₹ 500/- अतिरिक्त देय होगा। **निविदा खुलने की तिथि:** 17.12.2015, **निविदा प्रपत्र की बिक्री:** निविदा प्रपत्र निविदा खुलने के तिथि के 20 दिन पूर्व से किसी कार्य दिवस पर एवं निविदा खुलने की तिथि को 13.00 बजे तक नकद भुगतान द्वारा कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। **निविदा प्रपत्र डालने व खुलने का समय:** निविदा प्रपत्र निविदा खुलने की तिथि को 15.15 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे एवं उसी दिन समय 15.30 बजे खोला जायेगा। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट **www.ncr.indianrailways.gov.in** या **www.tenders.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा सूचना का विवरण व्ररिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर (कै. एवं वै), आगरा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**"24x7 यात्री सेवा हेल्प लाइन नं. - 138"** **952/15 (A)**

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1800 रुपए डाक द्वारा)
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2015-17
punjabkesari.com fb.me/pkdonline पंजाब केसरी DELHI



लन्दन में ब्रिटेन की संसद में ब्रिटिश समकक्ष डेविड कैमरन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।



विश्व प्रसिद्ध टेम्स नदी के पुल पर हल्के-फुल्के मूड में दोनों प्रधानमंत्री और हाउस आफ कामन्स के स्पीकर जान बेरका।




ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ लंदन स्थित ऐतिहासिक बकिंघम पैलेस में लंच के दौरान अपने खास मेहमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातें बड़े ध्यान से सुनते हुए। (छाया : प्रे.ट्र.)

# मारा गया जेहादी जान

**लंदन,** (भाषा): माना जा रहा है कि सीरिया में अमरीकी ड्रोन हमले में इस्लामिक स्टेट का कुख्यात ब्रिटिश आतंकवादी जिहादी जान मारा गया है जो वीडियो में नकाब पहनकर बंधकों को मौत के घाट उतारता दिखाई देता रहा है। उसका मूल नाम मोहम्मद एमवाजी है। वैसे तो पेंटागन इस बात का आकलन करने में जुटा है कि यह आतंकवादी सीरिया में सैन्य कार्रवाई में मारा गया या नहीं, लेकिन नंबर 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने संकेत दिया कि इस बात की प्रबल निश्चितता है कि वह हमले में मारा गया।

प्रधानमंत्री डेविड कैमरन अमरीका से यह रिपोर्ट मिलने के बाद आज बाद में डाउनिंग स्ट्रीट से बयान जारी कर सकते हैं कि अमरीकी सेना को 99 फीसदी यकीन है कि वह ड्रोन हमले में मारा गया। डाउनिंग स्ट्रीट और ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के सूत्र जिहादी जान की मौत के बारे में अमरीकी सूत्रों की तुलना में अपनी प्रतिक्रिया को लेकर अपेक्षाकृत कम सुनिश्चित हैं लेकिन ब्रिटिश सूत्रों ने कहा कि इस बात की अधिक निश्चितता है कि वह मारा गया।

**बड़ी सफलता**

**ब्रिटिश और अमरीकी बंधकों की हत्या करने वाले वीडियो में दिखा था**



10, डाउनिंग स्ट्रीट के एक प्रवक्ता ने बताया कि ब्रिटिश सेना इस अभियान में अमरीका के साथ मिलकर काम कर रही है। रातभर चली कार्रवाई के ब्यौरे की घोषणा करते हुए पेंटागन के प्रैस सचिव पीटर कुक ने कहा-अमरीकी सैन्य बलों ने 12 नवंबर, 2015 को मोहम्मद एमवाजी को निशाना बनाते हुए सीरिया के रक्का में हवाई हमला किया।

पेंटागन ने कहा कि एमवाजी अमरीकी पत्रकारों स्टीवन सोटलोफ और जेम्स फोले, अमरीकी सहायताकर्मी अब्दुल रहमान कासिग, ब्रितानी सहायताकर्मी डेविड हेन्स और एलन हेनिंग और जापानी पत्रकार केंजी गोटो और कई अन्य बंधकों की हत्याओं वाले वीडियो में नजर आया। अंग्रेजी बोलने वाले एमवाजी के बारे में माना जाता है कि उसकी पैदाइश कुवैत में हुई। उसे उन वीडियो में देखा गया जिनमें लोगों का सिर कलम करते हुए देखा गया।

## मुंबई हमले के साजिशकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करे पाकिस्तान : ब्रिटेन

**लंदन,** (वार्ता): ब्रिटेन ने पाकिस्तान से वर्ष 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। भारत के पक्ष में दिये गये ब्रिटेन के इस बयान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस यात्रा की एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। दोनों देशों ने यहां प्रधानमंत्री स्तर की बातचीत के बाद अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा साझेदारी पर जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत और ब्रिटेन आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हैं तथा अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक समझौते को जल्दी अंतिम रूप देने का समर्थन करते हैं।

# महारानी ने दिया मोदी के सम्मान में भोज

**लंदन,** (भाषा): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन की महारानी एलिजबेथ द्वितीय से दोपहर के भोज पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री अपनी ब्रिटेन की बहुप्रतिक्षित यात्रा पर कल यहां पहुंचने के बाद आज पहली बार महारानी से मिले। इस बीच प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडिलट अगले साल के प्रथमार्द्ध में भारत यात्रा पर आयेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान केंस्गिटन पैलेस ने यह घोषणा की। यह घोषणा प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के भोज के तत्काल बाद की गई। मोदी आज बकिंघम पैलेस में जगुआर पर सवार होकर आए जिसे टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर ने बनाया है। यहां महारानी के प्रतिनिधि और महल के मास्टर ने उनका स्वागत करते हुए कहा-आपका गर्मजोशी के साथ स्वागत है, 89 वर्षीय महारानी एलिजाबेथ ने लंदन स्थित अपने महल के भव्य प्रवेश द्वार पर मोदी की अगवानी करते हुए उनसे हाथ मिलाया। इसके बाद वे राजकीय संग्रह की वस्तुओं को देखने गए जिसे विशेष तौर पर भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा को देखते हुए यहां लाया गया था।

**पहली बार**

**पीएम की महारानी से पहली भेंट, प्रिंस-प्रिंसेस भी आएंगे भारत**

मोदी के सम्मान में महारानी की ओर से आयोजित दोपहर के भोज को भारत और ब्रिटेन के बीच नजदीकी रिश्तों का संकेत माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने उन्हें 54 साल पहले का उनका वह फोटो भेंट किया जब वह 1961 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत आई थी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने महारानी को पश्चिम बंगाल के मकाइबारी चाय बागान की पुरस्कृत दार्जिलिंग चाय और जम्मू-कश्मीर की आर्गेनिक शहद भेंट की। बकिंघम पैलेस के शाही शेफ ने प्रधानमंत्री के लिए खासतौर पर शाकाहारी भोजन तैयार किया।

# महबूबा की ताजपोशी जल्द

**जम्मू, नई दिल्ली,** (संवाददाता, एजैंसी): जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद अपनी बेटी और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के लिए मुख्यमंत्री पद छोड़ने का मन बना चुके हैं। उन्होंने महबूबा के राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनने के संकेत देते हुए यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पड़ोसी देश (पाकिस्तान) को मेल-मिलाप के एजेंडे पर चलते रहेंगे। श्री सईद ने कल कहा कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती का मुख्यमंत्री बनना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का



हिस्सा है लेकिन इस बारे में कोई भी निर्णय पार्टी करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी नेताओं के बीच बैठक होने के बाद ही इस पर कोई अंतिम फैसला लिया जायेगा। पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मुजफ्फर हुसैन बेग और तारिक हामिद कारा द्वारा पार्टी हाईकमान के खिलाफ बिगुल बजाने पर उन्होंने कहा कि इस तरह की बातें तो हर पार्टी में होती हैं। लोकतंत्र में तो सबको बोलने का अधिकार होता है। श्री बेग पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। सईद ने कहा कि पाकिस्तान के साथ मेल-मिलाप सत्तारूढ़ पीडीपी-भाजपा गठबंधन के एजेंडे में है लेकिन यह एक 'सतत् विकसित होती प्रक्रिया' है।

यह पूछे जाने पर कि मोदी के पाकिस्तान के साथ सुलह-सफाई की बात न करने के बावजूद उन्होंने मोदी की श्रीनगर रैली को ऐतिहासिक क्यों करार दिया, मुख्यमंत्री ने कहा-मोदी पर पाकिस्तान के बारे में बात करने का कोई दबाव नहीं है।

# आकाश गंगा के केंद्र में मिले ब्रह्मांड के प्राचीनतम तारे

सिडनी, (आईएएनएस): खगोलविदों ने अंतरिक्ष विज्ञान में बेहद अहम खोज करते हुए अब तक ज्ञात ब्रह्मांड के सर्वाधिक प्राचीनतम तारों की खोज की है।

ये तारे हमारी आकाश गंगा 'मिल्की वे' के केंद्र के नजदीक पाए गए तथा ये मिल्की वे बनने से भी पहले के हैं, जब ब्रह्मांड की आयु 30 करोड़ वर्ष थी। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, आश्चर्यजनक तरीके से पाए गए सभी नौ तारे विशुद्ध हैं, लेकिन उनमें हाइपरनोवा विस्फोट के कारण नष्ट हुए एक अन्य प्राचीनतम तारे के तत्व भी मौजूद हैं। अध्ययन के मुख्य लेखक आस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के लुइस होवेस के अनुसार, ''ये तारे ब्राह्मांड में सही-सलामत बचे बिल्कुल प्रारंभिक तारों में से हैं तथा निश्चित तौर पर अब तक ज्ञात प्राचीनतम तारे हैं।'' होवेस ने कहा, ''ये तारे मिल्की वे बनने से भी पहले के हैं और हमारी आकाश गंगा इन्हीं तारों के ईद-गिर्द निर्मित हुई।'' इन नौ तारों के पाए जाने के बाद ब्रह्मांड निर्मित होने के समय के पर्यावरण से संबंधित मौजूदा सिद्धांत पर प्रश्न उठने लगे हैं। होवेस ने बताया, ''इन तारों में आश्चर्यजनक रूप से कार्बन, आयरन और अन्य भारी तत्वों का स्तर काफी कम है, जो इस ओर संकेत करता है कि प्रारंभिक तारों में सामान्य सुपरनोवा की तरह विस्फोट नहीं हुआ होगा।''

**नई जानकारी**

**आकाश गंगा के 'मिल्की वे' के नजदीक मिले सभी नौ तारे सबसे प्राचीनतम**



# छोटी और स्वतंत्र फिल्मों के लिए यह अच्छा समय है कल्की

**मुंबई,** (भाषा): अभिनेत्री कल्की कोचलिन का मानना है कि छोटी फिल्मों के लिए यह समय अच्छा है, क्योंकि बड़े निर्माताओं की छोटी फिल्मों की तरफ रुचि बढ़ रही है और वह इनमें पैसा लगाने के लिए तैयार हैं। कल्की ने कहा कि छोटी और वैकल्पिक फिल्मों के लिए दर्शक होना अच्छी बात है। आज बड़े निर्माता इन फिल्मों में पैसा लगाने को तैयार हैं, चीजें धीरे-धीरे बदल रही हैं। यह छोटी और स्वतंत्र फिल्मों के लिए अच्छा समय है। अच्छी कहानी होने के कारण दर्शकों का ध्यान भी इनकी ओर आकर्षित हो रहा है। 31 वर्षीय अभिनेत्री कल्की 'शैतान' और 'द गर्ल इन येलो बूट्स' जैसी छोटे बजट की फिल्में और 'ये जवानी है दीवानी', और 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' जैसी कमर्शियल फिल्में भी कर चुकी हैं। कल्की का कहना है कि वह कमर्शियल और छोटे बजट की स्वतंत्र फिल्में...। दोनों का हिस्सा बनकर खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुश हूं... मुझे कमर्शियल फिल्मों की तुलना में स्वतंत्र छोटी फिल्में अधिक करने को मिलीं...। मैं दोनों तरह की फिल्में करके खुश हूं। दोनों ही तरह की फिल्मों ने मुझे अभिनेत्री के तौर पर निखरने का मौका दिया। कल्की अब फिल्म 'मंत्रा' में नजर आने वाली हैं जिसका निर्माण उनके मित्र रजत कपूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे इसकी कहानी अच्छी लगी। रजत कपूर ने मुझे इस फिल्म के बारे में बताया था। मैं इस फिल्म के लिए 10 दिन की शूटिंग कर चुकी हूं।










दिल्ली/जयपुर
शनिवार
14 नवंबर, 2015
punjabkesari.com
fb.me/pkdmaga


“ मनोविद् और शरीर विज्ञानियों ने मिलकर एक रास्ता खोजा है जो दैहिक, भावनात्मक और



सबसे ज्यादा हिस्सा उसमें शारीरिक गतिविधियों का है। अगर इस रास्ते को अपनाया जाये तो खुश रहा जा सकता है... ”

# आसान तो नहीं है मगर खुश रहा जा सकता है

फिटनेस जोन



**बाओं** के प्रवचन, शुभचिंतकों के उपदेश और परिजनों की घुट्टियां खुश रहने के लिए प्रेरित करने में आज की तारीख में ये सबसे नाकाम उपाय हैं। आप इनसे खुश प्रेरित हो ही नहीं सकते क्योंकि तमाम शोध निष्कर्षों का मानना है कि ये ऊब और थकन से भरे तरीके हैं। इन तरीकों में न प्रेरणा है, न ऊर्जा और न ही कोई नयापन। यही वजह है कि बाबा दर बाबा उपदेश देते रहते हैं- सच बोलो, खुश रहो, किसी का बुरा न सोचो ...वगैरह वगैरह लेकिन समाज में अपराध की दर बढ़ती ही जा रही है। तमाम पारंपरिक आध्यात्मिक इकाइयां दिन-रात कहती हैं सब माया है इसके लिए क्या परेशान होना? लेकिन लोग हैं कि मानते ही नहीं। इसी के लिए परेशान हैं। सवाल है इन सब बातों का कोई फर्क क्यों नहीं पड़ रहा? हमारे घर-परिवार के लोग कहते हैं, हमारे आध्यात्मिक गुरु कहते हैं, बड़े-बुजुर्ग कहते हैं, परेशान न हो लेकिन हम हैं कि परेशान हुए बिना रहते ही नहीं, क्यों? क्या हम अपने दुश्मन हैं? क्या हमें वाकई शांति अच्छी नहीं लगती? क्या हम खुश रहना ही नहीं चाहते? जी नहीं ऐसा कुछ भी नहीं है। फिर भी अगर हम इन तमाम उपदेशों से प्रभावित नहीं होते, प्रेरित नहीं होते तो उसकी वजह हमारा दिमाग है। दरअसल हम उसी से प्रभावित होते हैं जिसकी मेधा से हम या तो परास्त हो जाएं या फिर चमत्कृत रह जाएं। सुखी, शांत रहने की सीख देने वालों से हम आमतौर पर प्रभावित नहीं होते क्योंकि उनके ये विचार बहुत घिसे-पिटे होते हैं जो हमारे दिमाग को चुनौती दे ही नहीं पाते। सवाल है क्या तब कोशिश करके खुश रहना असम्भव है? क्या फिर हमारी खुशियां हमारे पौरुष के वश में नहीं हैं?

> हम काम के लिए ही दुनिया में नहीं आये, इसलिए कुछ काम, काम के लिए नहीं शौक के लिए करो। शौक आदमी को खुशमिजाज बनाते हैं लेकिन तब जब रचनात्मक हों, इसलिए कोई रचनात्मक शौक पालो।



क्या हम खुश होने और रहने के लिए कुदरत के ही रहमोकरम पर निर्भर हैं? ऐसा नहीं है। मनोविद और शरीर विज्ञानियों ने मिलकर एक रास्ता खोजा है जो दैहिक, भावनात्मक और आध्यात्मिकता से मिलकर बना है और सबसे ज्यादा हिस्सा उसमें शारीरिक गतिविधियों का है। अगर इस रास्ते को अपनाया जाय तो खुश रहा जा सकता है, प्रफुल्लित हुआ जा सकता है। यह सब कैसे संभव है आइये जानें।

## लौटो हरी-हरी वसुंधरा की ओर...

भले विकास के हमारे बुनियादी मानदंड ऊंची-ऊंची अट्टालिकाएं हों, चमचमाती सड़कें हों, अबाधित बिजली और अबाधित ग्लोबल नेटवर्क हो लेकिन हमारे मन को प्रकृति ही भाती है। कुदरत ही अचानक हमें प्रफुल्लित करने की कला जानती है, इसलिए बाग-बगीचों में टहलने जाओ। प्रकृति की खूबसूरती को निहारो। खुद को कल्पनाशील बनने दो। ये सब चीजें हमें खुशियों से भर देंगी।

## सिर्फ सेहत के भरोसे जिंदगी कटती नहीं...

काम काम काम..और काम। हम काम के लिए ही दुनिया में नहीं आये, इसलिए कुछ काम, काम के लिए नहीं शौक के लिए करो। शौक आदमी को खुशमिजाज बनाते हैं लेकिन तब जब रचनात्मक हों, इसलिए कोई रचनात्मक शौक पालो। जीवनियां पढ़ना, डायरी लिखो, बागवानी करो, नृत्य करो, नाटक देखो, अभिनय करो, गाना गाओ, कोई वाद्य बजाओ ये सब बेहद रचनात्मक शौक हैं। अगर ये आपके हो गए तो समझो खुशियां भी आपकी हो गयीं।

### योग करो...

सुनने में बड़ा यांत्रिक सा लगता हो लेकिन योग शरीर का समीकरणात्मक तालमेल बदलता है। यौगिक क्रियाएं न सिर्फ हमारा स्वास्थ्य बल्कि हमारे मूड, हमारे स्वभाव में भी आमूलचूल परिवर्तन करती हैं। मसलन यदि सही ढंग से सांस लेना हमें आता है तो सांस लेने का यह तरीका हमें खुशमिजाज बना देता है। दरअसल सांस लेने और खुश रहने के बीच एक गहरा रिश्ता है इसलिए हर सुबह सुखासन की मुद्रा में बैठकर नाभि को केंद्र बनाकर 10-15 बार गहरी-गहरी सांस लें, साथ ही आंखें बंदकर ध्यान करें। यह आपको खुशमिजाज बनायेगी।

## संगीत सुनो

न भी आदत हो तब भी सुनो। न अच्छा लगे तो भी आधे घंटे तक झेलो। आपको चमत्कार होता दिखेगा। आधे घंटे में संगीत का असर आपको बदलने लगेगा। सचिन देव बर्मन कहते थे हर कोई संगीत प्रेमी होता है, किसी को ये बात पता होती है किसी को नहीं, बस ये फर्क होता है। आपको नहीं पता ये मानकर चलो ..और आदत न होने पर भी संगीत सुनो। खुशी धीरे-धीरे आपके अंदर से फूटती दिखेगी। संगीत का असर जादुई होता है। आपका कितना ही खराब मूड क्यों न हो अच्छा संगीत उसे कुछ ही क्षणों में ठीक कर सकता है, इसलिए अपनी पसंद की धुनों, गीतों आदि का कलेक्शन बनाओ। जिसे सुनकर आपको सुकून मिलता हो। रोज आधा घंटा मनपसंद संगीत सुनने से आपके मन पर सकारात्मक असर होता है।

## सब्र करना सीखें

सचिन 98 पर एक बार फिर आउट हो गए थे। पिछले 7 महीनों से उन्होंने कोई शतक नहीं बनाया था। लगातार नर्वस नाइंटीज के शिकार हो रहे थे। यह इन 7 महीनों में उनकी 5वीं नर्वस नाइंटीज थी लेकिन क्रीज से लौटकर उन्होंने न तो खुद को अपने कमरे में बंद किया और न ही कोई अंधेरा कोना तलाश किया। मैच खत्म होते ही फटाफट कपड़े बदले और एक जूनियर खिलाड़ी को लेकर निकल गए मस्ती करने क्योंकि उन्हें मालूम था अगर नाइंटीज आ रही हैं तो सेंचुरीज भी आएंगी ही। उन्हें इसका सब्र था। इसी सब्र की बदौलत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सचिन ने 100 शतक बनाए। ये कमाल की उपलब्धि है जो इसी सब्र की बदौलत उन्हें मिली है।

● शैलेन्द्र सिंह



# पलकों के पीछे से क्या तुमने कह डाला

चेहरे पर आंखों को खूबसूरत बनाने में लंबी घनेरी पलकों का महत्वपूर्ण स्थान होता है और वैसे भी घनी खूबसूरत पलकें किस महिला को पसंद नहीं? सभी महिलाएं चाहती हैं कि उनकी पलकें लंबी, घनी और खूबसूरत हो। लंबी, घनी पलकों से चेहरा आकर्षक नजर आता है। सभी की पलकें लंबी, घनी हों ये जरूरी नहीं। किसी की पलकें छोटी होती हैं तो किसी की हल्की। बहुत कम महिलाओं की पलकें लंबी और घनी होती हैं। हल्की और छोटी पलकों की महिलाओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं।

ब्यूटी केयर



यदि थोड़ा प्रयास करें तो बहुत शीघ्र अपनी पलकों को लंबी और घनेरी बना सकते हैं। पलकों को लंबी और घनेरी बनाने के कुछ होम मेड टिप्स इस प्रकार हैं:

- रात को नियमित पलकों पर जैतून की मालिश करें, इसके प्रयोग से पलके घनी और लंबी हो जाएंगी।
- पलकों पर नारियल का तेल लगाना भी पलकों को लंबा और घना करता है।
- शहद का प्रयोग भी पलकों को घना और खूबसूरत बनाता है।
- सुरमे का प्रयोग जहां आंखों की रोशनी तेज करता है वहीं दूसरी ओर वह पलकों को लंबा और घना करता है, बशर्ते कि आप आंखों के अनुकूल अच्छी क्वालिटी के सुरमे का प्रयोग करें।
- चेहरे के मेकअप को न्यू लुक देने के लिए पलकों पर फाल्स आइलेंशेज को यूज नहीं करना चाहती हैं तो वाल्यूमाइजिंग मस्कारे का डबल कोट्स लगा सकती हैं।

● डा. फौजिया नसीम 'शाद'

# हेयर कलरिंग बालों को जवां बना दे

**अक्सर** हम प्रचार माध्यमों में हेयर कलरिंग से जुड़े विज्ञापन देखकर अपने बालों को कलर करने के लिए उन उत्पादों को जल्दबाजी में खरीद लेते हैं। उन्हें खरीदने के बाद उन पर लिखें निर्देशों को पढ़कर हेयर कलर को अपने बालों में लगाकर अंदाजे से समय निर्धारित करके बालों को धो लेते हैं। हमें लगता है कि यह बेहद आसान प्रक्रिया होती है। दरअसल घर में कलरिंग करना बालों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी हो सकती है। ब्लीच हमारे बालों के स्वाभाविक कलर को बाहर ले आता है जिससे बाल कमजोर हो जाते हैं, इसलिए बालों को घर में कलर करना, बालों के स्वास्थ्य के नजरिये से सही नहीं होता। बिना किसी के निरीक्षण के बिना समय सीमा को ध्यान में रखें, अनुभवहीन व्यक्ति का बालों को कलर करना उसके बालों को स्थाई रूप से जला भी सकता है। आमतौर पर अनुभवहीन हेयर स्टाइलिस्ट बालों को कलर करने के बाद उन पर कंडीशनर का इस्तेमाल न करने की सलाह देते हैं। इससे बालों में लंबे समय तक कलर बना रहता है लेकिन हकीकत यह है कि बालों को कलर करने के बाद उनमें कंडीशनर जरूर लगाना चाहिए क्योंकि उनमें शैंपू का इस्तेमाल करने से बालों के सिरे खुल जाते हैं। कंडीशनर इससे बचाव करने में सहायक साबित होता है। इसके अलावा कई ऐसे हेयर कलर होते हैं जो हर प्रकार के बालों की प्रकृति से मेल नहीं खाते। जो



लोग बालों को स्ट्रेट बनाने के रसायनों का इस्तेमाल करते हैं उन्हें इसके लिए ज्यादा सजग और सचेत रहना चाहिए। जिन लोगों के सिर की त्वचा संवेदनशील होती है उन्हें ग्लोबल कलर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यदि उनके बाल पतले हैं तो उन्हें हल्की टोन वाले कलर का इस्तेमाल करना चाहिए। कलर भी ऐसा होना चाहिए जो ज्यादा हल्का न हो क्योंकि इनमें केमिकल की मात्रा ज्यादा होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी दुकान से जाकर, किसी भी डाई को खरीद लाना वह एक बार तो बालों को ज्यादा नुक्सान नहीं पहुंचाती लेकिन ऐसे कलर का यदि बार-बार इस्तेमाल किया जाता है तो वह बालों के लिए आने वाले समय में नुक्सानदेह साबित हो सकता है। कई बार ऐसा होता है कि एक-दो बार किसी कलर को इस्तेमाल करने से बालों को उसका नुक्सान नहीं होता लेकिन कई बार उनमें कई ऐसे रसायन होते हैं जिनसे हमें किसी किस्म की एलर्जी हो सकती है और जिसका कलरिंग करने वाले को हो सकता है पता ही न चले। जिन लोगों के बाल पूरे सफेद होते हैं और जो घर में कलरिंग करते हैं, हो सकता है कि रात में कलरिंग करने के दौरान बालों में अच्छे ढंग से कलरिंग न हो पाए और सफेद बाल बिना कलर हुए रह जाएं, इसलिए घर में कलरिंग इस लिहाज से भी सही प्रतीत नहीं होती। जहां तक कलर के लंबे समय तक बने रहने का सवाल है तो आमतौर पर कलरिंग बिना ब्लीच किए हुए बालों पर अगर की जाती है तो यह लंबे समय तक सही रहती है। सैलून में सौंदर्य विशेषज्ञ कलरिंग के लिए जिन उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं वह बालों के स्वास्थ्य के लिए नुक्सानदेह नहीं होते। आमतौर पर सौंदर्य विशेषज्ञ बाजार में मिलने वाले डिब्बा बंद डाई खरीदने को तरजीह नहीं देते क्योंकि यदि उन्हें थोड़े समय भी खुला छोड़ दिया जाता है तो वह बालों को नुक्सान पहुंचा सकते हैं और इससे हमें मनचाहे नतीजे भी नहीं मिलते। हेयर कलरिंग के लिए सही शेड का चुनाव करना चाहिए इससे महिलाओं का चेहरा चमक उठता है। इसके अलावा बालों की सुंदरता भी बढ़ जाती है और हेयर कलर करने के बाद बाल अजीब नहीं लगते। बालों को घर पर कलर करना उसी स्थिति में सही होता है जब आपको अपने सफेद बालों को एक नए रंग में रंगना होता है। जिसके लिए आप अपने बालों के शेड के अनुरूप एक प्राकृतिक रंग का चुनाव करते हैं।

हेयर एण्ड केयर

● नीलोफर


चाहे कैसी भी हो
पथरी
बिना आप्रेशन बाहर
पथरी के लिए कुछ ही दिन पुड़िया लेनी पड़ती है
शिव शक्ति आयुर्वेद वैध मिश्राजी आयुर्वेदाचार्य
A-197 ऐकता इन्कलेव पीरागढी चौक मैट्रो स्टेशन दिल्ली 87
Ph. 9899058894, 9811103937

Today's B.I.S. Hallmark 22/22CT. Gold Rate
₹23950* per 10g
*24CT. Gold Rate x .916 = 22CT. Gold Rate
FLAT 8% Making on all items
*Subject to rate fluctuation.
DHIRSONS® JEWELLERS
ONLY AT: Bank Street (Opp. Tanishq) NEW DELHI Ph: 41082333/444
KAROL BAGH

एच.आई.वी. / एड्स
का जड़ी-बूटियों तथा आहार द्वारा सफल इलाज। 3 महीने में रिजल्ट देखें। अनेक रोगी हो रहे हैं एच.आई.वी नगेटिव कोई साईड इफैक्ट नहीं और बिना ए.आर.टी या ए.आर.टी ले रहे रोगी भी बिना ए.आर.टी छोड़े हमारी दवाई का प्रयोग कर सकते है।
ग्लोबल क्लीनिक
मानव चौक, सैक्टर.15 रोहिणी, दिल्ली
9999336652
www.hivtreatment.co.in

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
TODAY'S GOLD RATE
₹20590* Per 10 g
No Wastage. Making Charges 5% only.
100% Buy Back Guarantee.
Diamond jewellery available at Wholesale Prices
LAJPAT NAGAR-II :
D-32, Central Market, N D - 24. Ph : 011-47284728
(We have no Branch in the Basement)


BLACKBERRYS
SALE UPTO 60% OFF*
29th Oct to 22nd Nov
Mohans Leela Banquet Hall, A 8/3 Wazirpur Industrial Area, Wazirpur.
Agha Khan Hall, First Floor, 6 Bhagwan Dass Road. (From 8th Nov onwards)
*Exclusive Company sale • All garments are off season and closeouts • All major credit cards are accepted • Open all days

# ब्रेन बचा कर रखना रे बाबा

**दिमाग फिर से सक्रिय हो सकेगा**

L

पूरी दुनिया के वैज्ञानिक दिमाग को बचाने में लगे हैं। किसी का दावा है कि बुढ़ापे में याद्दाश्त हर लेने वाली दिमागी बीमारी को वो नौजवान का नया खून चढ़ाकर दूर कर लेंगे तो किसी ने दिल की तरह दिमाग का भी पेसमेकर बना लेने की बात कही है जो दिमाग के नाकाम और बे असर हिस्से में पैठ कर उसे फिर से दुरुस्त और सक्रिय कर देगा।



**दिल** के बाद आज सबसे बड़ा खतरा दिमाग पर है। खास तौर पर चालीस के करीब या उस उम्र सीमा को पार कर जाने वालों के दिमाग पर खतरे लगातार बढ़ रहे हैं। आशंका है कि देश आने वाले वर्षों में कमजोर दिमाग वालों और दिमागी रोगियों का घर बन जायेगा। बड़ों में अल्जाइमर्स, डिमेंशिया जैसी सब कुछ भुला देने वाली लाईलाज और जानलेवा बीमारी बुरी तरह फैल रही है तो बच्चों में स्वलीनता या ऑटिज्म जैसे मानसिक विकार। दिमाग पर होने वाले हमलों से हमीं नहीं हलकान हैं दुनिया के दूसरे देश भी हैं। अंतर बस इतना है कि वे सचेत हो चुके हैं और हम अभी सचेत होने की शुरूआती प्रक्रिया में और निरुपाय हैं। पूरी दुनिया के वैज्ञानिक दिमाग को बचाने में लगे हैं। किसी का दावा है कि बुढ़ापे में याद्दाश्त हर लेने वाली दिमागी बीमारी को वो नौजवान का नया खून चढ़ाकर दूर कर लेंगे तो किसी ने दिल की तरह दिमाग का भी पेसमेकर बना लेने की बात कही है जो दिमाग के नाकाम और बे असर हिस्से में पैठ कर उसे फिर से दुरुस्त और सक्रिय कर देगा। भेजे में पुरानी और बुरी यादें बहुत ज्यादा शोर करती हैं। इसके लिये मनोविज्ञानी और दिमाग के विशेषज्ञ बिना कोई आपरेशन किए दिमाग में से बुरी आदतों को निकाल बाहर फैंकने का सफल प्रयोग कर चुके हैं। कुल मिलाकर दिमाग के डाक्टरों, तंत्रिकातंत्र विज्ञानियों, मानसिक रोग विशेषज्ञों इत्यादि की इस सम्मिलित राय को मान लेना होगा कि चिकित्सा विज्ञान की अगली जंग दिमाग के मैदान में ही होगी। हो सकता है कल को दिमाग दुरुस्त करने के कई आसान तरीके निकल आयें पर जब तक इस तरह का कोई आम तरीका नहीं निकलता हमें अपने स्तर पर अपने दिमाग को मौजूदा और आशंकित खतरों से बचाकर रखना होगा। खुद और देश-समाज, वर्तमान-भविष्य के लिये यही बेहतर होगा। आइये जानें कुछ आसान तरीके जो रखेंगे दिमाग को दुरुस्त।

**अभी तो मैं जवान हूं :** आप कुछ करने के लिये उठते हैं, कहीं पहुंचते हैं और भूल जाते हैं कि आप करने क्या आये थे। बस, अब तो मेरी याददाश्त तो गयी। अब जल्द ही मुझे अल्जाइमर, डिमेंशिया जैसी बीमारी घेर लेगी। आखिरकार अब मैं जवान तो रहा नहीं। यह सब भूल जाइये, भले पहले जैसी तेज याद्दाश्त न हो पर अपने दिमाग और उसकी ताकत पर भरोसा रखिये। उसे एकदम से कोसने मत लगिये। गुनगुनाइये कि अभी तो मैं जवान हूं और याद कराने वाले कुछ तरीके सोचिये। अपने दिमाग को ट्यून कीजिये, अपनी मानसिक क्षमता पर विश्वास बनाये रखिये।

**बाजा बजाएं, कसरत कर आएं :** शब्द पहेलियां हल करने, माइंड एक्सरसाइज एप का सहारा लेने की बजाय अपने आसपास किसी वाद्ययंत्र बजाना सिखाने वाले को तलाशकर पियानो या कोई भी मनपसंद बाजा बजाना सीखना शुरू कर दें। अगर इसमें रुचि नहीं है तो कोई भाषा ही पूरी गंभीरता से सीखना शुरू कर दें। यह दूसरी कसरतों से ज्यादा बेहतर है। इससे ध्यान, सतर्कता, संवेदनात्मक सहभागिता, याद्दाश्त सब सुधरता है। आंकड़े बताते हैं कि किसी संगीतकार को डिमेंशिया होने की आशंका 60 फीसदी कम होती है और इससे अल्जाइमर्स का खतरा पांच साल तक टाला जा सकता है। सोलहों आने सच है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग रहता है, भले जबर्दस्त कसरती बनें या नहीं पर शारीरिक सक्रियता बनाये रखें। टलना या कोई खेलकूद अपना लें, कोई हर्ज नहीं जो जिम में जाकर अपना शरीर बनाना शुरू कर दें, इससे दिमाग की तंत्रिकायें बढ़ती हैं, आपस में जुड़ती, मजबूत होती हैं, शरीर में खून का दौड़ना तेज होता है तो दिमाग अपने को ताजादम और स्वस्थ रख पाता है।

**कानों कान खबर रहे :** दिमाग जो देखता और सुनता है उसके आधार पर विचार बनाता है अगर आप ठीक से सुन नहीं पा रहे हैं तो समझ लीजिये दिमाग सही रास्ते पर नहीं है। सुनाई कम देने के साथ ही बाल भी झड़ने लगते हैं, संकेत यह कि दिमाग का ग्रे मैटर खत्म हो रहा है। इसका मतलब अगले छह सालों में दिमागी ताकत में तकरीबन चौथाई की गिरावट। अगर आप तेज आवाज का संगीत सुनते हैं या शोर-शराबे वाले इलाके में रहते हैं तो वहां से तुरंत किनारा कर लीजिये। 15 सैकेंड का तेज शोर या इतने ही मिनट हेयर ड्रायर जैसे उपकरण का शोर भी आपके दिमाग पर बुरा असर डाल सकता है। सुनाई दिखाई देने में जरा सी परेशानी हो तो संबंधित चिकित्सक से जल्द ही मिल लीजिये, समस्या को जन्म लेते समाप्त करिये, यह दिमाग तक जाती है।


**थोड़ा सोशल हो जायें :** आप अगर घरघुस्सु हैं, आफिस से आकर घर में टीवी या फेसबुक पर लग जाते हैं तो इसे छोड़िये, मुहल्ले में किसी मित्र से मिलिए, दोस्ती बढ़ाइये, सामाजिक क्रियाकलाप में शामिल होइए, रिश्तेदारों को याद कीजिये, उनसे बातें कीजिये, नये अनुभव हासिल करिये, उसको लोगों से साझा कीजिये, यह सब तनाव को दूर कर देगा, निराशा दूर भाग जायेगी, क्रिएटिविटी बढ़ेगी। इसके आश्चर्यजनक परिणाम देखे गये हैं। पसंदीदा प्यारे मित्रों की मंडली के बीच थोड़ी देर का संग साथ से आपका दिमाग को बहुत ताकत मिलती है।

● सुगत श्रीवास्तव

## मीठा-मीठा गप्प, कतई नहीं

मीठी चीजें दिमाग को ऊर्जा देती हैं पर किशोरावस्था में। जरा सी उम्र बढ़ी नहीं कि ये खून ले जाने वाली रगों में कोलेस्ट्रॉल भर देती हैं। नसों में खून का बहाव कम हो जाता है और यह दिमाग तक खून और आक्सीजन कम ले जा पाता है। दिमाग कम सक्रिय और तरोताजा तो बिल्कुल नहीं रह पाता। मोटापा दिमाग का दुश्मन है। दिमाग का भला चाहें तो चीनी, चर्बी, हाई कैलोरी वाला खाना त्याग दें। थोड़ा पता करें तो मालूम होगा कि दिमाग का भोजन किसे कहते हैं। उन्हें अपने भोजन में शामिल करें जिसमें भी ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन बी-12 और डी मिलता है उन्हें ढूंढ़ कर खायें। इस तरह के खानपान से दिमाग को उसकी उम्र से आठ साल तक ज्यादा जवान रख सकते हैं।







**भले पहले जैसी तेज याद्दाश्त न हो पर अपने दिमाग और उसकी ताकत पर भरोसा रखिये। उसे एकदम से कोसने मत लगिये। गुनगुनाइये कि अभी तो मैं जवान हूं और याद कराने वाले कुछ तरीके सोचिये।**


# वरिष्ठ नागरिकों में मधुमेह

**वरिष्ठ** नागरिकों में मधुमेह होने से उनके जोड़ों में दर्द, आंखों से कम दिखना एवं प्रोस्टेट जैसी न जाने कितनी समस्याओं को झेलना पड़ता है। मानसिक तनाव, नींद न आना, याद्दाश्त में कमी, एक ही बात को बार-बार दोहराना, चेस्ट इन्फेक्शन एवं पेशाब में इन्फेक्शन अक्सर देखने को मिलता है। दरअसल होता यह है कि आज के समय में ज्यादातर बच्चे अपने मां-बाप को किसी केयर टेकर के हवाले या अकेले छोड़ जाते हैं जिससे उनकी स्थिति और बिगड़ जाती है। शुगर से ग्रस्त बुजुर्गों को समय-समय पर जांच, इलाज एवं अन्य चीजों की जरूरत होती है लेकिन इसके अभाव में उनकी शुगर कम-ज्यादा होने की संभावना बनी रहती है जिससे फिनोमिया जैसी गंभीर बीमारियों के होने के आसार बढ़ जाते हैं।



डा. अशोक झिंगन
(डायबिटिज रोग विशेषज्ञ)





**कैसे रखें ध्यान :** सभी बुजुर्ग मधुमेह के रोगियों को अपने खानपान, व्यायाम एवं अपनी देखभाल पर जरूर ध्यान देना चाहिए। हर रोज कम से कम आधा घंटा जरूर टहलना चाहिए। ग्रुप एक्टीविटी करें, हां एक बात का अवश्य ध्यान रखें कि घूमने जाने के दौरान अपने पास चाय या बिस्कुट जरूर रखें।

**शुगर कम होने पर :**

- हाथ-पैर कांपना, सिरदर्द, आंखों के सामने अंधेरा छाना, लड़खड़ाहट एवं बेहोशी आदि की समस्या होती है। ऐसी स्थिति में घर पर ग्लूकोज, फ्रूटी, कुछ अन्य मीठे पदार्थ अवश्य रखें ताकि जरूरत पड़ने पर मरीज को तुरंत दिया जा सके।
- अगर बार-बार पेशाब लगता हो तो वर्ष में एक बार लिपिड प्रोफाइल पेशाब की जांच, गुर्दे की जांच अवश्य कराएं क्योंकि इन्फेक्शन एवं गदू के बढ़ जाने से भी यह समस्या हो सकती है।
- जोड़ों में दर्द हो तो इससे संबंधित कसरत अवश्य करें जिससे इन्हें काफी आराम मिलता है।
- आंखों में समस्या हो तो डाक्टर के परामर्शानुसार आंखों की जांच व दवाई जरूर लें।
- इस स्थिति में डायबिटिक को सुनाई भी कम देने लगता है जिससे उसे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अत: ऐसी स्थिति में ईएनटी स्पेशलिस्ट से सलाह अवश्य लें।
- सभी डायबिटीज के रोगी जो बुजुर्ग अवस्था में हैं वह मधुमेह के साथ अच्छा जीवन जी सकते हैं बशर्ते कोई उनकी देखभाल करने वाला हो। अगर उनकी कोई देखभाल करने वाला नहीं है तो वह खुद अपनी दवाइयों तथा विभिन्न स्थितियों का एक चार्ट तैयार कर लें कि उन्हें किस स्थिति में कौन सी दवाई लेनी है। इससे भी उन्हें कई तरह की छोटी-मोटी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।
- अंत में हर किसी को इस अवस्था से गुजरना है अत: बच्चों को अपने बुजुर्ग माता-पिता का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि कल उन्हें भी किसी के सहारे की अवश्यकता अवश्य होगी। ●

# अधिक चिंता से हो सकता है अल्सर

**आज** की भागदौड़ भरी जिंदगी में कोई भी व्यक्ति चिंतामुक्त नहीं है। इस हालत में वह कम मेहनत करके ज्यादा उन्नति देखना चाहता है और प्राप्ति न होने पर वह मायूसी या मानसिक चिंता का शिकार हो जाता है। हमारे पेट में आंतों में से कई प्रकार के रस और तरल द्रव्य निकलते हैं, जो हमारे भोजन को पचाने में मदद करते हैं। जब हम मानसिक तनाव में या 'चिंताग्रस्त' होते हैं तो तेजाबी मादा ज्यादा मात्रा में निकलते हैं, जो कि हमारे पेट और आंतों के बीच वाली कोमल झिल्ली को जला देता है। धीरे-धीरे अंदर वाली झिल्ली में घाव हो जाते हैं। जब यह घाव पेट में हों तो उसे 'गैस्ट्रिक अल्सर' कहा जाता है। यह घाव आमतौर पर जब भोजन वाली नाली के हिस्से, पेट की शुरूआत में होते हैं या यह पेट के मेहदे में और आंत में होते हैं, जिन्हें क्रमवार 'गैस्ट्रिक अल्सर' और 'पैप्टिक अल्सर' कहा जाता है।

**अल्सर के कारण :**

- जो लोग किसी कारणवश खून की कमी (अनीमिया) का शिकार हो जाते हैं, उन्हें तेजाबी मादा ज्यादा हो जाता है। यही तत्व अल्सर पैदा करते हैं।
- कुछ खास तरह की दवाइयां एस्प्रिन या तेज दर्द निवारक (पेन किलर) खाने से अंदर वाली झिल्ली की सहन शक्ति खत्म हो जाती है।
- आंत में पेट की सूजन से अंदर की झिल्ली नष्ट हो जाती है।
- कई तरह की मानसिक चिंता और बिना वजह परेशान रहने से और मानसिक उद्विग्नता से तेजाबी मादा ज्यादा बनता है।
- ज्यादा शराब पीने से, ज्यादा सिगरेट नोशी से, तेल मसालेदार भोजन से, असमय खाना खाने से यह बीमारी ज्यादा बढ़ती है। पेट में जल्दी घाव बढ़ते हैं।
- आंत की सूजन में पेट फूला-फूला रहता है, हाथ से पेट दबाने से हल्की दर्द होती है।
- मरीज की भूख कम हो जाती है। पखाना बार-बार आता है। पेट साफ नहीं होता। जब भी कुछ खा लेता है तो एकदम पेट भारी हो जाता है। जुबान हर वक्त खराब रहती है। जीभ पर हर वक्त कुछ जमा रहता है। पखाने वाली जगह पर खारिश होती है।
- अल्सर की तकलीफ पेट गैस व अफारे से अलग है। अल्सर से पेट भारी-भारी लगता है, जिसके कारण मरीज इसे गैस की तकलीफ से अलग नहीं कर पाता। इस तकलीफ में हमारे पेट में अमाशय और खाने वाली नाली (फूड पाइप) के नीचे वाली जगह जहां पेट शुरू होता है, वहां घाव हो जाता है, जिसे अल्सर कहा जाता है।
- कई बार यह दर्द अल्सर के स्थान से शुरू होकर पीछे गर्दन की तरफ जाता है। तेज दर्द से मरीज का दिल घबराता है और 'उबकाई' भी आ जाती है।

**अल्सर के लक्षण:**

- पेट में अल्सर हो तो दर्द खाना खाने से दो घंटे बाद शुरू होता है। धीरे-धीरे यह दर्द एक-दो घंटे बाद कम हो जाता है। दर्द नाभि के पास होता है और सीधे पीछे पीठ की तरफ जाता है।
- पेट में दर्द खाना खाने से आधे घंटे बाद होता है। दर्द सदा नाभि के इर्द-गिर्द ही रहता है। धीरे-धीरे दर्द खुद कम हो जाता है।
- मरीज की बीमारी के लक्षण सुनकर अच्छी जांच करके उसकी बीमारी का पता चल जाता है। फिर दवाई पिलाकर एक्स-रे करके बेरियम मील स्टडी और एंडोस्कापी करके अल्सर का पता चल जाता है।

**एंडोस्कोपी:** आजकल बहुत ही नए ढंग की एंडोस्कोपी 'फ्लैक्सिबल' फाइबर आप्टिक आ गई है, जो कि पेट के डिउडैनम हिस्से तक बहुत आसानी से बिना तकलीफ अंदर चली जाती है, जिसमें हमें भोजन नली, गैस्टिक अल्सर पैप्टिक, डिउडैनम अल्सर या फिर इसी तरह की बीमारियों का शुरू से ही पता चल जाता है।


**इलाज:**

- इसके इलाज में देर नुक्सान कर सकती है, अगर अल्सर से खून चल रहा हो तो पहले खून रोका जाता है।
- खुराक में तेज मसालेदार भोजन, शराब और सिगरेट पीना बंद कर दें।
- डाक्टर की सलाह के बिना कोई दर्द निवारक गोली न लें।
- मरीज जितना भी इस बीमारी से चिंता करता है या घबराता है, उतनी ही अल्सर बढ़ने की आशंका रहती है। इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं।
- इलाज के साथ मरीज को कुछ खास परामर्श भी जरूरी है। यदि मरीज मानसिक चिंता, तनाव या चिड़चिड़ापन नहीं छोड़ेगा, उतना ही तेजाबी मादा निकलने से अल्सर से आराम कम आएगा।
- कम दवाई ज्यादा देर खाकर अल्सर का रोग जड़ से खत्म किया जा सकता है।

मरीज की एंडोस्कोपी कराकर अल्सर की सही जगह का पता करके इलाज शुरू करवा देना चाहिए। 'फ्लैक्सिबल फाइबर आप्टिक' एंडोस्कोपी से अल्सर का जल्दी और मरीज को बिना तकलीफ पता चल जाता है क्योंकि इस एंडोस्कोपी की मोटाई बहुत कम होती है, जो रोगी को बिल्कुल भी तकलीफ नहीं देती। ●

## हिन्दी फिल्में : (रोजाना 4 शो) आनंद कत्याल

### प्रेम रतन धन पायो (नई रिलीज)



**सितारे : सलमान खान, सोनम कपूर, नील नितिन मुकेश, अरमान कोहली, स्वरा भास्कर।**

डिलाईट डायमंड, शीला, गोलचा, रीगल, लिबर्टी, मिलन, सम्राट, आकाश, रिट्ज, गगन, सुप्रीम, सिबल, सत्यम (लोनी), (12, 3:15, 6:30, 9:30), अभिषेक सिनेप्लैक्स (9:30, 12:45, 4, 7:15, 10:15), विशाल (11:30, 3, 6:30, 9:45), अंबा (9:45, 12:15, : 3:15, 6:30, 9:45), जी३एस रोहिणी (9:45, 10:15, 12:10, 12:50, 1:20, 3:20, 4, 4:30, 6:30, 7:10, 7:40, 9:30, 10:20, 10:45), बतरा रील, ईरोस वन, एम सिनेमा, सिनेमैक्स, एम2के (रोहिणी, पीतमपुरा), पीवीआर प्लाजा, रिवोली, प्रिया, साकेत, सिटीवाक, नारायणा, विकासपुरी, प्रशांत विहार, ईडीएम, महागुन, ओप्युलेंट, सत्यम (पटेल नगर, नेहरू प्लेस, जनक पुरी), फन (मोती नगर, पीतमपुरा, लक्ष्मी नगर, कड़कड़डूमा), मूवी टाईम (राजा गार्डन, पीतमपुरा), डीटी (साकेत, शालीमार बाग, वसंत कुंज), बिग (ओडियन, नोएडा, वैशाली, कौसाम्बी), वेब (राजा गार्डन, नोएडा, कौसाम्बी), एसआरएस सिनेमा, स्पाईस (नोएडा), एमएमएक्स, जैमशिप्रा, मूवी वर्ल्ड, गलैक्शी स्टार एक्स (वैशाली), मूवी पैलेस, मूवी मैजिक, चौधरी, मूवी वर्ल्ड, सिल्वर सिटी (गा. बाद), आईनोक्स, पीएम, क्यू, एमएसएक्स सिल्वर सिटी (फरीदाबाद)।

**रनभूमि ( नई रिलीज )**
पीवीआर, साकेत, सिटीवाक, नारायणा, विकासपुरी, प्रशांत विहार, बिग (नोएडा, वैशाली, कौसाम्बी), सिनेमैक्स, आईनोक्स सिनेमाओं में।

**प्यार का पंचनामा-2**
जी३एस रोहिणी (9:40 प्रात:), पीवीआर, साकेत, डीटी (साकेत, शालीमार)।




**गुलामी ( भोजपुरी )**
हंस (आजादपुर), मोती (12:30, 3:30, 6:30, 9:30)।

**देसी कट्टे,**
**हंस ( आजादपुर ), प्रात: 10 बजे से।**

## पंचांग

दिनांक: 14 नवम्बर 2015 (शनिवार) को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति

| | |
|---|---|
| लग्न: तुला | गुरु: सिंह |
| सूर्य: तुला | शुक्र: कन्या |
| चन्द्र: वृश्चिक | शनि: वृश्चिक |
| मंगल: कन्या | राहु: कन्या |
| बुध: तुला | केतु: मीन |

राहुकाल
दिल्ली: 09:22 से 10:43 तक

विक्रम संवत्: 2072 शक संवत्: 1937
हिजरी सन्: 1437
सूर्य उदय: 06:41 सूर्य अस्त: 17:27
तिथि: शुक्ल पक्ष तृतीया सूर्योदय से 26:23 तक
नक्षत्र: ज्येष्ठा सूर्योदय से 18:41 तक तत्पश्चात मूला
योग: सुकर्मा सूर्योदय से 28:25 तक तत्पश्चात धृति
करण: तैतिल सूर्योदय से 14:04 तक तत्पश्चात गर
राशि: वृश्चिक
विशेष: बाल दिवस (चिल्ड्रन्स डे )
विक्र. मास: कार्तिक
शक मास: कार्तिक
ऋतु: हेमंत

शुभ अशुभ योग
गण्डमूल: संपूर्ण दिन
पंचक: नहीं
गुलिक काल: 06:41 से 08:02 तक
यमगंडम काल: 13:25 से 14:46 तक

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| काल - 06:41 से 08:01 बजे तक- अशुभ | लाभ - 17:27 से 19:05 बजे तक- शुभ |
| शुभ - 08:02 से 09:21 बजे तक- शुभ | उद्वेग - 19:06 से 20:45 बजे तक- अशुभ |
| रोग - 09:22 से 10:42 बजे तक- अशुभ | शुभ - 20:46 से 22:24 बजे तक- शुभ |
| उद्वेग - 10:43 से 12:03 बजे तक- अशुभ | अमृत - 22:25 से 24:03 + बजे तक- शुभ |
| चर - 12:04 से 13:24 बजे तक- मध्यम | चर - 24:04 से 25:42 + बजे तक- मध्यम |
| लाभ - 13:25 से 14:45 बजे तक- शुभ | रोग - 25:43 से 27:21 + बजे तक- अशुभ |
| अमृत - 14:46 से 16:05 बजे तक- शुभ | काल - 27:22 से 29:01 + बजे तक- अशुभ |
| काल - 16:06 से 17:26 बजे तक- अशुभ | लाभ - 29:02 से 30:40 + बजे तक- शुभ |

+ चिन्ह मध्य रात्रि के बाद का समय(अगला दिन)

- डॉ. प्रेम कुमार शर्मा - ज्योतिषाचार्य : 011-26449898, 09216141456

## आज के जोक

**रिंकू** (पिंकू से) : यार, मेरा इंटरव्यू लेटर आया है। जाऊं या न जाऊं, इसमें तुम्हारी राय क्या है?

**पिंकू :** मेरी तो यही राय है कि तुम्हारी मर्जी हो तो जाओ, न मर्जी हो न जाओ।

*****

**मुरारी लाल** (एक व्यक्ति से) : भाई साहब, आज तारीख क्या है?

**व्यक्ति :** भाई आप किसी और से पूछ लो, इस शहर में मैं आज ही आया हूं।

## केसरी सूडोकू- 409

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | | 2 | 7 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | 9 | |
| | 2 | | 4 | | | | | 1 |
| 5 | | | | | | | 4 | |
| | 3 | | 5 | 7 | 8 | | 1 | |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 9 | | | | | 2 | | 7 | |
| | 7 | 5 | | 1 | | | | 9 |
| 3 | 6 | | | | 5 | | | |

**हल करने का तरीका**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू 408 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 1 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 4 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 1 | 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |

# सरकार को मंगल के परिवर्तन से सावधान रहना होगा


8 नवंबर, 2015 को मंगल सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में प्रवेश कर गया है। यहां यह ग्रह 30 दिसंबर तक राहु के साथ युति करेगा जबकि 14 दिसंबर तक सूर्य-शनि की युति रहेगी। यह युतियां शुभ नहीं हैं, भाजपा की मिथुन लग्न की कुंडली में भी चतुर्थ भाव में राहु, मंगल, शुक्र की युति शुभ नहीं है। 8 नवंबर को कन्या राशि में आते ही मंगल ने भाजपा को अत्यधिक कष्ट में डाल दिया। कारण मिथुन लग्न के लिये मंगल पूर्ण अकारक ग्रह है। लाभ भाव एवं छठे भाव का स्वामी होकर राहु के साथ जनमानस स्थान पर जनमानस से पूर्ण कष्ट की स्थिति को उत्पन्न कर बैठा। आशा के विपरीत परिणाम आये। दिल्ली विधानसभा की पुनरावृत्ति हुई।

मैंने अपने पिछले लेखों में नरेंद्र मोदी को आगाह किया था कि अब नाम के आधार पर वोट नहीं मिलेगा बल्कि काम के आधार पर वोट प्राप्त होगा। जनसभा में भीड़ इकट्ठी होगी किंतु वोट में परिवर्तित नहीं होगी।

शनि की साढ़े साती का द्वितीय चरण है। मंगल की राशि में मंगल एवं चंद्रमा के साथ है, जिसका परिणाम यह होगा कि जनमानस में छवि गिरती जायेगी। ऐसे लोगों से दूर रहना होगा तथा उनकी सलाहों को नजरंदाज करना होगा जो शनि से प्रभावित हैं या जिनकी शनि की महादशा चल रही है जिससे उनको तो हानि नहीं होगी किंतु नरेंद्र मोदी का ग्राफ जनमानस में गिरता जायेगा। शनि के कारण ही नरेंद्र मोदी को अति आत्मविश्वास से बचना होगा, शनि के कारण ही सबको साथ लेकर चलने की स्थितियां बनानी होंगी, शनि-मंगल के कारण ही विदेशों में भी छवि को धक्का लगाने का असफल प्रयास होगा, परिणाम सामने है, विदेशों में छवि को धक्का लगाने हेतु देश में अहिष्णुता का प्रचार किया गया। ऐसे सहित्यकार सामने आये जिन्हें पिछले दशकों में असहिष्णुता नजर नहीं आयी। बिहार चुनाव सम्पन्न होते ही असहिष्णुता एकदम ठीक हो गई। अत: शनि के द्वितीय चरण तक नरेंद्र मोदी को अत्यधिक सावधानीपूर्वक वाणी पर विशेष ध्यान रखते हुए समय व्यतीत करना होगा। पूर्वाग्रह छोड़कर विशाल हृदय रखते हुए सहयोगियो को आगे लाना होगा क्योंकि शनि के कारण व्यक्तियों की पहचान कर आगे बढ़ना ही लाभदायक रहेगा। शनि ग्रह उदारता को अति महत्व देता है। गोचर में मंगल के कारण सरकार में आपसी खींचतान बढ़ेगी, जन नेताओं को वाक्‌युद्ध से बचना होगा अन्यथा जनमानस में सरकार की छवि पर धक्का लगने के भी योग बनेंगे। विदेशी कूटनीति से भी सावधानी मंगल के कारण रखनी होगी। पूर्व में मैंने पड़ोसी देशों विशेषकर पाकिस्तान, चीन से जीवन पर्यंत सावधान रहने हेतु लिखा था, नेपाल में ऐसे कूटनीतिज्ञों को जिनके ग्रह अति बलवान हों आगे लाना होगा, सरकार को ऐसे कार्य करने होंगे जिनका त्वरित लाभ जनमानस में दिखे। शनि के कारण सरकार को कृषि पर विशेष ध्यान देना होगा। भारत कृषि प्रधान देश है जिस कारण शनि ग्रह इसका प्रतिनिधित्व करता है। जब-जब कृषि - किसान की उपेक्षा हुई है, इनकी समस्याओं को नजरंदाज किया गया शनि का लाभ सरकारों को प्राप्त नहीं हुआ है जिस कारण सरकारों को पतन का रास्ता देखना पड़ा है। इस विषय पर नरेंद्र मोदी को विशेष ध्यान देना होगा जिससे शनि के दुष्परिणामों से कुछ हद तक बचा जा सके। इसी मंगल में दुर्घटना हिंसा आदि पर भी ध्यान देकर चलना होगा जिसके दूरगामी परिणाम विशेष लाभदायक होंगे। इसी मंगल के परिवर्तन से तथाकथित निरपेक्षतावादी दल पुन: संगठित होने का प्रयास करेंगे। राष्ट्रहित में होने वाले कार्यों को विपरीत रूप से प्रस्तुत कर सरकार की छवि को देश-विदेश में धूमिल करने का असफल प्रयास करेंगे। अत: यह समय अध्यात्म के साथ अति सावधानीपूर्वक व्यतीत करते हुए जनमानस से सीधे जुड़े कार्यों को संपादित कर आगे बढ़ने का है जिसका सीधा लाभ देश, दल एवं जनमानस को प्राप्त होगा।


● अनिल मिश्रा
09839980265

भारत वर्ष






गोचर भारतवर्ष




फिस्टुला के रोगियों में अब सर्जरी की जरूरत नहीं


Dr. S. K. Singh

प्रश्न : मुझे फिस्टुला की शिकायत दो वर्ष से है एक महीने पहले मैंने इसका ऑपरेशन करवाया था जख्म तो भर गया है, लेकिन अब गुदा के रास्ते पर पस (मवाद) आने लगी है, सुझाव दें।
उत्तर : सर्जरी कराने के बाद भी कई बार फिस्टुला (भगंदर) ठीक नहीं होता है। और इसके दुबारा होने की सम्भावना ऑप्रेशन के बाद भी लगभग 25 % रोगियों में बनी रहती है। और कई बार मल रोकने की ताकत भी प्रभावित हो जाती है। इसके विपरीत बिना सर्जरी के ग्रेडेड क्षार सूत्र चिकित्सा में यह परेशानियाँ नहीं होती है। इन्डियन कौंसिल आफ मेडिकल रिसर्च द्वारा AIIMS दिल्ली व PGI चन्डीगढ आदि चिकित्सा संस्थानों में किये गये वैज्ञानिक शोध से यह सिद्ध हो चुका है, कि आयुर्वेद क्षारसूत्र चिकित्सा भगन्दर के रोगियों में ऑप्रेशन से अधिक कारगार एवं आसान तकनीक है। ग्रेडेड क्षार सूत्र की सुविधा भारत में केवल सुश्रुत गुदा रोग अनुसंधान केन्द्र दिल्ली में ही उपलब्ध है।

गुदा रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस. के. सिंह, एम. एस. (आयुर्वेद),
*Gold Medalist *Arch of Excellance Award (Ayurveda) *Hakim Ajmal Khan Award for Best Ayurveda Surgeon
सुश्रुत गुदा रोग अनुसंधान केन्द्र,
(ISO - 9001 : 2000)
ए-3/97 सैक्टर-7, रोहिणी, दिल्ली-85
(Near Vatsalya Mandir, Sector 7 & 8 Dividing Road)
011-27053357, 011-47595537, 9810424324
Emergency No. : 9810159275
www.ayurcure.com
(अगली प्रश्नोत्तरी अगले शनिवार)

सुश्रुत गुदा रोग केन्द्र में ग्रेडेड क्षार सूत्र द्वारा बवासीर, भगंदर (फिस्टुला), फिशर, पिलोनिडलसाइनस का बिना ऑपरेशन इलाज किया जाता है।

रत्न विज्ञान

# संयुक्त रत्न के ढेरों लाभ

आज अनेक रत्न ऐसे हैं जिसे संयुक्त रत्नों में पहन कर मनोवांछित फल पाया जा सकता है। जन्म पत्रिकाओं एवं ग्रहों की स्थिति के अनुसार यदि संयुक्त रत्न धारण किए जाएं तो उत्तम लाभ पाया जा सकता है। ऐसे अनेक रत्न हैं जिन्हें संयुक्त रूप से पहना जा सकता है। ऐसे रत्नों में माणिक-पन्ना, मूंगा-मोती,



मूंगा-माणिक, मूंगा-पुखराज, पन्ना-नीलम, पन्ना-हीरा, पुखराज-मोती जैसे संयुक्त रत्नों को पहनना जातक के लिए लाभदायक होता है। इसके अतिरिक्त मूंगा-माणिक और पुखराज को साथ पहना जा सकता है। इन रत्नों को पहनने से नौकरी में पदोन्नति, वैवाहिक सुख शांति, आर्थिक लाभ, कर्ज से मुक्ति एवं अनेक शारीरिक और मानसिक परेशानियों से मुक्ति मिल सकती है। लेकिन कुछ ऐसे रत्न हैं जिसे साथ नहीं पहनना चाहिए अन्यथा इसके परिणाम दुखदायी हो सकते हैं। इन रत्नों में नीलम और माणिक, नीलम और मूंगा एवं हीरा और लहसुनियां को एक साथ धारण नहीं करना चाहिए। जातक को सलाह दी जाती है कि कोई रत्न पहनने से पहले जन्म पत्रिका और ग्रहों की दशा के आधार पर ही धारण करें। ●

# सूर्य मंत्र महामंत्र

सूर्य सभी ग्रहों का स्वामी है और सूर्य मंत्रोच्चारण के अनेक लाभ होते हैं। किसी भी मनुष्य को रोग व दोष दूर करने के लिए सूर्य के मंत्र का जाप करना चाहिए। इस मंत्र का जाप रविवार को करने से प्रभावकारी लाभ कर प्राप्ति होती है।

*ऊं ह्रीं घृणि: सूर्य आदित्य: क्लीं ऊं*



इस मंत्र का जाप सुख और सौभाग्य में वृद्धि के लिए किया जाता है। इस मंत्र की साधना के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं इनमें जिस दिन व्रत किया जाए उस दिन जातक को नमक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इसके अलावा स्नान करने के बाद तांबे के बर्तन में भी जल भरकर सूर्य की ओर मुख करके अर्ध्य देना चाहिए। इस मंत्र का जाप करने से मनुष्य निरोगी होता है, उसकी कीर्ति में वृद्धि होती है। ●

# रंगों से लाएं खुशहाली

घर जहां आपका बसेरा है, का रंग, पर्दे आदि बलदकर नया व अलग लुक देने का प्रयास किया जा सकता है। यदि हम इन सबको करने के लिए ज्योतिष व वास्तु का ध्यान रखें तो भाग्य में बुद्धि, धन संपदा में वृद्धि एवं घर में खुशहाली भी लाई जा सकती है।



घर का रंग रोगन पर्दे, फर्नीचर को बदलकर नया के दौरान इन सब बातों का ध्यान रखें तो घर में खुशहाली लाई जा सकती है, जिनका लाभ उठाकर आप उक्त फलों की प्राप्ति कर सकते हैं। ●

# 8 की ऐंठन में फंसी भाजपा

बिहार की जनता ने अपनी बाजीगरी दिखाकर सबको न केवल अचंभित कर दिया अपितु उन्होंने यह भी साबित कर दिया कि जिस देश की जनता दो जून रोटी के लिए संघर्ष कर रही है उनको चांद-तारे दिखाने के सपनों से पेट नहीं भरेगा। जनता ने ये भी दिखा दिया कि जिस गरीब को पेट भरने के लिए दाल या प्याज खरीदना मुश्किल है उसको डिजिटल इंडिया या अन्य बड़े-बड़े वादों से क्या मतलब? एक सामान्य सी बात है कि एक ही चीज को रोज खाने से व्यक्ति ऊब जाता है और यही बिहार में हुआ।


ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा के मार्केटिंग विशेषज्ञों ने इस बात पर गौर नहीं किया और मनोवैज्ञानिक तरीके से जिस प्रकार लोकसभा चुनावों में उन्होंने प्रचार किया उसी को बारम्बार दोहराते रहे। अत: उन्होंने दिल्ली में इसका सबक नहीं लिया। लाखों-करोड़ों की मदद से लेकर बड़े वादे और निम्न से निम्नतर भाषा का इस्तेमाल इस चुनाव में देखने को मिला और अंतत: जनता ने गहराई से इन सबके पीछे छिपे सच को पहचान लिया और स्थानीय नेताओं को अपनाकर प्रचंड बहुमत दिया। गोचर में शनि देव, मंगल की राशि वृश्चिक राशि जो इनकी नीच राशि है, जन्म के मंगल-चंद्र के साथ भ्रमण कर रहे हैं। दूसरा स्थान परिवार, वाणी, लाभ स्थान है जहां चंद्र-शनि विष योग बना रहा है। चतुर्थ यश, प्रतिष्ठा, जन-समर्थन का मालिक शनि-मंगल व चंद्र के साथ अस्त हो गया है, वहीं बारहवें स्थान में राहु का सूर्य पर का भ्रमण ग्रहण योग बना रहा है। दशाओं को अध्ययन करते हुए ऐसा स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि 29 अक्तूबर, 2015 से 8 नवंबर, 2015 तक चंद्र में, गुरु में राहु का सूक्ष्म अंतर चल रहा है और ठीक 8 नवंबर, 2015 को गुरु-राहु चांडाल योग, राहु-शनि के विष योग ने इनकी प्रतिष्ठा, ताकत, अहंकार को धराशायी कर दिया। दसम सत्ता स्थान का मालिक चंद्रमा यश, प्रतिष्ठा व कर्म क्षेत्र का मालिक शनि, चंद्र विष योग में चला गया जिसके कारण ये हानि का मुंह देखना पड़ा और वे भ्रम में रहे, अति आत्मविश्वास में रह गए क्योंकि मंगल, शनि व्यक्ति को अहंकारी बनाने के साथ जिद्दी, क्रूर, अनियंत्रित वाणी पैदा करता है। 20 फरवरी, 2016 से पूरे वर्ष शनि-मंगल द्वितीय मारक स्थान में भ्रमण करेंगे एवं मोदी की शपथ कुंडली भी तुला लग्न की है, जहां लग्न में शनि, राहु विराजमान हैं, वहीं गुरु, राहु चांडाल योग जनवरी से अगस्त तक व गोचर में 2 से 5 वक्री ग्रहों का भ्रमण अत्यंत ही अशुभ परिणाम दे सकते हैं, वहीं बारहवें स्थान में पाप ग्रहों का भ्रमण शत्रु, रोग, शारीरिक, मानसिक हानि कर सकता है। मोदी का जन्म अनुराधा नक्षत्र में हुआ व वर्तमान में मारक स्थान में शनि व मंगल का बार-बार भ्रमण अनुराधा नक्षत्र में हो रहा है जो अत्यंत ही अशुभ है। यह शारीरिक व शत्रु पीड़ा का सूचक है। अब अत्यंत ही रोचक योग देखिए मंगल का प्रभाव में पूरा चुनाव रहा और ग्रहों ने अपना प्रभाव दिखा दिया। मंगल यानि साहस, पराक्रम, योद्धा व शनि न्याय का देवता। 8 यानि वृश्चिक, मेष राशि दोनों राशियों का स्वामी मंगल। अब रोचक संयोग देखिए-

नरेंद्र मोदी : वृश्चिक राशि, प्राप्त सीटें 53, दोनों का योग 8
लालू प्रसाद : मेश राशि, स्वामी मंगल
आरजेडी को प्राप्त 80 सीटें यानि 8
नीतीश को प्राप्त 71 सीटें यानि 8
चुनाव परिणाम 8 नवंबर
नीतीश कुमार वृश्चिक राशि- 8

अब नीतिश कुमार की कुंडली में देखिए चंद्रमा षष्ठ भाव में वृश्चिक राशि (नीच राशि) में है, वहीं मोदी जी की कुंडली में चंद्रमा वृश्चिक राशि का द्वितीय भाव में है। अब ग्रह लीला देखिए नीतीश कुमार के गोचर कुंडली में शत्रु भाव में चंद्रमा पर शनि का भ्रमण ने शत्रु को परास्त कर दिया। दसवीं दृष्टि मित्र व पराक्रम पर शनि की है, अत: मित्र लालू ने साहस व पराक्रम के साथ महारथी को हरा डाला। चतुर्थ जो जनता व कीर्ति स्थान पर जन्म के शनि पर चलित में राहु ने प्रजा का विश्वास बनाए रखा, राहु की दसम स्थान व लग्न पर दृष्टि ने उन्हें पुन: सत्तारूढ़ करने के साथ उन्हें टिकाए रखा। ठीक विपरीत मोदी जी के द्वितीय वाणी स्थान पर जन्म के वृश्चिक राशि स्थित चंद्र व मंगल पर शनि के भ्रमण ने जहां वाणी के प्रभाव ने जनता में विश्वास पैदा किया लेकिन नवंबर 14 से शनि के आते ही उनकी बातों पर जनता ने भरोसा नहीं किया। इसको कहते हैं ग्रहों की शतरंज जो कब शै या मात दे दे, कोई नहीं जानता। कुल मिलाकर बिहार का यह चुनाव शनि-मंगल का दंगल था।


● व्यापक लोढा (9408600488)

नीतीश कुमार




राहु में, गुरु में शनि
22-6-15 to 9-11-15
सूक्ष्म गुरु दशा

नरेन्द्र मोदी




नरेन्द्र मोदी
29-10-15 to 8-11-15
चं गु गु राहु

# हर्ष और उल्लास का महापर्व छठ

भारतवर्ष में पर्वों की एक गौरवशाली परंपरा रही है। युगों से भारतीय जनता विभिन्न प्रकार के पर्व-त्यौहार मना रही है। हर धर्म को मानने वालों के अपने-अपने पर्व और त्यौहार हैं। ऐसे सभी त्यौहारों का इतिहास हमारी धार्मिक अथवा सांस्कृतिक भावनाओं से संबंधित है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह सामाजिक वातावरण में सुख-दु:ख का अनुभव करता है। खुशी का अनुभव करने के लिए विशेष अवसरों की खोज करता है और त्यौहार उन्हीं में से एक हैं। दीपावली, दशहरा, होली और रक्षाबंधन हमारे प्रमुख त्यौहार हैं, इन्हीं त्यौहारों में से एक प्रमुख त्यौहार है छठ। महाराष्ट्र का गणपति पूजा, गुजरात का गरबा, पंजाब का वैशाखी, असम का बिहू, केरल का ओणम, बंगाल का दुर्गा पूजा, इन त्यौहारों की तरह बिहार का छठ पूजा काफी लोकप्रिय है। छठ पर्व में डूबते व उगते हुए सूर्य की पूजा व आराधना की जाती है। धरती पर जीवन का आधार सूर्य है। भारतीय शास्त्रों के अनुसार सूर्य आत्मा है तो चंद्रमा बल है। सूर्य पृथ्वी के उत्तरी भूभाग पर करीब नब्बे प्रतिशत रहता है। शेष दक्षिण भाग में समुद्र है इसमें सूर्य उत्तर भाग से दूर होता है, ऐसे में उत्तर भाग के रहने वाले सूर्य को नमन व प्रणाम करते हैं कि वह अपनी कृपा हम पर बनाए रखें। छठ व्रत पौराणिक काल से ही चला आ रहा है। एक मान्यता के अनुसार महर्षि च्यवन की अस्वस्थता को देखकर उनकी युवा पत्नी सुकन्या ने सर्वप्रथम इस व्रत का शुभारंभ किया था। इस व्रत के प्रभाव से वृद्ध महर्षि पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गए थे। तब से आज तक यह व्रत परंपरा में प्रचलित है। विद्वानों का कहना है कि जो व्यक्ति लगातार बारह वर्षों तक सूर्य (छठ) व्रत करता है उसका असाध्य रोग भी ठीक हो जाता है। छठ पर्व को महिलाएं तथा पुरुष दोनों करते हैं।



इस पर्व के प्रारंभ होने के बहत्तर घंटे पूर्व नहा-खाकर एक रस्म के साथ व नियम से छठ व्रत की शुरूआत होती है। पहले ही दिन से महिलाएं शुद्ध जल से स्नान करने के बाद (नहाय-खाय) एक रस्म के साथ छठ पूजा नियम करने लगती हैं। इस दिन से घर के लोग व व्रतधारी महिलाएं छठ के नियम का विधिवत पालन करने लगते हैं। व्रत होने वाले घरों में सफाई-पुताई की जाती है। पूजा का प्रसाद बनाने के लिए घर का एक कमरा सुरक्षित किया जाता है। उसमें केवल व्रत रखने वाले परिजन व महिलाएं ही प्रसाद सामग्री रखने या निकालने के लिए जाती हैं। उसके बाद महिलाएं सादगी, सफाई व पवित्रता का पूरा-पूरा ख्याल रखती हैं। उनका सब कार्य परिवार के सदस्यों से अलग हो जाता है। वे अपना भोजन अलग पकाती हैं। बर्तन, चूल्हा अलग रखती हैं। व्रती जमीन पर ही सोती हैं तथा कंबल या कुश की चटाई जमीन पर बिछाकर ही सोती हैं। पहले दिन सेंधा नमक, घी से बना अखा चावल और कद्दू की सब्जी को प्रसाद के रूप में वे ग्रहण करती हैं। घर के सभी व्यक्ति व्रती के भोजन करने के उपरांत ही भोजन करते हैं। व्रत में स्वच्छता का बहुत महत्व होता है, जिसके चलते साफ-सफाई का पूरा-पूरा ध्यान रखा जाता है। पूजा में प्रयोग होने वाला खाद्य पदार्थ शुद्धता के मद्देनजर पकवान बनाने के लिए गेहूं को शुद्ध जल से धोकर छत पर या सुरक्षित स्थान पर सुखाया जाता है। सुखाते समय पूरा ध्यान रखा जाता है कि इसे कोई भी पशु-पक्षी या बच्चे जूठा न करें। उसके उपरांत साफ चक्की में गेहूं को पीसा जाता है। पिसे गेहूं के आटे से व्रती महिलाओं के पकवान जैसे पूड़ी, ठेकुआ तथा अन्य खाद्य सामग्री बनाई जाती है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उपासक महिलाएं निराजल व्रत यानि वह छत्तीस घंटा कुछ भी नहीं खा-पी सकती हैं।

पर्व के शुरू होने के दो दिन बाद व्रती महिलाएं शाम को घाट या पूजा स्थान पर डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य चढ़ाती हैं। व्रती महिलाएं किसी नदी या तालाब में बने घाट पर पानी में खड़े होकर पूजा विधि पूरा करती हैं तथा सूर्य की उपासना करती हैं। घाट पर छठी मैया की पूजा-अर्चना करती हैं और वेदी पर धूप-दीप व अन्य पूजा सामग्री अर्पण करती हैं।

दूसरे दिन सुबह घाट पर पूजा स्थान पर बहुत जल्दी पहुंचना अनिवार्य होता है। उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देने के लिए तड़के व्रतधारियों की भीड़ घाटों व पूजा स्थानों पर जुटनी शुरू हो जाती है। इस समय इन स्थानों पर अपना एक अलग ही दृश्य होता है। भक्तगण एक लाईन में खड़े होकर सूर्य के उगने का इंतजार करते हैं और जैसे ही सूर्य दिखाई पड़ता है सूर्य को अर्ध्य देने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इसके बाद व्रतधारी महिलाएं अन्न व जल को ग्रहण करती हैं। एक-दूसरे को प्रसाद बांटती हैं। इस प्रकार चार दिन तक चलने वाले छठ महापर्व का समापन होता है। ● रामप्रीत व्यास

# अपेंडिसाइटिस में ज्योतिष उपचार



अपेंडिक्स में पेट में जलन व दर्द की स्थिति ही अपेंडिसाइटिस कहलाती है। यह रोग किसी भी आयु में हो सकता है। उग्र अवस्था में यह पेट में ही फटकर जानलेवा सिद्ध हो सकता है। शल्य क्रिया द्वारा इसको बाहर निकाल देना ही एकमात्र उपाय माना गया है।

## ज्योतिषीय मत :

ज्योतिष शास्त्र की राय में मंगल ग्रह का पीड़ित होना इस रोग का मुख्य कारण है। कन्या, तुला व वृश्चिक राशियों में शनि-राहु के साथ मंगल की युति अपेंडिसाइटिस का कारण बनती है।

मेष, तुला व मकर लग्न के जातक इस रोग से अधिक पीड़ित देखे गए हैं।

## अनुभूत कारण :

जातकों की कुंडलियों में देखने में आया है कि वृश्चिक राशि में मंगल व शनि, राहु के साथ छठे भाव में मौजूद है, लग्नेश बुध अष्टम में सूर्य के साथ है। इसके अतिरिक्त लग्न पर मंगल की शत्रु दृष्टि हो तो भी अपेंडिक्स की आशंका होती है।

## ज्योतिषीय उपचार :

ऐसे जातक या रोगी को मंगलवार का व्रत करने के साथ ही मंगल की वस्तुओं का दान करना चाहिए। मंगलवार, शनिवार तथा यथासंभव रविवार को सुंदरकांड का पाठ और नियमित हनुमान चालीसा करना चाहिए।

हनुमान की विविध प्रकारेण आराधना बहुत लाभदायक मानी गई है। संध्याकाल और रात्रि में महामृत्युंजय मंत्र की माला रोजाना करनी चाहिए। इससे इस रोग में शांति मिलेगी। जिस जातक की कुंडली में ऐसा योग हो, उसे पहले से ही मंगल शांति व महामृत्युंजय मंत्र की माला का संकल्प ले लेना चाहिए। इससे रोग के कारण ही समाप्त हो जाएंगे। ●